**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 23.0 |
| डालटनगंज | 31.4 | 24.9 |
| धनबाद | 30.4 | 26.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 02 अगस्त 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 116 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

## ब्रीफ न्यूज

### शाहरुख-विक्रांत बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस रानी

**नयी दिल्ली।** 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का एलान हो गया है. शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का एलान किया गया है. इसमें शाहरुख खान को भी पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार फिल्म 'जवान' के लिए मिला है. शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी '12वीं फेल' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है. वहीं, रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है. यह उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है. कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है. फिल्म 'कटहल' में सान्या मल्होत्रा, विजय राज और अनंत जोशी जैसे सितारे नजर आए थे.

### जनरल पुष्पेंद्र सिंह बने उप सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने शुक्रवार को उप सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया. उन्हें यह नियुक्ति निवर्तमान उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि की 39 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर मिली है.

### भारी बारिश के कारण रुकी अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** भारी बारिश के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक रोक गई है. यात्रा के मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जा रहे हैं. शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी गई.

### शिकायत पर स्पर्श पोर्टल करता है कार्रवाई : सेठ

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि सेनाओं में काम करने वाले पेंशनभोगियों से भेदभाव नहीं किया जाता. उन्हें नियमानुसार दस्तावेज़ों के आधार पर पेंशन दी जाती है. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के जयप्रकाश द्वारा पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही. मंत्री ने कहा कि स्पर्श पोर्टल पर पेश किए गए दस्तावेजों अथवा विभाग के पास उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाती है.

### सांसद कंगना रनौत को हाईकोर्ट से झटका

**चंडीगढ़।** हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. कंगना की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की कोर्ट में उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी.

### ट्रेन की दो बोगियां हुईं बेपटरी, कोई हताहत नहीं

**कानपुर।** कानपुर के भाऊपुर यार्ड के पास मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण की दो बोगियां पटरी से उतर गई. शुक्रवार को शाम 16.20 बजे इंजन से छठा और सातवां डिब्बा पटरी से उतर गया. इस हादसे में अभी तक किसी भी तरह की कोई हताहत की खबर सामने नहीं आई है.

### बिहार में वोटर लिस्ट ड्राफ्ट आया, संसद के दोनों सदनों में बढ़ा संग्राम, कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

# चुनाव आयोग वोटों की चोरी में शामिल, हमारे पास एटम बम : राहुल गांधी

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

संसद का मॉनसून सत्र बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर पूरी तरह से धुलता दिख रहा है. ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़ दें तो संसद में कामकाज पूरी तरह से ठप है. शुक्रवार को लगातार नौवें दिन विपक्षी सांसदों ने एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन किया. संसद के अंदर भी यह विरोध प्रदर्शन जारी रहा और कार्यवाही फिर ठप हो गई. बिहार में शुक्रवार को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी होने के बीच सियासी संग्राम और तेज हो गया है. मॉनसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी और शुक्रवार को सदन की कार्यवाही का 10वां दिन है. सदन में इस दौरान केवल दो दिन, मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल निर्बाध तरीके से पूरा चला. सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी सांविधिक संकल्प को मंजूरी के अलावा अन्य कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका.

इस बीच, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी में शामिल है और हमारे पास इसके सबूत भी हैं. संसद परिसर में शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले में ये बात कही. राहुल गांधी ने कहा कि 'हमारे पास इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है. जल्द ही पूरे देश को इसके बारे में पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है. हमें मध्य प्रदेश, लोकसभा चुनाव में हमें शक था और महाराष्ट्र में वो थोड़ा आगे गया. एक करोड़ मतदाता जोड़े गए थे. इसके बाद हमने अपनी ही जांच की और उस जांच में जो मिला है, वो एटम बम है.' राहुल गांधी ने कहा कि 'मैं पूरी गंभीरता से बोल रहा हूं कि ऊपर से नीचे तक जो भी इस काम में शामिल है, हम आपको नहीं छोड़ेंगे. आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है. आप कहीं भी हों, भले ही आप सेवानिवृत्त हों, हम आपको ढूंढ निकालेंगे.'

### स्पीकर ओम बिरला से मिले राहुल गांधी व प्रियंका गांधी

राज्यसभा में उप सभापति ने विपक्ष की चर्चा की मांग यह कहते हुए खारिज कर दी कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इस पर चर्चा संभव नहीं है. इस बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के बाकी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की. सूत्रों के मुताबिक विपक्षी सांसदों ने स्पीकर से संसद के दोनों सदनों में एसआईआर पर चर्चा करने की मांग की.

**सरकार-विपक्ष में आर-पार :** एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष और सरकार के बीच आर-पार का सीन बन गया है. राज्यसभा में जिस तरह उप सभापति ने इसे न्यायालय में विचाराधीन मुद्दा बताया, उसे यह लग रहा है कि इस मुद्दे पर चर्चा शायद ही हो पाए. विपक्ष और सरकार की इस तकरार में संसद में काम अटके हुए हैं. शुक्रवार को विपक्ष की तरफ से 15 नोटिस दिए गए थे, जिसे उप सभापति ने स्वीकार नहीं किया. उन्होंने 2022 की रूलिंग का हवाला देते हुए सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए. राज्यसभा में मनोज झा ने एसआईआर पर चर्चा की मांग को उठाया, लेकिन उप सभापति हरिवंश ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है. यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है. मैं इस पर चर्चा नहीं दे सकता हूं. मॉनसून सत्र में 15 बिल पेश किए जाने हैं. इनमें आठ नए बिल हैं और 7 पेंडिंग हैं. शुक्रवार को लोकसभा में तीन बिल पेश किए जाने थे.

**लोकसभा में हंगामा, बिरला की नसीहत :** लोकसभा में शुक्रवार को हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों को नसीहत देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए. शुक्रवार को भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे. वे सदन में इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहे हैं. उनके हंगामे के कारण बैठक कुछ ही मिनट में दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल नहीं चल सका.

### चुनाव आयोग बोला-वोट चोरी जैसे बयान को करें नजरअंदाज

इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले बयान पर चुनाव आयोग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों पर ध्यान न दें और पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें. चुनाव आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोप आजकल रोजाना लगाए जाते हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं होता. ऐसे में अधिकारियों को चाहिए कि वे इन बयानों से प्रभावित हुए बिना, ईमानदारी से चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दें.

**चुनाव आयोग का राहुल गांधी को जवाब :** चुनाव आयोग उन्हें 12 जून 2025 को एक मेल भेजा. वह नहीं आए. चुनाव आयोग उन्हें 12 जून 2025 को एक पत्र भेजा, लेकिन वो जवाब नहीं देते. उन्होंने कभी भी किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा. यह अजीब है कि वह बेतुके आरोप लगा रहे हैं और अब आयोग और उसके कर्मचारियों को धमकाना भी शुरू कर दिया है. निंदनीय! चुनाव आयोग ऐसे सभी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करता है और अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करते रहने का अनुरोध करता है.

### धनबाद आईआईटी आईएसएम के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# अपनी निजी सफलता का देश के हित में करें उपयोग

**अमित सिन्हा। धनबाद**

आईआईटी (आईएसएम) ने बीते करीब 100 वर्षों में खनन और भूविज्ञान के क्षेत्र से आगे बढ़ते हुए शिक्षा और शोध का एक बड़ा केंद्र बना लिया है. यहां शिक्षा और नवाचार को समाज की ज़रूरतों से जोड़ने का प्रयास किया गया है.आज देश और दुनिया जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी, डिजिटल बदलाव और सामाजिक असमानता जैसी कई चुनौतियों से जूझ रही है. ऐसे समय में आईआईटी (आईएसएम) जैसे संस्थानों की भूमिका और भी बढ़ जाती जाती है. अपनी पढ़ाई को सिर्फ निजी सफलता तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के विकास और देशहित में उसका उपयोग करें. उक्त बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईआईटी आईएसएम धनबाद में कही. वे आईआईटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहीं थीं. समारोह संस्थान के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित किया गया. उन्होंने यह भी कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका मानव संसाधन है और तकनीकी शिक्षा व डिजिटल स्किल्स के ज़रिए देश आगे बढ़ रहा है. नवाचार, स्टार्टअप्स और पेटेंट कल्चर को बढ़ावा देने की बात कही और पढ़ाई में इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच अपनाने पर ज़ोर दिया.

**निदेशक ने प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट :** समारोह की शुरुआत में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन प्रो. प्रेम व्रत ने राष्ट्रपति का स्वागत और सम्मान किया. संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें संस्थान की शैक्षणिक, शोध और सामाजिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया.आईआईटी (आईएसएम) धनबाद का यह दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए यादगार रहा, बल्कि संस्थान की 100 वर्षों की उपलब्धियों और आगे के विकास के संकल्प का प्रतीक भी बना.

**37 गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राओं को मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं**



**1,880 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में दी गई डिग्रियां**

राष्ट्रपति ने कहा कि अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ब्राइट यंग माइंड को मार्गदर्शन देने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए. जलवायु परिवर्तन सहित अन्य समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने की जरूरत है. तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है. इस विकास में आईआईटी संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. भारत की सबसे बड़ी शक्ति विशाल मानव संसाधन है. देश की शिक्षा प्रणाली को और अधिक व्यवहारिक बनाने के साथ नवाचार केंद्रित और इंडस्ट्रीज फ्रेंडली होना चाहिए, जिससे देश के युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी.

**स्टार्टअप और पेटेंट कल्चर को देना होगा बढ़ावा :** विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा के लिए स्टार्टअप और पेटेंट कल्चर को बढ़ावा देना होगा. उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान को निजी उन्नति तक सीमित न रखें. इसका उपयोग जनहित के लिए करें. आपने जो शिक्षा प्राप्त की, आपके उद्देश्यों को उन्नत बनाएगा. यह मानवता की सेवा करने के लिए सशक्त भी बनाएगा.

**शिक्षा सिर्फ तकनीकी उत्कृष्टता तक सीमित न हो :** राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सिर्फ तकनीकी उत्कृष्टता तक सीमित न रहे. राष्ट्र निर्माण से भी जुड़ा होना चाहिए. किसी भी राष्ट्र का विकास उसके सभी वर्गों और क्षेत्र के लोगों के विकास में निहित है. विकास यात्रा में कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं छूटना चाहिए. आईआईटी-आईएसएम देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. बता दें कि दीक्षांत समारोह के दौरान आईआईटी (आइएसएम) के कुल 1880 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। जिसमें 37 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल, 35 छात्र-छात्राओं को सिल्वर मेडल और 21 छात्र-छात्राओं को अन्य पुरस्कार दिए गए.

### शिक्षा को और समावेशी बनाने की जरूरत : राज्यपाल संतोष गंगवार

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आईआईटी ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है. उन्होंने ऊर्जा, पर्यावरण और खनिज संसाधनों के संतुलित प्रबंधन की दिशा में संस्थान की भूमिका को अहम बताया और शिक्षा को समावेशी बनाने की ज़रूरत पर बल दिया.

### नौकरियां देने वाले बनें: केंद्रीय शिक्षा मंत्री

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों की शिक्षा यात्रा का एक अहम पड़ाव है. उन्होंने छात्रों से कहा कि वे नौकरियां ढूंढ़ने वाले नहीं, बल्कि नौकरियां देने वाले बनने की कोशिश करनी होगी. उन्होंने संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना करते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से चल रहे ट्राइबल वेलफेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का ज़िक्र किया, जो देशभर के एकलव्य मॉडल स्कूलों के छात्रों को डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षण दे रहा है. झारखंड के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और संस्थान की देश के खनिज संसाधनों के क्षेत्र में की गई सेवाओं की सराहना की.

**मुस्तैद रहा महकमा :** राष्ट्रपति के दौरान धनबाद प्रशासन मुस्तैद रहा. हेलीपैड से लेकर उनके गुजरने वाले हर रास्ते पर पुलिस बलों की तैनाती रही. राष्ट्रपति का डीसी आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार समेत वरीय अफसरों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. यातायात व्यवस्था में भी बदलाव हुए थे.

### उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तारीखों का हो गया ऐलान

# 9 सितंबर को वोट, नतीजा भी उसी दिन

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे. उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी. नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे. जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है. इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं. इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए रखने का अधिकार है.

### चुनाव कार्यक्रम इस प्रकार होंगे

- चुनाव आयोग 7 अगस्त को चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करेगा.
- नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है.
- नामांकनों की जांच 22 अगस्त को होगी.
- उम्मीदवार अपना नाम 25 अगस्त तक वापस ले सकते हैं.
- मतदान (यदि आवश्यक हो) 09 सितंबर को होगा.
- मतदान सुबह 10 .00 बजे से शाम 05 .00 बजे तक होगा.
- मतगणना (यदि आवश्यक हो) 09 सितंबर को होगी.

### धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था, जबकि दो साल से ज्यादा समय बचा था

इससे पहले धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था. उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे में लिखा, 'स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं.'

**नए उपराष्ट्रपति के पास पूरे पांच साल का कार्यकाल :** धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी. हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय.

### राजनीतिक दलों का गणित

लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है. सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें. सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है. संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा.

### गुरु जी की स्थिति ठीक नहीं, हेमंत फिर गए दिल्ली

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के साथ ही शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन फिर दिल्ली वापस लौट गए. दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत बहुत ठीक नहीं बताई जा रही.



उनके स्वास्थ्य में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है. ये जानकारी मिलते ही सीएम सत्र के पहले दिन विस की कार्यवाही में भाग लेने के बाद दिल्ली चले गए. बता दें कि हेमंत 30 जुलाई को ही दिल्ली से रांची आए थे. वह गुरु जी की देखभाल और चिकित्सा जरूरत को पूरा करने के लिए 24 जून से लगातार दिल्ली में रह रहे हैं. बीच-बीच में वह एक दो दिनों के लिए ही रांची आ पाए हैं.

### ट्रंप की जुर्माने वाली धमकी पर बोला विदेश मंत्रालय

# समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला पार्टनर है रूस

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**


विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के तीखे हमलों के बाद भारत-रूस संबंधों में किसी भी तरह के तनाव की बात को खारिज कर दिया.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अलग-अलग देशों के साथ हमारे संबंध अपनी शर्तों पर हैं और इसे तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा, भारत और रूस एक स्थिर और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाले दोस्त हैं. जायसवाल ने कहा, हमारी रक्षा जरूरतें पूरी तरह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों और रणनीतिक आकलन से तय होती हैं. उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी ने बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है. ट्रंप के डेड इकोनॉमी वाले बयान पर रणधीर ने कहा, हम उस ठोस एजेंडे पर ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए भारत- अमेरिका प्रतिबद्ध हैं. हमें भरोसा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध आगे बढ़ते रहेंगे. ईरान से व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों पर हमने प्रतिबंधों पर ध्यान दिया है, हम इस पर विचार कर रहे हैं.

### भाषा ज्ञान : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संस्कृत को संवाद की भाषा बनाना जरूरी

# समझना ही नहीं, बोलना भी चाहिए, हर घर पहुंचाना होगा

**एजेंसियां। नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जड़ संस्कृत है और अब समय आ गया है कि इसे संवाद की भाषा बनाया जाए. नागपुर के कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए. भागवत ने आगे कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही, लेकिन असली जरूरत जनसहयोग की है. उन्होंने माना कि उन्होंने स्वयं भी संस्कृत सीखी है, लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे संवाद का माध्यम बनाना पड़ेगा.



### आत्मनिर्भरता के लिए बौद्धिक विकास जरूरी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने यह भी कहा कि आज देश में आत्मनिर्भर बनने की भावना पर आम सहमति है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को विकसित करना होगा. उन्होंने कहा कि भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि 'भाव' होती है और हमारी असली पहचान भी भाषा से ही जुड़ी होती है.

**संस्कृत जानना मतलब भारत को समझना :** मोहन भागवत ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और चेतना की वाहक है. उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति संस्कृत जानता है, वह भारत को गहराई से समझ सकता है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि स्वत्व यानी आत्मबोध कोई भौतिक चीज नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है, और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम जरूरी है.

**अभिनव भारती भवन का उद्घाटन :** इस मौके पर मोहन भागवत ने कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में 'अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन' का उद्घाटन किया. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान न केवल संस्कृत भाषा को जीवंत बनाए रखेगा, बल्कि इसे रोजमर्रा की बोलचाल की भाषा बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा. मोहन भागवत का यह संदेश सिर्फ एक भाषण नहीं, बल्कि एक आह्वान है कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनः जागृत करने के लिए संस्कृत को आम जीवन में अपनाना आवश्यक है. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है.

### अदालत में जज का फैसला सुनते ही रोने लगा पूर्व जेडीएस सांसद

# प्रज्वल रेवन्ना रेप केस में दोषी करार

**एजेंसियां। बेंगलुरु**

जनता दल (सेकुलर) के निष्कासित नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को हसन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित एक फार्महाउस में घरेलू कामगार से बलात्कार के मामले में बेंगलुरु स्थित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को दोषी ठहराया है. कोर्ट ने जैस ही पूर्व हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ फैसला सुनाया, तो वह कोर्ट में ही भावुक हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे. यह फैसला एफआईआर दर्ज होने के महज 14 महीने बाद सुनाया गया है. वहीं कोर्ट सजा की अवधि का ऐलान 2 अगस्त को करने वाला है.

रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. उसने रेवन्ना पर 2021 से बार-बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया था. इससे पहले 18 जुलाई को मामले की सुनवाई पूरी करने वाली अदालत ने कुछ स्पष्टीकरणों का हवाला देते हुए 30 जुलाई को फैसला टाल दिया था.



### पूर्व पीएम देवेगौड़ा के पोते हैं प्रज्वल

पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं. उन पर यौन हिंसा और बलात्कार के चार अलग-अलग मामलों में गंभीर आरोप लगे हैं. 28 अप्रैल से 10 जून 2024 के बीच 4 एफआईआर दर्ज की जा चुकी थीं. ये मामले होलेनरसीपुरा पुलिस स्टेशन, हासन जिले में दर्ज किए गए थे. 2 साइबर क्राइम मामलों में से एक मामला सीआईडी के अधीन साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था. वीडियो विवाद मामले में एक कथित अश्लील वीडियो सामने आया, जिसे लेकर अदालत ने तकनीकी स्पष्टीकरण मांगा था.

### एसआईआर और अटल क्लीनिक का नाम बदलने को लेकर सियासत गरम

# सदन में दोनों पक्ष अपने-अपने मुद्दों पर देंगे जोर


**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक किए जाने को लेकर विधानसभा मानसून सत्र की शुरुआत से ही सियासी घमासान तेज हो गया है. विपक्षी दलों ने इसे तुष्टिकरण और लोकतंत्र के खिलाफ बताया है, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं ने इसे आवश्यक प्रक्रिया करार दिया. बिहार में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर झारखंड की सियासत गर्म हो गई है. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखे. सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 4 अगस्त को सदन के भीतर और बाहर विरोध करने का ऐलान किया है. स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एसआईआर पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि इसके माध्यम से मुस्लिम, आदिवासी और दलित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि बिहार हमारा है और भाजपा जानती है कि ये समुदाय उसका वोट बैंक नहीं हैं, इसलिए उन्हें सूची से हटाने की कोशिश हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने सदन में विरोध प्रदर्शन के साथ-साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने की भी बात कही.

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भी एसआईआर की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए. उन्होंने राहुल गांधी का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी की बातें सच साबित हो रही हैं और केंद्र सरकार बार-बार यू-टर्न ले रही है. उन्होंने एसआईआर को 'वोट रोकने की कोशिश' करार दिया और कहा कि इसे सफल नहीं होने दिया जाएगा.

#### जदयू विधायक सरयू राय ने एसआईआर का किया समर्थन




जदयू विधायक सरयू राय ने एसआईआर का विरोध बेमानी और बेतुका बताया. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और उसे मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अधिकार है. उन्होंने सुझाव दिया कि राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर प्रक्रिया पर नजर रखनी चाहिए और यदि कोई त्रुटि हो तो ड्राफ्ट के बाद सुधार का विकल्प भी खुला है. सरयू राय ने विपक्ष के विरोध को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सभी दलों को चुनाव आयोग के इस प्रयास में सहयोग करना चाहिए, ताकि मतदाता सूची अधिक पारदर्शी और अद्यतन हो सके.

#### अब सरकार अटल जी का नाम बर्दाश्त नहीं कर पा रही : मरांडी



नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे राष्ट्रनिर्माता के नाम पर शुरू की गई योजना का नाम बदलना सरकार की राजनीतिक गुंडागर्दी है. उन्होंने कहा कि यह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है कि सरकार अटल जी के नाम तक को बर्दाश्त नहीं कर पा रही.

#### एसआईआर जरूरी है: चंपाई सोरेन



भाजपा विधायक चंपई सोरेन ने एसआईआर का समर्थन करते हुए कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण जरूरी है. हालांकि उन्होंने भी सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने को गलत ठहराया और कहा कि भाजपा इस मुद्दे को सदन में जोरदार तरीके से उठाएगी. उन्होंने संथाल में अपनी चुप्पी पर कहा कि कभी-कभी चुप्पी के भी बड़े मायने होते हैं. साथ ही दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की.

#### एसआईआर से भाजपा की जमीन खिसक जाएगी : राजेश कच्छप



वहीं कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने पलटवार करते हुए कहा कि एसआईआर भाजपा की हार को टालने की साजिश है. उन्होंने कहा कि जब आधार सभी जगह मान्य है, तो एसआईआर में क्यों नहीं? एसआईआर हुआ तो भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सीपी सिंह अपनी सीट हार जाएंगे. उन्होंने इसे डेमोग्राफी के नाम पर वोटर हटाने की रणनीति बताया.

#### एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस की मंशा संदिग्ध : नवीन जायसवाल



भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने एसआईआर का विरोध करने वाले विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोटों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है. उन्होंने कहा कि जिनके नाम छूट गए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने सूची में नाम जोड़ने के लिए एक महीने का समय भी दिया है.

---

### झारखंड विस का मानसून सत्र शुरू, मुख्यमंत्री ने अध्यक्ष का किया अभिवादन

# 4 अगस्त को अनुपूरक बजट

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को शुरू हो चुका है. मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को संबोधित किया और सदन की कार्यवाही के बारे में बताया. अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने विधानसभा में अपने संबोधिन के दौरान बताया कि यह सत्र 1 से 7 अगस्त तक आहूत है, जिसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे. 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. अध्यक्ष ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बीते करीब एक माह से अस्वस्थ्य होने का जिक्र भी किया। साथ ही उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की. उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का इस राज्य के प्रति भूमिका और योगदान किसी से छुपा हुआ नहीं है. अंत में शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही 4 अगस्त, सोमवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. इससे पहले षष्ठम विधानसभा के तृतीय मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा स्थित अध्यक्ष के कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया. वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव (मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग) वंदना दादेल और झारखंड विधान सभा प्रभारी सचिव माणिक लाल हेंब्रम ने किया.

**कार्यमंत्रणा समिति** कार्यमंत्रणा समिति के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो होंगे, जबकि सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेता प्रति पक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सरयू राय, निरल पूर्ति और अरूप चटर्जी को शामिल किया गया है. कार्यमंत्रणा समिति की घोषणा होने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सदन में अपनी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है. समिति में सभी विधायक दल के नेता को पदेन सदस्य बनाना चाहिए, पर आमंत्रित सदस्य बनाया गया है. इस पर अध्यक्ष ने इसे लेकर विचार करने की बात कही.

**विशेष आमंत्रित सदस्यः** विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विधायक दीपक बिरूआ, मथुरा महतो, सीपी सिंह, स्टीफन मरांडी, प्रदीप यादव, सुरेश पासवान, नवीन जायसवाल, जर्नादन पासवान, बसंत सोरेन, नीरा यादव, कल्पना सोरेन मुर्मू, निर्मल महतो और जयराम महतो को शामिल किया गया है.





#### यह सदन बहस का स्थल नहीं, बल्कि जनआकांक्षाओं का प्रतीक : विधानसभा अध्यक्ष

मॉनसून सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि यह सदन बहस का स्थल नहीं, बल्कि जनआकांक्षाओं का प्रतीक है. आमजन की आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र की महान परंपरा का आंगन है। लोकतंत्र शासन प्रणाली जन आस्था का प्रतीक है. सदन में पेश किए जाने वाले विधेयकों पर रचनात्मक, गंभीर और सार्थक चर्चा होगी.

#### सदन में सभापतियों के नाम की घोषणा

विधासभा अध्यक्ष ने मॉनसून सत्र के लिए सदन में सभापतियों के नामों की घोषणा की. इसमें स्टीफन मरांडी, सीपी सिंह, निरल पूर्ति, रामचंद्र सिंह और नीरा यादव शामिल हैं.

### विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये जाने पर यादव ने जताई थी आपत्ति

## प्रदीप व राजेश बने कार्यमंत्रणा समिति के पदेन सदस्य

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप को अब पदेन सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया है. पहले प्रदीप यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया था, जिस पर उन्होंने सदन में आपत्ति जताई थी. यादव ने कहा था कि कांग्रेस सदन की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और ऐसे में पार्टी नेता को पदेन सदस्य बनाया जाना चाहिए. इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने विचार का आश्वासन दिया था. अब समिति में बदलाव करते हुए दोनों नेताओं को पदेन सदस्य का दर्जा दिया गया है. गौरतलब है कि कार्यमंत्रणा समिति विधानसभा की कार्यवाही के संचालन में अहम भूमिका निभाती है. किसी विषय पर चर्चा तय करने, कार्यदिवस में बदलाव करने या गतिरोध सुलझाने जैसे मामलों में इस समिति की सहमति आवश्यक होती है.

### 8 जिला खेल पदाधिकारियों का तबादला

## विभाग ने जारी की अधिसूचना

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने राज्य के आठ जिला खेल पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है. यह फैसला विभागीय स्थापना समिति की अनुशंसा और मंत्री की मंजूरी के बाद लिया गया.सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है.

#### जानिए कौन कहां थे, कहां भेजे गए

- **रूपा रानी तिर्की** : पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) से स्थानांतरित हो पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में होंगी.
- **मार्कस हेम्ब्रोम** : रामगढ़ से स्थानांतरित कर अब पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) भेजे गए हैं.
- **संजीत कुमार** : लातेहार से स्थानांतरित होकर अब रामगढ़ में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी होंगे.
- **अविनेश कुमार त्रिपाठी** : पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से स्थानांतरित हो लातेहार में पदभार संभालेंगे.
- **प्रवीण कुमार** : सिमडेगा से स्थानांतरित होकर गुमला में नियुक्त किए गए हैं.
- **मनोज कुमार** : गुमला से स्थानांतरित होकर अब सिमडेगा में जिम्मेदारी संभालेंगे.
- **कैलाश राम** : कोडरमा से स्थानांतरित होकर चतरा भेजे गए हैं.
- **तुषार रथ** : चतरा से स्थानांतरित होकर अब कोडरमा में जिला खेल पदाधिकारी होंगे.

## लैंड स्कैम मामले में अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**शुभम संदेश। रांची**

सेना की जमीन की फर्जी खरीद-बिक्री से जुड़े चर्चित लैंड स्कैम मामले में आरोपी बिजनेसमैन अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को उन्हें जमानत दे दी, जिससे अब वह जेल से बाहर आ सकेंगे. इससे पहले जिन अन्य मामलों में उन्हें गिरफ्तार किया गया था, उन सभी में उन्हें पहले ही बेल मिल चुकी थी. हालांकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अमित अग्रवाल को अस्थायी राहत जरूर मिली है, लेकिन मामला अभी न्यायिक प्रक्रिया में है और जांच जारी है.

**ईडी के केस नंबर 18/2022 से जुड़ा है मामला :** जिस केस में उन्हें जमानत मिली है, वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कांड संख्या 18/2022 से जुड़ा हुआ है. इस मामले में अमित अग्रवाल के अलावा कई अन्य आरोपी भी हैं, जिनमें पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं. यह मामला सेना की जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कब्जा करने और फिर उसे अवैध रूप से बेचने से संबंधित है.

#### हाईकोर्ट से झटका सुप्रीम कोर्ट से राहत

अप्रैल 2025 में झारखंड हाईकोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अब उन्हें वहां से राहत मिल गई है.

---

## एएसजी नेत्र चिकित्सालय, रांची के डॉ जयंत को मिला अंतरराष्ट्रीय ऑनर अवार्ड

**शुभम संदेश। रांची**



अमेरिका के रेटीना सोसाइटी ने रांची के एएसजी नेत्र चिकित्सालय के डॉ जयंत को अंतरराष्ट्रीय ऑनर अवार्ड से सम्मानित किया है. अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेटीना स्पेशलिस्टस के वार्षिक सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड दिया गया. डॉ जयंत इस अवार्ड को पाने वाले झारखंड के पहले रेटीना सर्जन व देश के गिने-चुने सर्जनों में से एक बन गए. उन्होंने बताया कि उन्हें यह अवार्ड उनके रेटीना सर्जरी के क्षेत्र में झारखंड में किए जा रहे उच्चतम कार्यों के लिए दिया गया, जिन्हें प्रत्येक वर्ष वार्षिक सम्मेलन में सराहना मिली है. उन्होंने बताया कि डायबिटिक रेटिनोपैथी, रेटिनल डिटैचमेंट, स्क्लेरल फिक्सेटेड लेंस एवं मैक्यूलर होल पर उनके द्वारा किए गए जटिल कार्यों से अमेरिकन सोसाइटी प्रभावित हुई है.

इस वर्ष डॉ जयंत के सहयोगी रेटीना सर्जन डॉ प्रांशु गोयल भी कैलिफोर्निया के कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित हुए एवं झारखंड में किए जा रहे कार्यों को उन्होंने प्रस्तुत किया. डॉ जयंत एवं डॉ प्रांशु ने कुल 10 वैज्ञानिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें कुछ आधुनिक विधि द्वारा रचनात्मक तरीकों से किए गए कार्य भी सम्मिलित हैं. इस वार्षिक सम्मेलन में विश्व भर से करीब 1000 विख्यात रेटीना सर्जनों ने भाग लिया और इस क्षेत्र में हो रहे सबसे अत्याधुनिक शोध से रु-ब-रु किया.

## शराब घोटालाः प्रिज्म के एमडी विधु गुप्ता की बेल पर कोर्ट ने एसीबी से मांगी डायरी

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा गिरफ्तार विधु गुप्ता की जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई. शुक्रवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. कोर्ट अब इस मामले में 11 अगस्त को सुनवाई करेगा. बीते बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था. विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं. एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है. यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है. कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में ₹अवैध जनशक्ति मॉडल₹ के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था. इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई. सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया.

### 14वीं जेपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू

## विभागों से मांगी गईं रिक्तियां

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में 14वीं जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया राज्य सरकार ने प्रारंभ कर दी है. इस दिशा में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने सभी सरकारी विभागों को पत्र लिखकर जल्द से जल्द रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है. विभागों से प्राप्त रिक्तियों के आधार पर ही जेपीएससी को परीक्षा आयोजन के लिए अधियाचन भेजा जाता है, जिसमें राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा, राज्य वित्त सेवा, राज्य सूचना सेवा सहित अन्य सेवाओं के पद शामिल होते हैं.

गौरतलब है कि जेपीएससी परीक्षाओं का इतिहास विवादों से घिरा रहा है. हाल ही में 11वीं से 13वीं जेपीएससी संयुक्त परीक्षा का परिणाम 25 जुलाई को जारी किया गया, जिसमें कुल 342 रिक्तियों पर नियुक्ति की गई. यह तीन वर्षों की संयुक्त परीक्षा थी, जिसे लेकर कई स्तरों पर आरोप-प्रत्यारोप हुए. वहीं, अब 14वीं जेपीएससी परीक्षा की तैयारी के क्रम में यह संकेत मिल रहे हैं कि इस बार रिक्तियों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो सकती है. सूत्रों के अनुसार, रिक्त पदों की कुल संख्या 200 से नीचे रह सकती है.

#### 25 वर्षों में केवल 13 परीक्षाएं

झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ था. लेकिन राज्य गठन के 25 वर्षों में जेपीएससी अब तक केवल 13 संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित कर सका है. लगभग हर परीक्षा में किसी न किसी कारण से विवाद खड़ा हुआ है और कई बार मामला उच्च न्यायालय तक भी पहुंचा. यही कारण है कि सरकार अब जेपीएससी परीक्षाओं को नियमित करने के लिए अधिक तत्परता के साथ कार्य कर रही है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को समय पर अवसर मिल सके.

---

### झारखंड अभिभावक संघ ने सीएम को मेल से भेजा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी

- स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति चिंताजनक, संघ ने उठाई तत्काल सुधार की मांग

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड में मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर झारखंड अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है. संघ ने मेल से भेजे गए इस ज्ञापन में स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई है और इसे सुधारने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूलों की योजना भले ही अत्याधुनिक और दूरदर्शी हो, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के कारण इन स्कूलों की पढ़ाई की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अच्छी है, पर ज़मीनी स्तर पर स्कूल संसाधन और स्टाफ की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं.

संघ ने ज्ञापन में विषयवार नियमित शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति करने,जब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक विषय विशेषज्ञ अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करने, सभी स्कूलों की शिक्षक स्थिति की पारदर्शी सूची सार्वजनिक करने, प्लस टू छात्रों के लिए साप्ताहिक शैक्षणिक समीक्षा प्रणाली लागू हो, सभी स्कूलों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय और आईसीटी आधारित शिक्षण व्यवस्था की गारंटी हो, जिला प्रशासन को स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर मासिक रिपोर्ट देने के लिए बाध्य किया जाए.



**अजय राय** ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो झारखंड अभिभावक संघ राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान और 'अभिभावक संवाद श्रृंखला' की शुरुआत करेगा. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर अविलंब संज्ञान लिया जाए, ताकि झारखंड के ग्रामीण और वंचित तबकों के छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रह जाएं और राज्य का भविष्य मजबूत बन सके.

## नौकरी के साथ पढ़ाई? इग्नू ने एडमिशन की डेट आगे बढ़ाई

**शुभम संदेश डेस्क**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिले की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है. अगर आप नौकरी के साथ पढ़ाई या घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह एक शानदार मौका है. अब इच्छुक उम्मीदवार 15 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं.

#### इग्नू जुलाई एडमिशन का नया अपडेट

**नई अंतिम तिथिः** 15 अगस्त 2025

**पहले की अंतिम तिथिः** 15 जुलाई- फिर बढ़ाकर 31 जुलाई - अब 15 अगस्त

#### आवेदन पोर्टल

- ओडीएल प्रोग्राम्स के लिएः samarth.edu.in
- ऑनलाइन प्रोग्राम्स के लिएः samarth.edu.in

#### आवेदन से पहले जानें ये ज़रूरी बातें

1. डीईबी आईडी अनिवार्यः आवेदन करने से पहले Distance Education Bureau ID तैयार रखें.
2. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रियाः पोर्टल पर लॉगइन करके सभी आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें और आवेदन पूरा करें.

#### एडमिशन कैंसिलेशन की सुविधा भी उपलब्ध

- इग्नू ने अब छात्रों को एप्लिकेशन कैंसिलेशन की सुविधा भी दी हैः
- कैंसिलेशन का विकल्प कैंडिडेट के लॉगिन पेज पर मिलेगा.
- रजिस्ट्रेशन फीस रिफंड नहीं होगी.
- अगर एडमिशन कन्फर्म होने के बाद कैंसिल किया गया, तो अधिकतम 2000 या प्रोग्राम फीस का 15% कटौती की जाएगी.

#### इग्नू क्यों चुनें?

यूजीसी-डीईबी द्वारा मान्यता प्राप्त
घर बैठे पढ़ाई की सुविधा
कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

## लैंड स्कैम के आरोपी इम्तियाज की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. इसके साथ ही लैंड स्कैम के मामले में आरोपी इम्तियाज अहमद की जमानत याचिका पर भी हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है. इस मामले में भी हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई गई है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 02 अगस्त 2025 । श्रावण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 116 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




# नई उत्पाद नीति 2025 : झारखंड में शराब की दुकानें घटेंगी, पर राजस्व बढ़ेगा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार एक सितंबर 2025 से नई उत्पाद नीति लागू करने जा रही है. इस नीति के तहत राज्य में शराब की खुदरा बिक्री के लिए दुकानों की संख्या पहले की तुलना में कम कर दी गई है, लेकिन इसके बावजूद सरकार को अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है. नई नीति के अनुसार अब विदेशी शराब की बिक्री के लिए अलग दुकानें नहीं होंगी. कंपोजिट दुकानों से ही देसी और विदेशी दोनों तरह की शराब की बिक्री की जाएगी.

**1343 दुकानों से होगा 2402 करोड़ का राजस्व :** सरकार ने उत्पाद नीति 2025 के तहत पूरे राज्य में शराब की खुदरा बिक्री के लिए 1343 दुकानों को अधिकृत करने का निर्णय लिया है. इन दुकानों से सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक 2402 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति का अनुमान है. यदि चालू वित्तीय वर्ष की बात करें, तो नई और पुरानी दोनों नीतियों के मिश्रित प्रभाव से सरकार को कुल 3585 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है. तुलना करें तो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 2985 करोड़ रुपये था.

### झारखंड में उत्पाद नीति 2022 की तुलना में 110 दुकानें होंगी कम

वर्तमान में झारखंड में उत्पाद नीति 2022 के तहत कुल 1453 शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं. ऐसे में नई नीति के लागू होने पर दुकानों की संख्या 110 घट जाएगी. इससे स्पष्ट है कि सरकार कम दुकानों के माध्यम से अधिक राजस्व की योजना पर काम कर रही है. नई नीति में शराब की बिक्री के लिए केवल दो श्रेणियों की दुकानें होंगी. पहली, जिनमें सिर्फ देसी शराब बिकेगी, और दूसरी कंपोजिट दुकानें, जहां देसी और विदेशी दोनों शराब उपलब्ध होंगी. कुल 1343 दुकानों में से 159 दुकानों में केवल देसी शराब बेची जाएगी, जबकि शेष 1184 दुकानें कंपोजिट होंगी. 2022 की नीति में तीन तरह की दुकानें थीं—देसी शराब के लिए 280, विदेशी के लिए 533 और कंपोजिट के लिए 640 दुकानें.

## जिलेवार दुकानें : किस जिले में कितनी दुकानें कम हुईं

### नई नीति के तहत अधिकांश जिलों में दुकानों की संख्या घटाई गई है. कुछ प्रमुख जिलों में अंतर इस प्रकार है:



- रांची : 166 से घटकर 150
- धनबाद : 140 से घटकर 130
- देवघर : 83 से घटकर 71
- बोकारो : 83 से घटकर 75
- सरायकेला : 64 से घटकर 56
- हजारीबाग : 66 से घटकर 62

### राज्य के कुछ जिलों में दुकानों की संख्या बढ़ाई भी गई है

- सिमडेगा : 15 से बढ़कर 16
- चाईबासा : 41 से बढ़कर 47



### सरकार की रणनीति : कम दुकानें, ज्यादा मुनाफा

उत्पाद नीति 2025 यह स्पष्ट करती है कि सरकार अब व्यापक नियंत्रण और एकीकृत बिक्री के मॉडल को प्राथमिकता दे रही है. विदेशी शराब की अलग दुकानों को खत्म कर कंपोजिट मॉडल अपनाने से न केवल प्रशासनिक निगरानी आसान होगी, बल्कि ग्राहक सुविधा भी बढ़ेगी. इसके अलावा, राजस्व संग्रहण को भी पारदर्शिता के साथ मजबूत किया जा सकेगा. जहां एक ओर नई नीति के चलते शराब विक्रेताओं की संख्या कम होगी, वहीं सरकार इस व्यवस्था को अधिक संगठित और लाभकारी बनाने पर जोर दे रही है. राजस्व में संभावित बढ़ोतरी के साथ यह नीति झारखंड सरकार की वित्तीय सुदृढ़ता की दिशा में एक अहम कदम साबित हो सकती है.

## दोस्त से विवाद के बाद युवती ने दोमुहानी पुल से लगाई छलांग

शुभम संदेश। जमशेदपुर

शहर के सोनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमुहानी डोबो पुल पर शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवती ने चलती बातचीत के दौरान नदी में छलांग लगा दी.



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवती अपनी एक सहेली के साथ दोमुहानी घूमने आई थी. इस दौरान वह मोबाइल पर अपने प्रेमी से बात कर रही थी. बातचीत के दौरान अचानक विवाद बढ़ गया और फोन पर झगड़े के कुछ ही पलों बाद युवती ने आवेश में आकर पुल से सीधा स्वर्णरेखा नदी में छलांग लगा दी. युवती की पहचान भूइयाडीह निवासी सुमित्रा प्रमाणिक के रूप में की गई है. घटना को लेकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. कई राहगीरों और स्थानीय लोगों ने युवती को नदी में गिरते देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी. खबर मिलते ही सोनारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और नदी में खोजबीन शुरू कर दी. पुलिस ने स्थानीय मछुआरों की सहायता से नदी में सुमित्रा की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंधों में तनाव की बात सामने आ रही है. सुमित्रा की सहेली से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सही जानकारी मिल सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल से पहले भी कई आत्महत्या की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं. पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचित कर दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

## पूर्व सैनिक और बैंककर्मी के घर में लाखों की संपत्ति चोरी

शुभम संदेश। मेदिनीगर

मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कान्दू मुहल्ल्ला गोरहो मंदिर के पास पूर्व सैनिक और बैंककर्मी के घर चोरी हो गई. लाखों की संपत्ति चोरों ने गायब कर दी. घटना शुक्रवार तड़के सुबह हुई. नींद से जागने के बाद घटना की जानकारी हुई. इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी गई. टीओपी टू के प्रभारी राकेश कुमार डॉग स्क्वॉड के सहारे छानबीन में जुटे हुए हैं. बैंककर्मी एकलब्य कुमार के परिजनों ने जानकारी दी कि सुबह करीब तीन बजे साइड गेट के ग्रिल का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और हॉल के गेट में ड्रिल कर अंदर लगे लॉक को खोल कर दरवाजा खोला. हॉल से ही सटे स्टोर रूम के तीन अलमीरा को खोलकर सोने चांदी की ज्वेलरी, नगद सहित 8 लाख से अधिक की संपत्ति गायब कर दी. अलमारी को तोड़ा नहीं गया, चाबी से खोला गया. चोरों को अलमीरा खोलने पर लॉकर की चाभी मिल गई थी. स्टोर रूम से सटे मकान मालकिन का कमरा है, लेकिन घटना की आहट भी नहीं मिली. संभावना जताई गई कि मकान मालकिन को घटना से पहले बेहोश कर दिया गया था. काफी देर तक महिला अचेत पड़ी रही. बैंक कर्मी के छोटे भाई और डीएवी स्कूल के शिक्षक शाश्वत ऊपर के कमरे में सोए हुई थे. उन्हें भी इसकी भनक नहीं लगी. शाश्वत के अनुसार आठ लाख से अधिक की ज्वेलरी चोरी हुई है. सारे गहने उनके बड़े भाई बैंककर्मी एललव्य कुमार की पत्नी एवं बच्चे के थे. बैंक कर्मी के घर से सटे पूर्व सैनिक संजय कुमार के घर में भी चोरी हुई. चोर पीछे के गेट में लगे ताले को तोड़कर अंदर हाल में पहुंचे और ड्रेसिंग टेबल में रखे तीन हजार रूपये निकाल लिये. यहां से मात्र नगद राशि की ही चोरी हुई.

### हाहाकार : स्वच्छता में राष्ट्रपति से सम्मानित जमशेदपुर में फैला डेंगू

# 2 महिलाओं की मौत, अब तक 21 मरीजों की पहचान

शुभम संदेश। जमशेदपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में हाल देश भर में साफ-सफाई के लिए तीसरा स्थान पाने और राष्ट्रपति से सम्मानित होने वाले जमशेदपुर का छोटा गोविंदपुर क्षेत्र डेंगू का हॉट स्पॉट बन गया है. दरअसल, जमशेदपुर में डेंगू से अबतक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है. दोनों मृतक टेल्को क्षेत्र के छोटा गोविंदपुर की रहने वाली है. वहीं, गुरुवार को दो नये मरीज भी मिले है. जिनका इलाज जमशेदपुर के टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है. दूसरी ओर जिले में अबतक कुल 162 डेंगू संदिग्धों की जांच जिला सर्विलेंस विभाग के द्वारा की गयी है. जिसमें 21 डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है. इनमें सबसे ज्यादा छोटा गोविंदपुर के 13 मरीज शामिल है. इधर, पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है. छोटा गोविंदपुर इलाके की दो महिलाओं की मौत से हालात और गंभीर




हो गये हैं. दोनों मामलों में मरीजों की स्थिति अत्यधिक गंभीर थी और दोनों ने इलाज के क्रम में आईसीयू में दम तोड़ दिया. हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने इन मौतों को डेंगू से हुई मौत के तौर पर अबतक नहीं लिया है. लेकिन, दोनों ही मामलों में लक्षण और चिकित्सकीय जानकारी डेंगू की ओर इशारा कर रही है. दरअसल, छोटा गोविंदपुर तीन तल्ला निवासी सुभाष कुमार सिंह की 35 वर्षीय पत्नी वीणा सिंह की मौत गुरुवार को टेल्को अस्पताल में इलाज के दौरान हुई. परिजनों के अनुसार, उन्हें 29 जुलाई को तेज बुखार, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी-दस्त और हाथ-पैर में तेज दर्द की शिकायत थी. उन्हें तत्काल टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस दौरान डाक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्हें आईसीयू में रखा और डेंगू की आशंका जताई. प्रारंभिक जांच में डेंगू पाजिटिव की रिपोर्ट सामने आई, लेकिन अब तक इस बात की औपचारिक पुष्टि नहीं हो सकी है.

**विभाग सतर्क, खुद भी बरतें सावधानी**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों से शहरवासियों से अपील की गयी है कि वे अपने घरों के आसपास बेवजह पानी जमा न होने दें, पूरी बाजू के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें. डेंगू का मच्छर दिन में काटता है, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है। लोगों से यह भी कहा गया है कि बुखार, उल्टी, कमजोरी, सिर दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और बिना जांच के दवा न लें. पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल का कहना है कि वीणा सिंह का सैंपल गुरुवार को ही जांच के लिए आया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट कहा जा सकता है. वहीं, उन्होंने दूसरे मामले की जानकारी होने से इनकार किया है. उन्होंने कहा कि रांची रिम्स से इस बारे में कोई सूचना अभी तक उन्हें नहीं मिली है.

## लातेहार : बस की चपेट में आने से 5 साल के बच्चे की मौत

शुभम संदेश। लातेहार

जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में पांच वर्षीय बालक की जान चली गई. यह हादसा रांची-चतरा मार्ग पर मकईयाटांड़ में हुआ, जहां आलम मियां की किराना दुकान के पास एक यात्री बस ने बच्चे को कुचल दिया.जानकारी के अनुसार, मो. माजिद का पांच वर्षीय बेटा मो. अर्श सड़क किनारे खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रही सिंहवाहिनी यात्री बस की चपेट में आ गया. हादसे में अर्श गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों ने उसे तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ. अलीशा टोप्पो ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया.

**गांव में मातम, बस चालक की पिटाई :** मासूम की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने हादसे के बाद बस का पीछा कर चितरपुर के पास ओवरटेक कर उसे रोका और चालक की जमकर पिटाई कर दी.सूचना मिलते ही मकईयाटांड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए चालक को भीड़ से सुरक्षित निकाला. घायल चालक को भी बालूमाथ सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया. घायल चालक की पहचान कुंदन राम (35 वर्ष), पिता बिरजू राम, निवासी हंटरगंज, चतरा के रूप में हुई है.

**ग्रामीणों ने किया एनएच-22 जाम :** घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-22 को मकईयाटांड़ के पास घंटों तक जाम कर दिया. मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी विजय कुमार ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत की और सरकारी मुआवजा व अन्य सहायता का आश्वासन दिया. आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया.

### पुलिस ने बस जब्त की, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है. थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

शुभम संदेश। धनबाद

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में पेड़ से झूलते युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना जयनगर टोला का बताई जा रही है, जहां 35 वर्षीय युवक का शव मिला है. मृतक की पहचान सुखलाल हेंब्रम के रूप में हुई है जो बसहा-टुंडी निवासी है. मिली जानकारी के अनुसार युवक चार दिन पूर्व अपने घर से धनबाद के लिए निकला था. लेकिन जब गांव की कुछ महिलायें सुबह टहलने के लिए निकली उसी दौरान उन्हें गमछे से लटक युवक का शव दिखा.

जिसके बाद सभी गांव वालों को सुचना दी गई. वहीं बरवाअड्डा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. घटना की सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एसएनएमएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटनास्थल से कपड़े में



बाइक की चाबी मिली है वहीं युवक के कुछ कपडे खेत की आड़ी में पड़े मिले हैं. ग्रामीणों ने बताया घटनास्थल से पुलिस पानी की बोतल और चखना मिला है. युवक के पास बाइक की चाबी होने के बावजूद घटनास्थल पर बाइक नहीं होना संदेह खड़ा करता है. वहीं पुलिस ने कहा है कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है.

## बारिश में कच्ची दीवार गिरने से भाई की मौत, बहन गंभीर

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बबनखेता गांव में शुक्रवार सुबह एक दिल दहलाने वाली घटना प्रकाश में आई है. जहां ईंट के दीवार से दबकर एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. जबकि उसकी 12 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं. मृतक इसी गांव के निवासी पप्पू यादव का पुत्र अमन कुमार है. जबकि घायल किशोरी उनकी पुत्री मौसम कुमारी है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मौसम कुमारी घर के बरामदे पर स्थित रसोई में चाय बना रही थी और उसका छोटा भाई अमन बिस्कुट लेकर चाय बनने का इंतजार कर रहा था. इसी बीच रसोई घर का दीवार दोनों मासूम बच्चों के ऊपर गिर गया. हादसे में दोनों बच्चे दीवार के मलबे में दब गए. जैसे ही घर वाले को दीवार गिरने की आवाज सुनाई पड़ी सभी लोग दौड़कर किचन के पास पहुंचे और गिरे मलबे को हटाकर बच्चों को बाहर निकाला. जिसके तुरंत बाद दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने अमन कुमार को मृत घोषित कर दिया. जबकि मौसम कुमारी की नाजुक हालत को देखते हुए देवघर रेफर कर दिया गया.

## सड़क दुर्घटना में घायल ट्रक चालक की हुई मौत

**कोडरमा।** जिले के रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के समीप शुक्रवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गयी. टाइल्स लदा एक ट्रक मुख्य मार्ग पर ही पलट गया जिससे ट्रक में लदा सारा टाइल्स सड़क पर बिखर गया. घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया. जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक राजस्थान से टाइल्स लोड कर कोडरमा के रास्ते बिहार शरीफ जा रही थी. इसी बीच ट्रक कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई. उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रक के सड़क पर ही पलट जाने से उक्त मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है. पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### सागर गिरी ने फिर पेश की मानवता की मिसाल

दिबौर में होटल संचालित करने वाले



सागर गिरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया साथ ही पुलिस को सूचना दी. सागर अब तक सैकड़ों घायलों की जान बचा चुके हैं. जनता और सामाजिक संगठनों की मांग है कि प्रशासन उन्हें सम्मानित करे और उनके कार्यों को प्रोत्साहित करे.

### लातेहार में हाथियों का उत्पात

## झोपड़ी में सो रहे युवक को सूंड में लपेटकर पटका, मौत

शुभम संदेश । लातेहार

लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के तासू गांव में शुक्रवार सुबह जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. करीब 12-13 हाथियों के झुंड ने एक झोपड़ी पर हमला कर वहां सो रहे 40 वर्षीय विनय भुइयां को सूंड में लपेटकर पटक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई.विनय अपनी पत्नी ननकी देवी के साथ सड़क किनारे एक सरकारी आवास का निर्माण करा रहे थे और पास में ही झोपड़ी बनाकर रह रहे थे. हमले में गंभीर रूप से घायल विनय को लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. वन विभाग के रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि मृतक की पत्नी को तत्काल 40 हजार रुपये की राहत राशि दी गई है. आगे ल 3 लाख रुपये मुआवजा राशि देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. रेंजर ने यह भी बताया कि विनय अवैध रूप से झोपड़ी में देसी शराब बनाता था. कहा कि हो सकता है देसी शराब से निकली गंध के कारण हाथी वहां पहुंचे हों. फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है.

### आदिवासी महोत्सव की तैयारियों पर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# 9 से 11 तक राजधानी में दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन के मुख्य सचिव सभागार में शुक्रवार को 9 से 11 अगस्त तक होने वाले आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की. बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव श्री राजीव लोचन बख्शी ने महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी. बैठक में बताया गया कि राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट' बनाए जाएंगे, जो युवाओं और पर्यटकों के बीच महोत्सव की लोकप्रियता को और बढ़ाएंगे.



निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी महोत्सव के दौरान लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को सीधे लाभ मिलेगा. महोत्सव के तहत फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन होगा. साथ ही, फूड डिस्ट्रीब्यूशन की व्यवस्था को भी सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सके. महोत्सव स्थल तक आने वाले पाथवे को आदिवासी संस्कृति की झलकियों से सजाया जाएगा, जिससे आगंतुकों को झारखंड की समृद्ध विरासत का अनुभव हो सके. इसके अतिरिक्त, मीडिया सेंटर की स्थापना, झारखंडी व्यंजन स्टॉल, ड्रोन शो, लेजर शो और आदिवासी परिधान शो सहित कई नवाचारों को महोत्सव का हिस्सा बनाया जाएगा. इस महोत्सव की एक विशेष उपलब्धि यह होगी कि पहली बार भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कवि कुमार विश्वास, संपत सरल सहित अन्य राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय कवि शामिल होने की संभावना है.

**भव्यता पूर्ण होगा रीझ-रंग रसिका**

32 जनजातीय कलाकारों द्वारा रीझ रंग रसिका का आयोजन भव्यता पूर्ण तरीके से किया जाएगा. झांकी से झारखंड की समृद्ध आदिवासी कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए रीझ रंग रसिका का प्रदर्शन चौक चौराहों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक संपन्न होगा. बैठक में सुरक्षा और पार्किंग की व्यवस्था पर भी गंभीरता से चर्चा की गई. मुख्य सचिव ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए.

इस अवसर पर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन सिन्हा, नगर निगम आयुक्त सुशांत गौरव, डीडीसी सौरभ भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कला संस्कृति विभाग, टीआरआई सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### लोहरदगा : खराब सड़क को लेकर ग्रामीणों ने रास्ते पर रोपा धान

## जनप्रतिनिधियों-प्रशासन का किया विरोध

शुभम संदेश। लोहरदगा

जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत के बुड़का गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने गड्ढे एवं कीचड़युक्त सड़क पर धान रोपकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का जोरदार विरोध किया. आजाद भारत और झारखंड राज्य बनने के बाद भी यह गांव अब तक विकास की राह देख रहा है. बुड़का गांव में कुल चार टोला, बड़का टोला, टाईन टोला, गोपी टोला और अम्बा टोला हैं. इनमें बड़का टोला को छोड़कर अन्य तीनों टोला तक पहुंचने के लिए तीन रास्ते हैं, लेकिन सभी रास्तों की स्थिति इतनी खराब है कि न तो चार पहिया और दो पहिया वाहन जा सकते हैं, और न ही पैदल चल पाना आसान है. तीनों टोला तक मसमानो नदी टोली की ओर, बुड़का बड़का टोली की ओर



तथा सुरसा गांव की ओर से रास्ता है, लेकिन तीनों ही रास्ते पूरी तरह गड्ढे और कीचड़ से भर चुके हैं. लगभग 4 किमी लंबी इस सड़क से यदि किसी की तबीयत खराब हो जाती है, तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा या अन्य अस्पताल ले जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है.

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क से दो, चार, छह पहिया वाहन एवं अन्य बड़े वाहन नहीं जा सकते हैं. खासकर रात के समय अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो अस्पताल ले जाना बेहद कठिन हो जाता है. उन्होंने कहा कि अगल-बगल के गांवों में सड़क निर्माण हो रहा है, लेकिन बुड़का गांव का रास्ता आज भी उपेक्षित है. यह गांव बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में तथा लोहरदगा जिले में आता है. कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन यह सिर्फ चुनावी मुद्दा बनकर रह गया. आरईओ विभाग लोहरदगा के कनीय अभियंता जितेन्द्र पंडित ने बताया कि ग्रामीणों का विरोध और गुस्सा जायज है.

# रांची स्मार्ट सिटी की शोभा बढ़ाएंगे ईको, कम्युनिटी और रिक्रिएशन पार्क, डीपीआर तैयार

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची को खूबसूरत एवं आकर्षक बनाने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की परिकल्पना तेजी से साकार होने लगी है. नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची स्मार्ट सिटी को और बेहतर बनाने के क्रम में ईको पार्क, कम्युनिटी पार्क एवं रिक्रियेशनल पार्क के निर्माण को मंजूरी दे दी है. नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने पार्कों को तैयार करने की जिम्मेवारी जुडको को सौंपी है. जुडको ने डीपीआर तैयार कर ली है. प्रधान सचिव ने जल्द से जल्द निविदा निकालने की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया है.

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि रांची शहर में वैसे तो कई पार्क हैं, लेकिन धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में बननेवाला ईको, कम्युनिटी व रिक्रिएशनल पार्क ऐसा होगा, जिसमे लोग दो पल सुकून से गुजार सकेंगे. इन पार्कों को एक पर्यटक स्थल के रूप में भी उपयोग किया सकता है. पार्कों की आबोहवा उनके स्वास्थ्य के अनुरूप होगी. उन्होंने कहा कि पैकेज एक के तहत धुर्वा गोलचक्कर से हटिया डैम की ओर जाने वाले मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास लगभग 8 एकड़ परिक्षेत्र में सड़क के दोनों ओर पार्क बनेगा. यह पार्क दो हिस्सो में होगा. पैकेज -दो के तहत मंत्री आवास से आगे कम्युनिटी पार्क (3.98 एकड़) एवं ईको पार्क (3.19 एकड़) निर्माणाधीन सिविक टावर के बगल में बनेगा. इन पार्कों के निर्माण की लागत लगभग 30 करोड़ रुपये होगी.





### रिक्रिएशनल पार्क में प्रस्तावति संसाधन

प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम, पाथ–वे, प्लांटर बाक्स, ग्रीन स्पेश, फ्लोटिंग स्वायल माउंड, स्टेपिंग स्टोन, मेज, गार्डेन आर्क, स्कल्पचर प्लेटफार्म, ब्रिज, रेस्टोरेंट, ओपेन जिम, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, स्वायल माउंड, स्क्वायर पैवेलियन, फाउंटेन, तालाब, स्टेप्पड फाउंटेन, फ्लावर बेड, बैठने की व्यवस्था, परगोला, गजीबो, पेबल बेड, शौचालय, हेज की बाउंड्री.

### कम्युनिटी पार्क में क्या-क्या होगा

प्रवेश द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम, पाथ वे, प्लांटर बाक्स, हरियाली क्षेत्र, स्कल्पचर प्लेटफार्म, गजीबो, गार्डेन आर्क, परगांला, एनिमल स्कल्पचर, स्वायल माउंड, प्लांटर बेड, पार्टेरे गार्डेन, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपेन जिम, स्टेप्ड सिटिंग, फ्लावर बेड, स्क्वायर पैवेलियन, हेज बाउंड्री, पेबल बेड, स्टेप्पड फाउंटेन, शौचालय.

### ईको पार्क के आकर्षण

प्रवेष द्वार, पार्किंग एरिया, गार्ड रूम, पाथ–वे, प्लांटर बेड, ग्रीन एरिया, स्कल्पचर प्लेटफार्म, गजीबो, पॉली हाउस, गार्डेन आर्क, परगोला, एनिमल स्कल्पचर, स्वायल माउंड, प्लांटर बाक्स, तालाब, सर्रकुलर सिटिंग, बैडमिंटन कोर्ट, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपेन जिम, स्टेप्पड सिटिंग, फ्लावर बेड, शौचालय, पेबल बेड, स्टेप्पड, फाउंटेन, रेस्टोरेंट, स्क्वायर पैवेलियन, कमल फूल का तालाब, फाउंटेन.

## हटिया डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर, खोला गया फाटक



शुभम संदेश। रांची

झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हटिया डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा था, एहतियातन शुक्रवार को धुर्वा स्थित हटिया डैम के तीन नंबर फाटक का गेट खोल दिया गया. हटिया डैम का फाटक उसके बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एहतियातन खोला गया है. बीते कुछ दिनों से जल संसाधन विभाग डैम का फाटक खोलने का प्रयास कर रहा था. पहले प्रयास में फाटक में लगी लोहे की तार टूट गई थी, जिससे पानी छोड़ा नहीं जा सका. इसके बाद विभाग के इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी लगातार मरम्मत में जुटे रहे. आखिरकार शुक्रवार को उन्हें सफलता मिली. दरअसल, डैम का जलस्तर खतरे के निशान को छू रहा था, जिस कारण निचले इलाकों में रहने वालों को सतर्क रहने की अपील की जा रही थी. प्रशासन ने संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है. फिलहाल पानी का बहाव नियंत्रित है, लेकिन बारिश जारी रही, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है.

इस बीच जैसे ही डैम के फाटक से पानी छोड़ा गया, उसका मनभावन नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग निचले हिस्से की ओर उमड़ पड़े. लोग तेज बहाव की लहरों को देखने को लेकर काफी उत्साहित दिखे.

कृषि नवाचार और सीधे बाजार पहुंच का साझा मंच बना कृषि उद्यम मेला

# बिचौलियों से मुक्ति की ओर बड़ा कदम

शुभम संदेश। रांची

कृषकों के उत्पाद को एक बाजार मिले, उनके प्रोडक्ट एक ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के प्रयास तेज हो गए हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में कृषि उद्यम मेला–2025 का भव्य शुभारंभ हुआ. दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से उद्घाटन कर जिले के कृषि इतिहास में एक नई शुरुआत दर्ज की गई. दो दिवसीय इस मेले में कृषि से जुड़े विविध क्षेत्रों की योजनाओं, तकनीकों और बाजार को एक साझा मंच पर लाया गया है, जिसका उद्देश्य है— किसान और क्रेता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर बिचौलियों की भूमिका समाप्त करना.

**सम्माननीय उपस्थिति :** इस अवसर पर जिशान कमर निदेशक गव्य, गव्य विकास निदेशालय, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड रांची, उपायुक्त कीर्तिश्री, उपविकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत अनेक विभागीय पदाधिकारी, कृषक एवं संस्थाएं उपस्थित रहीं. जिशान कमर ने अपने वक्तव्य में चतरा की टमाटर उत्पादन परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जा रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आ रहा है.



### विशेषताएं और प्रमुख उपलब्धियां

- **40 से ज्यादा स्टॉल :** कृषि विभाग, गव्य विकास, मत्स्य, उद्यान, भूमि संरक्षण, जेएसएलपीएस, कृषि विज्ञान केंद्र सहित विभिन्न विभागों एवं एसएचजीएस/ एफपीओएस द्वारा योजनाओं और उत्पादों की प्रदर्शनी.
- **10 से ज्यादा कृषि विशेषज्ञ और 30 से ज्यादा राष्ट्रीय क्रेता कंपनियां :** अमूल, रिलायंस, सुविधा मार्ट, टोकरी फ्रेश आदि संस्थाएं उपस्थित रहीं.

### लोक सेतु व जन समाधान पोर्टल का शुभारंभ

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर लोक सेतु पोर्टल का शुभारंभ किया गया है, जो कृषि, गव्य विकास, मत्स्य, भूमि संरक्षण, पशुपालन, जेएसएलपीएस आदि विभागों की योजनाओं को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आमजन के लिए सुलभ बनाएगा. जन समाधान पोर्टल के माध्यम से शिकायतों की डिजिटल निगरानी और समाधान सुनिश्चित होगा.

### जेएसएलपीएस एवं महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका

जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड के तहत महिलाओं द्वारा दाल, सरसों तेल, अचार, हल्दी, बांस उत्पाद, मुर्गी पालन आदि के उत्पाद बनाए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं. उपायुक्त ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना ग्रामीण विकास अधूरा है

**कृषकों और क्रेताओं के बीच संवाद :** मेले का मुख्य आकर्षण रहा कृषकों और राष्ट्रीय क्रेताओं के बीच सीधा संवाद सत्र, जिसमें किसानों ने अपनी खेती प्रणाली, उत्पाद, बाजार की अपेक्षाएं और संभावनाएं साझा कीं. इससे सीधी बिक्री और दीर्घकालिक साझेदारी का मार्ग प्रशस्त हुआ.

## एक नजर



### डीएवी सरला स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे

**रांची।** डीएवी सरला स्कूल, टुपुदाना में शुक्रवार को छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ ग्रीन डे मनाया. नन्हे-मुन्नों ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था. कार्यक्रम में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने पौधों को रोपने और उनकी देखभाल करने के तरीके सीखे. इस दौरान बच्चों ने वादा किया कि वे इन पौधों को बड़े होने तक सहेजेंगे और उनकी देखभाल करेंगे. कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य में मेहुल दूबे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चा एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हमारा शहर ही नहीं पूरा देश हरा-भरा बन सकता है. प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है. मेहुल दुबे ने कहा कि पेड़ लगाना भविष्य में आशा के बीज बोने जैसा है। हमारे नन्हें बच्चों में पर्यावरण की रक्षा के प्रति यह उत्साह देखना गर्व की बात है. ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम कल के जिम्मेदार और पर्यावरण-प्रेमी नागरिक तैयार कर रहे हैं. कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण पर आधारित गीतों और नारों के साथ हुआ, जिसने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे हाथ भी धरती को हरा-भरा बनाने में बड़ा योगदान दे सकते हैं. विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला और महिमा सिंह के विशेष योगदान से बच्चों ने ग्रीन डे उत्साहपूर्वक सेलिब्रेट किया.

### झारखंड जंप रोप संघ के खिलाड़ियों ने लाला लाजपत राय के बच्चों के सामने दिखाए करतब



**रांची।** लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुंदाग में झारखंड जंप रोप संघ के नेशनल खिलाड़ी प्रकाश साहू, इसराइल भेंगरा, राहुल हजाम ने रस्सी कूद में विभिन्न प्रकार के करतब कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के सामने दिखाए. विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का बच्चों बहुत आनंद उठाया. इस अवसर पर झारखंड जंप रोप संघ के सेक्रेटरी संतोष प्रसाद ने बताया कि जंप रोप एक सरल, सुलभ और मजेदार व्यायाम है, जिसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है. विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रस्सी कूदना एक बेहतरीन व्यायाम है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, यह हृदय स्वास्थ्य, सहनशक्ति, समन्वय, संतुलन और फेफड़ों की क्षमता में सुधार करता है. इसके अतिरिक्त, रस्सी कूदने से वजन घटाने में भी मदद मिलती है और हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में भी सहायक है. उन्होंने कहा कि जो बच्चा इसमें रुचि रखता है वह झारखंड जंप रोप संघ से जुड़ सकता है. इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार, झारखंड जंप रोप संघ के वाइस प्रेसिडेंट नवीन कुमार, विद्यालय के खेल शिक्षक बीबी सिंह और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे.

### कमल किशोर भगत ने झारखंड आंदोलन में निभाई थी अहम भूमिका : प्रवीण प्रभाकर



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की 57 वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता महानगर वरीय उपाध्यक्ष बंटी यादव ने की. कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि कमल किशोर भगत ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी और वे जनता में बेहद लोकप्रिय थे. उन्होंने कहा कि हमने हर मोर्चे पर साथ मिलकर संघर्ष किया. जब 1995 के बाद आजसू में बिखराव आया तो संगठन को भगत ने थामे रखा. प्रभाकर ने कहा कि हम सभी संकल्प लेते हैं कि कमल किशोर भगत के विचारों और संघर्ष को कभी मरने नहीं देंगे. इसके पूर्व सभा की शुरुआत में कमल किशोर भगत के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया गया. वहीं केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने कहा कि कमल किशोर भगत ने झारखंड गठन में भूमिका निभाई और लोहरदगा के विधायक के रूप में लगातार संघर्षरत रहे.

## रांची की जर्जर सड़कें पंद्रह अगस्त से पहले होंगी दुरुस्त

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची की जर्जर सड़कों की हालत जल्द सुधरेगी. पथ निर्माण विभाग ने शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है. इसे 15 अगस्त से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. जानकारी के अनुसार, शहर की प्रमुख सड़कों जैसे रातू रोड चौक से HEC गेट, मोरहाबादी पीरिफेरियल रोड, करमटोली से ओरमांझी मार्ग और राम मंदिर से डीसी आवास तक की सड़कों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ हो चुका है. इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों और टूटी सड़कों से अब राहगीरों को राहत मिलेगी. अधिकारियों ने बताया कि इन प्रमुख मार्गों के अलावा शहर की अन्य जर्जर सड़कों की भी पहचान की जा चुकी है और उन पर भी शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा. विभाग का प्रयास है कि स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर की अधिकतर खराब सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाए, ताकि लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके.

## यूपीएस के विरोध में राज्यकर्मियों का 'रोष दिवस'

शुभम संदेश। रांची

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के खिलाफ झारखंड के सरकारी कर्मचारियों ने 1 अगस्त 2025 (शुक्रवार) को 'रोष दिवस' मनाया. नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) की राष्ट्रीय समिति के आह्वान पर राज्य भर के सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में यूपीएस के विरोध में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई गई.

राज्य के कर्मचारियों ने एकमत से कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि इसका कोई विकल्प नहीं है. उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह नई-नई पेंशन योजनाओं के माध्यम से कर्मचारियों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है.



### यूपीएस पूंजीपतियों के हित में, कर्मचारियों के खिलाफ

प्रांतीय महासचिव उज्ज्वल कुमार तिवारी ने यूपीएस को पूंजीपतियों के पक्ष में लाया गया मॉडल बताते हुए कहा कि इस योजना में सरकार द्वारा योगदान को 14% से बढ़ाकर 18.5% किया गया है, जिसका सीधा फायदा शेयर बाजार और कॉर्पोरेट पूंजीवाद को मिलेगा, न कि कर्मचारियों को. यूपीएस में न राज्यहित है, न कर्मचारी हित.

मुख्यमंत्री की कर्मचारी हितैषी छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश

संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के कुछ उच्च पदस्थ अधिकारी यूपीएस को छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी लागू करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि एक ही कार्यालय में एक जैसे पद पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए अलग-अलग पेंशन व्यवस्था लागू करना न्यायसंगत नहीं है, और यह भविष्य में कर्मचारियों की कार्यक्षमता को प्रभावित करेगा.

अरगोड़ा के निजी अस्पताल में नवजात की मौत

## मामले की जांच के लिए डीसी ने बनायी समिति

शुभम संदेश। रांची

रांची के अरगोड़ा स्थित निजी अस्पताल में नवजात की मौत के बाद भी उसे वेंटिलेटर पर रखने के परिजनों के आरोप को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है. समाचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवजात को कथित रूप से उसकी मृत्यु के बाद भी वेंटिलेटर पर रखा गया था. मामले को संज्ञान में लेते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं. उनके आदेश पर एक जांच समिति का गठन किया गया है, जिसमें कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शामिल है. जांच समिति विभिन्न बिंदुओं पर जांच करेगी. उपायुक्त भजंत्री द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच के उपरांत अस्पताल प्रबंधन या संबंधित किसी भी व्यक्ति की लापरवाही पायी जाती है या दोष सिद्ध होता है, तो उनके विरुद्ध नियमसंगत कठोर कार्रवाई की जाएगी.



### खूंटी में पिस्टल-गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार

**रांची/खूंटी।** एसपी मनीष टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना की पुलिस ने खूंटी कर्रा मुख्य मार्ग पर छापेमारी कर चिरूहातु गांव के महावीर मुंडा (20) नामक एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा. पकड़े गए आरोपित के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, एक खोखा और एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. इस संबंध में गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध खूंटी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. यह जानकारी एसपी ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चिरूहातु गांव में एक अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियार के साथ घूम रहा है.

भाजपा विधायक दल की बैठक

## राज्य सरकार को घेरने की बनी रणनीति

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनी. भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मदरसा से टेरेसा तक केंद्रित है। विकास से उसे कुछ भी लेना देना नहीं. हेमंत सरकार केवल नाम बदलने में विश्वास करती है. सत्ता मद में इतनी चूर है कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम बदलकर उन्हें अपमानित कर रही.



नवीन जायसवाल ने कहा कि यह उन महापुरुषों का अपमान नहीं, बल्कि देश और राज्य का अपमान है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मदर टेरेसा के नाम पर कोई अन्य योजना शुरू कर सकती थी. लेकिन ये सरकार तुष्टीकरण में आकंठ डूबी है. इस सरकार की विकास यात्रा की कहानी मदरसा से टेरेसा तक जारी है. यह सरकार गांव-देहात में चंगाई सभा के साथ मदर टेरेसा क्लीनिक के माध्यम से धर्मांतरण को बढ़ावा देना चाहती है.

उन्होंने कहा कि रिम्स-दो के बहाने यह सरकार किसानों पर कहर ढाना चाहती है. आज किसान अति वृष्टि से परेशान है. खरीफ की फसल और सब्जी बर्बाद हो रही है. भदाई फसलें बर्बाद हो चुकी हैं. लेकिन राज्य सरकार निश्चिंत बैठी है.

भाजपा मुख्य सचेतक ने कहा कि सीआईडी जांच के बहाने संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की परीक्षा के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश हो रही. मतदाता पुनरीक्षण का विरोध कर यह सरकार बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों का संरक्षण करते रहना चाहती है. पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करने वाली इस सरकार की नीयत साफ है, तो निकाय चुनाव में 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करे.

उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार समेत उक्त सभी मुद्दों को जोरदार तरीके उठाएगी. बैठक में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक नागेंद्र महतो, विधायक नीरा यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र तिवारी, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, अमित यादव, रोशनलाल चौधरी, उज्जवल दास, प्रदीप प्रसाद, पूर्णिमा दास साहू और मंजू कुमारी मौजूद रहीं.

## रांची की 3.85 लाख महिलाओं को मिला मंईयां सम्मान योजना का पैसा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की 3,85,751 महिलाओं को जून महीने की सम्मान राशि दी गई है. हर लाभुक को 2500 रुपए की दर से कुल 96 करोड़ 43 लाख 77 हजार 500 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजे गए. इसके अलावा, जिन महिलाओं को मई महीने की दूसरी किस्त नहीं मिली थी, ऐसे 74,534 महिलाओं को भी अब 18 करोड़ 63 लाख 35 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया है. इस योजना का मकसद महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है ताकि वे सम्मान से जी सकें. जून महीने में सबसे ज्यादा लाभुक कांके (31,460), मांडर (23,249), बेड़ो (20,564),




चान्हो (19,676), तमाड़ (18,452), रातू (18,424), ओरमांझी (18,121), बुढ़मू (17,599), नगड़ी (17,632), नामकुम (17,646), अनगड़ा (16,437) और सदर नगर निगम क्षेत्र (26,881) से रहे. वहीं, मई महीने की दूसरी किस्त में सबसे ज्यादा लाभ कांके (4,945), मांडर (4,276), बेड़ो (4,300), सिल्ली (4,381), तमाड़ (3,778), रातू (3,734), चान्हो (3,656), नगड़ी (3,633), नामकुम (3,532), हेहल (3,296) की महिलाओं को मिला. जिन महिलाओं का आवेदन पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन उनका बैंक खाता आधार से नहीं जुड़ा है, उन्हें अभी पैसा नहीं मिल पाया है. उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी ऐसी महिलाओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने खाते को आधार से लिंक करा लें ताकि योजना का पैसा उन्हें भी मिल सके.

अभी जिले में भौतिक सत्यापन (यानी फिजिकल वेरिफिकेशन) का काम भी चल रहा है. जिन महिलाओं का अब तक सत्यापन नहीं हुआ है, वे अपनी नजदीकी आंगनबाड़ी सेविका से मिलें, फॉर्म लें और जरूरी दस्तावेज जमा करें. जब सत्यापन पूरा हो जाएगा, तब उन्हें भी योजना का पैसा मिल जाएगा.

# पलामू-लातेहार-गढ़वा



## ब्रीफ न्यूज

### झामुमो युवा मोर्चा का पुनर्गठन, सूरज अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने पलामू झामुमो युवा मोर्चा का पुनर्गठन किया गया है. नई कमेटी में नए लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है. पुनर्गठित समिति में सूरज कुमार को जिलाध्यक्ष, कौशल किशोर को सचिव बनाया गया है. वहीं उपाध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, बबलू चौधरी, रजनीश कुमार सिंह, अरविंद चौधरी, शाकिब सिद्दीकी, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, सिद्धार्थ कुमार, सुनील कुमार, सहम खान, सह सचिव आशिष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार शुक्ला बनाए गए हैं. पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को ज़मीनी स्तर तक मजबूत करने की अपेक्षा जताई है.

### सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह

**लातेहार।** शहर के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 10वीं में अध्यापन करने वाले उन शिक्षकों और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा 2025 में छात्रों को न केवल शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कराया, बल्कि लातेहार जिले के टॉप 10 छात्रों में विद्यालय के कई छात्रों को शामिल करा कर विद्यालय का नाम रोशन किया. समारोह में ओंकारनाथ सहाय, राधे श्याम मिश्रा, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रेनू गुप्ता, मधु कुमारी और रजनी नाग को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### सेवानिवृत्त चौकीदारों को दी गई भावभीनी विदाई

**गारू (लातेहार)।** गारू थाना में शुक्रवार को एक भावुक एवं गरिमामय समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे दो अनुभवी चौकीदारों — चामू उरांव और उदयनाथ सिंह — को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई. थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार की ओर से दोनों कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर थाना की ओर से प्रतीक स्वरूप उन्हें छाता, कपड़ा और मिठाई भी प्रदान की गई. कार्यक्रम में गारू थाना प्रभारी पारसमणि ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों के दशकों के सेवा-भाव, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना की.

### बालूमाथ शहर दो घंटे हाथी के कब्जे में रहा

**बालूमाथ (लातेहार)।** शुक्रवार शाम लगभग दो घंटे तक बालूमाथ शहर एक झुंड से बिछड़े जंगली हाथी के कब्जे में रहा. चेताग मार्ग से शहर में प्रवेश करने वाले इस हाथी ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया. अचानक शहर में हाथी के आने से दुकानों के शटर गिरने लगे और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे. कई लोग हाथी का वीडियो बनाते हुए उसके पीछे-पीछे चल रहे थे, जबकि कुछ लोग सीटी बजाकर, लाइट फोकस कर और पटाखे चलाकर हाथी को भगाने का प्रयास कर रहे थे. हाथी गोबिंद नगर, नूर मोहल्ला, चांदनी चौक, जामा मस्जिद होते हुए ग़ालिब कॉलोनी, जिला परिषद बस स्टैंड के पास से एनएच 22 रांची चतरा मार्ग तक गया. स्थानीय लोगों ने आग जलाकर हाथी को कोमर जंगल की ओर भगाया. पुलिस प्रशासन ने सतर्कता दिखाते हुए लोगों को नुकसान से बचाने के लिए लगातार जागरूक किया, जबकि वन विभाग की भूमिका नगण्य रही.

## शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सुबह "चाय पर चर्चा" कार्यक्रम की शुरुआत की

# मेदिनीनगर में जनसंपर्क की नई परंपरा का आगाज

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**



शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आज सुबह ‘चाय पर चर्चा’ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जनसंपर्क की एक नई परंपरा की नींव रखी. उन्होंने सुबह करीब 6 बजे जीएलए कॉलेज के समीप स्थित जितेंद्र चाय दुकान, रेडमा चौक स्थित गुड्डू राम की चाय दुकान और अमृत हौटल के समीप अन्य प्रतिष्ठानों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने चाय पीते-पीते आम लोगों की राय जानी और उनकी समस्याएं सुनीं. इस जनसंपर्क कार्यक्रम में मनु तिवारी, सुनील पांडे, शुभम तिवारी, वार्ड पार्षद राजू राम, मुन्ना सिंह, बम सिंह, मनोज पंडित, अजय शुक्ला, विनय सिंह, गिरजा सोनी, धर्मेंद्र सोनी, अशोक तिवारी, संदीप सिंह, डॉ. मदन गुप्ता, जोगिंदर साव, उदय नारायण तिवारी, कृष्ण ठाकुर, राजकुमार यादव, अशोक साहू, मनीष विश्वकर्मा, अरविंद गुप्ता सहित अनेक स्थानीय लोग मौजूद थे. शंकर ने चाय दुकानों के मालिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके चाय के स्वाद एवं मिठास की सराहना करते हुए कहा कि ये दुकानें न केवल शहरवासियों की सुबह की शुरुआत का माध्यम हैं, बल्कि आपसी संवाद और सामाजिक जुड़ाव का केंद्र भी हैं. स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उन्होंने दुकानदारों को मोर के आकार वाले सुंदर डस्टबिन भी भेंट किए. उन्होंने अपील की कि लोग चाय पीने के बाद कप इधर-उधर न फेंके और शहर को स्वच्छ बनाने में नगर निगम का साथ दें. उन्होंने कहा, ‘अपने पहले कार्यकाल में मैंने जो समझा और कर सकी, वह किया, लेकिन बहुत से कार्य अधूरे हैं. आपसे सुझाव और आशीर्वाद लेकर उन्हें पूरा करूंगी.’ लोगों ने महापौर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि का इतनी सुबह चाय दुकानों पर जाकर लोगों से सहज बातचीत करना और उनके विचारों को गंभीरता से सुनना एक सकारात्मक और प्रशंसनीय पहल है. उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम का अगला कार्यकाल जनता की भागीदारी और पारदर्शिता से परिपूर्ण होगा. इस जनसंपर्क अभियान ने स्थानीय नागरिकों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है और यह पहल आगे भी निरंतर जारी रहने की उम्मीद है

## जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



**शुभम संदेश। लातेहार**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं. जन शिकायत निवारण शिविर में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से ज़मीन विवाद, रोजगार, आंगनबाड़ी सेविका चयन और पशुपालन से संबंधित समस्याएं शामिल थीं. प्रत्येक आवेदक की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

लातेहार प्रखंड के डेमू पंचायत अंतर्गत ग्राम निन्दिर की निवासी सुनीता देवी ने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने पशुपालन शेड की मांग की. उन्होंने बताया कि उनके पास कुछ मवेशी हैं, लेकिन शेड की अनुपलब्धता के कारण उन्हें रखने में परेशानी हो रही है. उपायुक्त ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी को अग्रसारित कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जन शिकायत निवारण शिविर इसी उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं. प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं.

### विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता रैली निकाली गई



**मेदिनीनगर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा स्तनपान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. रैली की शुरुआत उपायुक्त समीरा एस ने डीसी आवास से हरी झंडी दिखाकर की. रैली जिला समाहरणालय परिसर तक निकाली गई जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल रहीं. रैली उपायुक्त आवास से शुरू होकर छहमुहान होते हुए पलामू समाहरणालय पहुंची. इस दौरान उपायुक्त समीरा एस ने स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व भर में हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है. इस वर्ष का विषय है ‘स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें’. उन्होंने कहा कि प्रत्येक मां को स्तनपान कराने के लिए उचित जानकारी और समर्थन मिलना आवश्यक है. डिप्टी कलेक्टर जावेद हुसैन ने बताया कि शिशुओं के लिए पहले छह माह तक केवल स्तनपान सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है. साथ ही, स्तनपान के स्तर में सुधार के लिए परिवारों और समुदायों को जागरूक करना आवश्यक है. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने विश्व स्तनपान सप्ताह (01 से 07 अगस्त) के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्तनपान से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन के निर्देश दिए. उन्होंने मिशन शक्ति द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के दूरदराज के क्षेत्रों में करने का उल्लेख किया.

### चोरी का आरोपी संतु उरांव हुआ गिरफ्तार मोबाइल फोन बरामद

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना पुलिस ने चोरी के आरोपी संतु उरांव उर्फ फुदू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. आरोपी संतु उरांव तीसीबार गांव का निवासी है. पुलिस ने उसे एक दुकान से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन और नकद 1500 रुपये के मामले में पकड़ा है. थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता के अनुसार, खजुरी निवासी रामाशीष साव ने शिकायत की थी कि उसके दुकान से दो मोबाइल फोन और 1500 रुपये चोरी हो गए हैं.

इस मामले में नावाजयपुर थाना कांड संख्या 34/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया. जांच के दौरान संतु उरांव को संदिग्ध के रूप में चिन्हित किया गया. वह हाल ही में जेल से कांड संख्या 01/24 के आरोप में बाहर आया था. सत्यापन के दौरान संतु उरांव अपने घर पर अनुपस्थित पाया गया.

पुलिस ने डयनीखाड़ के पास उसकी छापामारी की, जहां उसे गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में आरोपी ने चोरी की निशानदेही की, जिसके बाद दो मोबाइल फोन और 600 रुपये नगद बरामद किए गए. छापामारी दल में थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता, पुअनि शिवदर्शन राम, एएसआई रवि कुमार लोहरा, बुद्धदेव, अभय कुमार राज, पुलिस जवान मदन रजक, अंजेश कुमार महतो, प्रदीप कुमार गंझू, दफादार उमेश कुमार महतो और चौकीदार बुअली कलंदर शामिल थे.

# आरबीआई ने किया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**शुभम संदेश। लातेहार**





भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के तत्वावधान में गुरुवार को महुआडांड़ प्रखंड में क्षेत्र स्तरीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने उपस्थित लोगों को वित्तीय समावेशन, बैंकिंग ओम्बड्समैन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी. सिंह ने कहा कि वित्तीय साक्षरता समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है. यह न केवल धन अर्जित करने बल्कि उसे सही ढंग से उपयोग, निवेश, बचत और जोखिम प्रबंधन करने का ज्ञान भी देती है. कार्यक्रम में आरबीआई, एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी एवं स्थानीय बैंक शाखा प्रमुख उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. स्वयं सहायता समूहों ने अपने बैंकिंग अनुभव साझा किए और आरबीआई की इस पहल की सराहना की. कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को जागरूक कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था.

### संपत्ति से बेदखल करने वाले पिता ने जारी किया घोषणा पत्र

**हैदरनगर (पलामू)।** 72 वर्षीय लक्ष्मी विश्वकर्मा ने अपने बड़े पुत्र संजय विश्वकर्मा और बहू सरिता देवी को मानसिक उत्पीड़न और पारिवारिक कलह के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है. उन्होंने 28 जुलाई 2025 को एक विधिवत घोषणा पत्र जारी कर इस बात की जानकारी सार्वजनिक की. इस पत्र में लक्ष्मी विश्वकर्मा ने कहा है कि उनका बड़ा बेटा और बहू लगातार उन्हें गाली-गलौज, मारपीट और धमकियां देते हैं, जिससे उन्हें और उनकी पत्नी को मानसिक कष्ट सहना पड़ता है. दूसरी ओर, उनका छोटा पुत्र शशिकांत विश्वकर्मा उनका सम्मान करता है और सेवा भाव से रहता है. घोषणा पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संजय और सरिता का भविष्य में पारिवारिक पूजा-पाठ, सुख-दुख या किसी अन्य पारिवारिक मामले में कोई हिस्सा नहीं रहेगा. यदि भविष्य में किसी अप्रिय घटना का सामना करना पड़े तो इसके लिए परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होंगे.

# बिहार जा रहे कंटेनर से 1068 पेटी शराब बरामद

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

नावाबाजार थाना पुलिस ने चेक पोस्ट पर बिहार की ओर जा रहे एक कंटेनर से 1068 पेटी में विभिन्न कंपनियों के शराब बरामद किया है. साथ ही मौके पर से दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा के भिवानी जिला अंतर्गत बवानीखेड़ा थाना के रोहनात निवासी रामदिया व जिंद जिला के उचाना थाना अंतर्गत सुरबरा निवासी विजय शामिल हैं. नावाबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचना मिली थी कि गढ़वा की ओर से आ रहे एक कंटेनर (सीजे 39 टी 0957) से अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है. सूचना के बाद नावाबाजार थाना पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-98 स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान उक्त कंटेनर को रोका गया. चालक व खलासी ने बताया कि वाहन में प्लाईवुड लोड है जिसे वे बिहार ले जा रहे हैं. मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर कंटेनर की तलाशी लेने के बाद कंटेनर के अंदर बड़ी मात्रा में शराब की पेटियाँ बरामद की गईं. बरामद शराब में इंपीरियल ब्लू 180 मिली का 9360, इंपीरियल ब्लू 375 मिली का 3552, मैकडॉवेल 180 मिली का 12048, मैकडॉवेल 375 मिली का 8064 व मैकडॉवेल कंपनी के 750 मिली का 1656 बोतल शामिल है. पूछताछ में दोनों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वे चंदन सिंह (पता अज्ञात) के निर्देश पर छत्तीसगढ़ से उक्त शराब लेकर बिहार जा रहे थे. उन्होंने यह भी बताया कि चंदन सिंह के अलावा अन्य व्यक्ति भी इस अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त हैं. छापामारी दल में थाना प्रभारी सुबोध कुमार, पुअनि विपिन कुमार, एएसआई हरिदर्शन राम, पुलिस जवान चंचल कुमार राय, विरेन्द्र कुमार, मुन्ना कुमार, नरेन्द्र कुमार, बृज कुमार वर्मा, शिव कुमार चौधरी, अखिलेश कुमार शामिल हैं.

## गढ़वा

## रंका के दूधवल पंचायत के मुखिया पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप

# अब आदिवासी परिवारों ने लगाई न्याय की गुहार

**शुभम संदेश। गढ़वा**



रंका अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दूधवल पंचायत के बाराडीह गांव स्थित तितही महुआ टोला के आदिवासी परिवारों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है. ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी लगातार उन पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं. पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है. यह मामला उस घटना से जुड़ा है, जब महुआ चुनने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. इस मामले में चार लोगों को पहले ही रंका थाना पुलिस ने 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. पीड़ित परिवार के दो अन्य सदस्य लालजी सिंह और उचित सिंह, जो घटना के समय क्रमशः छत्तीसगढ़ और चेन्नई में मजदूरी कर रहे थे, अब इस आशंका से डरे हुए हैं कि कहीं उन्हें भी झूठे मामले में फंसा कर जेल न भेज दिया जाए.

ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया इजहार अंसारी उन्हें यह कहकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर रहे हैं कि अगर वे इस्लाम स्वीकार कर लेंगे, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा. अन्यथा, पूरे परिवार को फर्जी मामलों में फंसा दिया जाएगा. पीड़ितों का कहना है कि मुखिया का दबाव और धमकी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे गांव में भय और तनाव का माहौल है. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मुखिया इजहार अंसारी पहले भी एक युवती के साथ धर्म परिवर्तन के नाम पर 20 वर्षों तक यौन शोषण करने के मामले में जेल जा चुके हैं. अब एक बार फिर उन पर धर्म परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों पर दबाव डालने का आरोप लगा है. पीड़ित परिवार के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि वे निर्दोष हैं और घटना के दिन गांव में मौजूद नहीं थे. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और मुखिया की दबंगई पर रोक लगाई जाए. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे गांव छोड़ने या आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि उन्हें सुरक्षा और न्याय मिल सके.

### अनियंत्रित बस की चपेट में आए मासूम की मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम मो. अर्श की मौत हो गई. वह अपने पिता मो. माजिद के साथ किराना दुकान के पास था, तभी सिंहवाहिनी यात्री बस ने उसे कुचल दिया. गंभीर रूप से घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया. गुस्साए ग्रामीणों ने बस को चितरपुर के पास ओवरटेक कर रोका और चालक की जमकर पिटाई कर दी. मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी रामजी ठाकुर ने चालक को भीड़ से सुरक्षित निकाला. घायल चालक कुंदन राम को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया. मासूम की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-22 को जाम कर दिया.

## एक नजर

### साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता बैठक

**पांडू (पलामू)।** पांडू सचिवालय में झारखंड राज ग्रामीण बैंक की ओर से साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित की गई. बैठक में बैंक शाखा प्रबंधक मनीष कुमार बरनवाल ने महिला समूहों और ग्रामीण खाताधारियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कोई भी बैंक या प्रशासनिक अधिकारी किसी भी स्थिति में खाताधारियों से खाता विवरण या ओटीपी की मांग नहीं करता है. यदि कोई व्यक्ति ऐसी जानकारी मांगता है, तो वह निश्चित रूप से साइबर अपराधी है. बैंक प्रबंधक ने सभी से अपील की कि वे सतर्क रहें और ऐसे मामलों की तुरंत सूचना बैंक या नजदीकी थाना को दें ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय हानि से बचा जा सके. बैठक में सीएसपी संचालक सुरेंद्र कुमार पांडे, उप मुखिया चंदन मेहता समेत करीब 80 महिला एवं पुरुष खाताधारियों ने भाग लिया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी को गंभीरता से लिया और सजग रहने की प्रतिबद्धता जताई. बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता फैलाना था.

### भाजपा ने विधायक प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**चंदवा (लातेहार)।** भाजपा चंदवा मंडल की ओर से शुक्रवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विधायक प्रकाश राम द्वारा मनोनीत किए गए विधायक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया. समारोह की अध्यक्षता चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने की, जबकि मंच संचालन दीपक निषाद ने किया. समारोह में सुरेश यादव को चंदवा प्रखंड के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया. अमित कुमार ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभागों के लिए अलग-अलग प्रतिनिधियों की नियुक्ति से जनता को अपनी समस्याओं के समाधान में सुविधा होगी. उन्होंने सभी मनोनीत प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू, नवाहिर उरांव, आदर्श रवि राज, राजू उरांव, विजय दुबे, राजेंद्र यादव, विनय वर्मा, देवमोहन सिंह, संजीव आजाद, बिनोद कुमार गुड्डू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. समारोह में शिवनाथ यादव, अवधेश यादव, राधे साव, हीरामनी देवी, विभा देवी समेत कई स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण क्षण बताया.

### विजय सिंह का निधन, लोगों ने दी अंतिम विदाई

**पांडू।** शुभम संदेश के पांडू संवाददाता राम पूजन सिंह के बड़े साले विजय कुमार सिंह (उम्र लगभग 65 वर्ष) का निधन आज प्रातः लगभग 8:00 बजे नाग पंचमी के दिन हो गया. वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे. उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. दाह संस्कार में मुसिखाप पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद कुमार सिंह, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साह उर्फ ठेघु साह, मामा शारदा प्रसाद सिंह, पूर्व शिक्षक रामविलास सिंह, अजय कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, उदेश्वर सिंह, सरजू सिंह, भागीना एस. कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, डिएन सिंह, प्रदीप सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया.

### बरवाडीह स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों का ठहराव होगा

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस (12873/12874) और हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस (13025/13026) के ठहराव की लंबे समय से की जा रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है. यह ठहराव 2 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा. पूर्वी जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा नेता कन्हाई सिंह के निरंतर प्रयास और सांसद कालीचरण सिंह की सक्रिय पहल से यह उपलब्धि संभव हुई है. सांसद ने रेलवे मंत्रालय से लगातार संपर्क में रहकर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है. इसके अलावा, केचकी स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस तथा छिपादोहर स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव भी पुनः बहाल कर दिया गया है. यह निर्णय क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी राहत और सौगात के रूप में देखा जा रहा है. कन्हाई सिंह ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बरवाडीह जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव न होना वर्षों से एक बड़ी समस्या थी, जिसे अब दूर कर दिया गया है.

### छात्रों को केंद्र की योजनाओं की दी गई जानकारी

**लातेहार।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार में केंद्र सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के प्रति युवाओं को जागरूक करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने युवाओं को बताया कि केंद्र सरकार की कई योजनाएं युवाओं के विकास के लिए चलाई जा रही हैं, जिनकी जानकारी से वे उनका लाभ उठा सकते हैं. कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में जागरूकता आती है और वे राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभा सकते हैं. डीपीएम गौरव कुमार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी. जिला उद्योग केंद्र के ईओडीबी मैनेजर कुणाल शाहदेव ने पीएम विश्वकर्मा और पीएम रोजगार सृजन योजना के लाभ बताए. एसबीआई से प्रतीक कुमार ने पीएम स्वनिधि, मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता को सरल भाषा में समझाया. कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार गौतम ने किया.

### फजायल बने झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर पूर्वी के जिप सदस्य फजायल अहमद को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अल्पसंख्यक मोर्चा का पलामू जिलाध्यक्ष दूसरी बार चुना गया है. झामुमो की केंद्रीय समिति के महासचिव द्वारा जारी पत्र में उन्हें दोबारा इस जिम्मेदारी से नवाजा गया है. इस उपलब्धि पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, सचिव और पलामू जिला समिति ने फजायल अहमद को बधाई दी है. फजायल ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष पद सौंपा है, उसके लिए वह पार्टी के प्रति आभारी हैं और निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे. उनकी इस नियुक्ति पर हजारों मोर्चा कार्यकर्ता और समर्थक उनके आवास पर पहुंचकर ‘फजायल अहमद जिंदाबाद, झामुमो जिंदाबाद’ के नारे लगाते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर बधाई दी. फजायल की इस जीत ने पलामू में झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा को मजबूती दी है और कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया है. अब वे पूरी लगन से अपने कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्पित हैं.

### पार्वती देवी ने सांसद प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** बालुमाथ प्रखंड के डाढ़ा गांव की आंगनबाड़ी सेविका पार्वती देवी ने सेवा से अचानक हटाए जाने को लेकर न्याय की गुहार लगाई है. उनकी अस्वस्थता के कारण उनकी पुत्री ने सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा. पार्वती देवी ने पूर्व में उपायुक्त लातेहार को भी आवेदन दिया था. ज्ञापन में बताया गया कि वे डाढ़ा-II आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के रूप में नियमित रूप से कार्य कर रही थीं. लेकिन 6 मई को पर्यवेक्षिका ने उनके व्हाट्सएप नंबर पर सेवानिवृत्ति का आदेश भेजते हुए उन्हें कार्य से हटा दिया और सुषमा कुंवर को प्रभार सौंप दिया गया. पर्यवेक्षिका के अनुसार पार्वती देवी की उम्र सेवानिवृत्ति की हो गई है, जबकि पार्वती देवी ने इसे गलत बताते हुए अपनी उम्र अभी नियमानुसार नहीं होने की बात कही है. उन्होंने मामले की जांच कर पुनः सेविका पद पर बहाल किए जाने की मांग की है. सांसद प्रतिनिधि ने उन्हें सांसद कालीचरण सिंह तक मामला पहुंचाने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

### बरवाडीह में थाना प्रभारी ने परिचय बैठक की

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह थाना के नए थाना प्रभारी अनूप कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और आम नागरिकों के साथ परिचय व संवाद बैठक की. बैठक का उद्देश्य क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखना और स्थानीय समस्याओं को समझना था. थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था संभव है. उन्होंने अपराध पर रोकथाम, यातायात व्यवस्था और जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया. बैठक में एएसआई सुनील कुमार मंडल, अनुराग कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी का पारंपरिक गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया. इस अवसर पर मुखिया संजय सिंह, कालो देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, नसीम अंसारी, अलीहसन अंसारी समेत कई लोग उपस्थित रहे. लोगों ने अवैध खनन, अतिक्रमण, सड़क सुरक्षा और आपसी विवादों के निपटारे की मांग उठाई. बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई और सभी ने थाना को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की हुई दर्दनाक मौत

**हजारीबाग।** भेलवारा पंचायत के ग्राम बोचो में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक राजन कुमार की मौत हो गई. राजन अपने खेत में धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे, तभी ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया और वह ट्रैक्टर के नीचे दब गए. घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास कोई मदद के लिए पहुंच नहीं पाया. ग्रामीणों के पहुंचने तक राजन की सांसें थम चुकी थीं. उन्हें कीचड़ से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. राजन, अशोक मधुकर के सबसे छोटे पुत्र थे और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में मदद करते थे. उनकी असमय मौत से परिवार सदमे में है और गांव में शोक की छाया फैल गई है.

### सड़क हादसे में शिक्षक की दर्दनाक मौत

**हजारीबाग।** शुक्रवार को हजारीबाग फोरलेन स्थित सिंघानी ओवरब्रिज पर एक मालवाहक वाहन (टीपर) की चपेट में आने से शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई. वे इचाक थाना क्षेत्र के भुसाई गांव के निवासी थे और फिलहाल हजारीबाग शहर के सुरेश कॉलोनी में रह रहे थे. घटना के बाद भुसाई गांव में शोक की लहर दौड़ गई. जितेंद्र कुमार सिंह देवकुली स्कूल में पदस्थापित थे और हर दिन की तरह शुक्रवार को भी स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे. सिंघानी ओवरब्रिज पर पहुंचते ही तेज रफ्तार मालवाहक ने उन्हें कुचल दिया. स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### 6 से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, खेलप्रेमी उत्साहित

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्राम गडगी स्थित पानी टंकी के समीप आजाद हिंद क्लब के तत्वावधान में आगामी 6 अगस्त से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा. टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. टूर्नामेंट का उद्घाटन पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी यादव व बीडीओ गौतम कुमार करेंगे. इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार एक हीरो मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार सीडी डिलक्स मोटरसाइकिल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को भी आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे. उद्घाटन मैच महिला खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा, जिसके बाद पुरुषों का मुकाबला होगा. आयोजन समिति ने बताया कि शुरुआती मैच में क्षेत्र की दो चर्चित टीमें आमने-सामने होंगी, जिससे रोमांच चरम पर रहेगा.

## पीवीटीजी समुदाय की रश्मि बिरहोर की राष्ट्रपति से की प्रेरणादायक मुलाकात

# राष्ट्रपति मुर्मू ने संथाली भाषा में किया संवाद

**शुभम संदेश।रामगढ़**



झारखंड के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) से ताल्लुक रखने वाली रश्मि बिरहोर ने गुरुवार को रांची के राजभवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. इस मौके पर रश्मि के साथ टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के असिस्टेंट मैनेजर दीपक कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे. यह उपलब्धि टाटा स्टील फाउंडेशन की 'आकांक्षा परियोजना' की मदद से संभव हुई, जो बिरहोर समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके जीवन में बदलाव ला रही है. रश्मि ने इस अवसर पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि वह देश की राष्ट्रपति से मिलकर बहुत गर्व महसूस कर रही हैं. उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उनसे और उनके माता-पिता से बातचीत की, साथ ही संथाली भाषा में संवाद कर उन्हें सहज महसूस कराया. रश्मि ने टाटा स्टील फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि 'आकांक्षा परियोजना' ने उन्हें शिक्षा का अवसर दिया, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी है. उनका मानना है कि शिक्षा से न केवल उनका बल्कि उनके पूरे समुदाय का भविष्य उज्ज्वल होगा. टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने कहा कि रश्मि की सफलता से हमें गर्व है. उन्होंने बताया कि 'आकांक्षा परियोजना' का उद्देश्य हर बच्चे को समान अवसर देना और उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने भविष्य को खुद बना सकें. रश्मि की कहानी न सिर्फ उनकी, बल्कि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है. टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के जनरल मैनेजर अनुराग दीक्षित ने कहा कि यह मुलाकात पीवीटीजी समुदाय के लिए गर्व का पल है. उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के इस प्रेरणादायक कदम के लिए आभार जताया और कहा कि यह मुलाकात सैकड़ों बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देगी. रश्मि ने वर्ष 2017 में 'आकांक्षा परियोजना' से जुड़कर अपनी शिक्षा यात्रा शुरू की. उन्होंने सेंट रॉबर्ट्स गर्ल्स स्कूल, हजारीबाग से पढ़ाई पूरी की और फिर जी.एम. ईवनिंग कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की. वे रामगढ़ जिले के पीवीटीजी समुदाय की पहली छात्रा हैं जिन्होंने मैट्रिक और ग्रेजुएट दोनों परीक्षाएं सफलतापूर्वक पास की हैं.

रश्मि की सफलता 'आकांक्षा परियोजना' के समावेशी शिक्षा प्रयासों का प्रमाण है, जो वंचित समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने और सशक्त बनाने में मदद कर रही है. उनकी मुलाकात राष्ट्रपति से न केवल उनकी उपलब्धि का जश्न है, बल्कि पूरे पीवीटीजी समुदाय के युवाओं की बढ़ती आशाओं और आकांक्षाओं को भी दर्शाती है.

## जन वितरण प्रणाली डीलरों ने बकाया कमीशन भुगतान को लेकर दिया धरना

# पीडीएस प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शुभम संदेश।हजारीबाग**



जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के विक्रेताओं ने अपने बकाये कमीशन के भुगतान तथा अन्य गंभीर समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नया समाहरणालय के बाहर फेयर्स प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना दिया. इस धरने की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नंदू प्रसाद ने की. धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा. धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य के पीडीएस बिक्रेताओं की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है. कोरोना काल के दौरान बकाया कमीशन का भुगतान अभी तक अधूरा है. मार्च 2023, सितंबर 2023, दिसंबर 2024, जनवरी 2025 से मार्च 2025 तथा अप्रैल 2025 से जुलाई 2025 तक का कमीशन भी बकाया है, जो अभी तक विभिन्न जिलों के अनुसार अपडेट नहीं हुआ है. इसके अलावा, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत खाद्यानों का पिछले 18 माह से कमीशन का भुगतान न होना बिक्रेताओं के लिए एक गंभीर आर्थिक संकट बन गया है. वक्ताओं ने राज्य सरकार के उस आदेश पर भी चिंता जताई जिसमें गंभीर बीमारी से ग्रसित और लाचार बिक्रेताओं की अनुज्ञप्ति को हस्तानांतरण करने की बात कही गई थी, लेकिन इस दिशा में गाइडलाइंस जारी न होने के कारण उक्त बिक्रेताओं को राहत नहीं मिल पा रही है. इससे बेरोजगार नोमिनियों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है.

धरना में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन की रिपेयरिंग के नाम पर गरीब बिक्रेताओं से 1700 से 2200 रुपये की अनावश्यक वसूली की जा रही है, जबकि स्वयं बिक्रेता अपने स्तर पर 200 से 300 रुपये में मशीन की मरम्मत करवा सकते हैं. साथ ही सचिव के साथ हुई बातचीत के बाद यह मांग भी उठाई गई कि अगस्त 2025 तक 4जी ई-पॉश मशीनों को स्मार्ट पीडीएस मशीन में बदल दिया जाए. पेपरलेस सिस्टम को पूरी तरह ऑनलाइन करने के कारण अनावश्यक भंडार पंजी और बिक्री पंजी की बाध्यता को समाप्त किया जाना चाहिए. ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने की जिम्मेदारी विभाग और लाभार्थी दोनों की होती है, लेकिन जुलाई में एनआईसी द्वारा ई-केवाईसी हेतु कोई सहयोग नहीं दिया गया. वक्ताओं ने कहा कि तीन महीने के खाद्यान वितरण में डीलरों को भारी मेहनत करनी पड़ रही है, लेकिन प्रशासनिक दबाव, स्पष्टीकरण और निलंबन की कार्रवाई से वे दबाव में हैं, जिसका वे विरोध करते हैं. ई-केवाईसी प्रक्रिया में लाभार्थी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई मदद नहीं मिल रही है.

झारखंड में पायलट योजना के तहत लागू स्मार्ट पीडीएस योजना में कई तकनीकी खामियां हैं. वितरण के बाद ऑनलाइन पोर्टल पर वितरण में भिन्नता आती है, जिसके कारण बिक्रेताओं को उनकी पूरी आवंटन राशि नहीं मिल पाती है. यदि सितंबर 2025 से पूरे राज्य में स्मार्ट पीडीएस लागू होता है तो यह समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं. इसलिए इस योजना को लागू करने से पहले इन मुद्दों का समाधान जरूरी है. विक्रेताओं ने बताया कि वे कई बार विभाग के समक्ष अपनी समस्याएं लेकर गए हैं, लेकिन त्वरित कार्रवाई नहीं हुई. इस कारण वे मजबूर होकर 1 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया. राज्य के 25269 पीडीएस बिक्रेता न केवल इन समस्याओं से जूझ रहे हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी बहुत कमजोर हो चुके हैं. इसके बावजूद वे सरकार की अन्य योजनाओं को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं. विक्रेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वे उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें और शीघ्रता से बकाये कमीशन का भुगतान एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं. यह धरना बिक्रेताओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है, ताकि वे सम्मानजनक ढंग से अपना कार्य कर सकें और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके.

### बिरहोर परिवारों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** चलकुसा प्रखंड के जमसोती गांव के बिरहोर परिवारों ने जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ग्राम जमसोती में बिरहोर परिवारों की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी न के बराबर है, जबकि अन्य ग्रामणियों को विकास कार्यों में प्राथमिकता मिल रही है. खासकर आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के चयन में बिरहोर परिवारों को अनदेखा किया जा रहा है. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सरकार द्वारा बिरहोर समुदाय के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन उनका लाभ सही तरीके से बिरहोर परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है.

### संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** टाउन हॉल में शुक्रवार को नीति आयोग अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, सांसद व विधायक प्रतिनिधि सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे. अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत ने आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम की जानकारी दी. बताया गया कि जुलाई से सितंबर 2024 तक चले संपूर्णता अभियान में रामगढ़ जिला ने 6 में से 5 इंडिकेटर पर 100% लक्ष्य हासिल किया. प्रखंड स्तर पर भी 5 इंडिकेटर 100% सैचुरेट किए गए.

## मास्टरमाइंड अनिल पांडेय समेत तीन गिरफ्तार हुए

**शुभम संदेश।कोडरमा**



बहुचर्चित सनोज पांडेय हत्याकांड में कोडरमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को धनबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मुख्य साजिशकर्ता अनिल पांडेय, महिला अभियुक्त कंचन देवी और अंजली कुमारी शामिल हैं. तीनों आरोपी कोडरमा जिले के सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेय मुहल्ला, माधोपुर गांव के निवासी हैं. गौरतलब है कि 4 जुलाई को सनोज पांडेय पर पड़ोसियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था. गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें रिम्स, रांची में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी. मृतक के भाई अनुज कुमार पांडेय के बयान पर सतगावां थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया था.

अब तक इस मामले में कुल सात अभियुक्त चिह्नित किए गए हैं. इनमें से एक आरोपी सुनील यादव पहले ही गिरफ्तार होकर न्यायिक हिरासत में है, जबकि एक नाबालिग लड़की को बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है. तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई. सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को धनबाद के सोनार डंगाल, कुदरा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया.

## बीओआई में मानसिक स्वास्थ्य और प्रेरणा सत्र का आयोजन

**शुभम संदेश।हजारीबाग**

बैंक ऑफ इंडिया, हजारीबाग के आंचलिक कार्यालय के बिरसा मुंडा सभागार में शुक्रवार को "मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रेरणा सत्र" का आयोजन किया गया. इस सत्र का नेतृत्व झारखंड के प्रसिद्ध मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं मोटिवेशनल कोच डॉ. राहुल रंजन ने किया. सत्र का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना, कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल पैदा करना तथा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन स्थापित करना था.

डॉ. राहुल रंजन ने अपनी विशेष "मोटिवेशन थेरेपी सेशन" के माध्यम से कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आत्म-मूल्यांकन और प्रेरणा के नए आयामों से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि कैसे सकारात्मक सोच और नियमित आत्ममंथन से जीवन में स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है.

इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में मानसिक संतुलन और प्रेरणा का अत्यंत महत्व है. उन्होंने डॉ. राहुल रंजन द्वारा संचालित इस सत्र को सभी स्टाफ के लिए अत्यंत लाभकारी बताया. उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और कार्यक्षमता में सुधार करते हैं. सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई

## विवाहिता के साथ मारपीट व पेशाब पिलाने का मामला दर्ज

**शुभम संदेश।कोडरमा**

जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहिता के साथ मारपीट करने व पेशाब पिलाने का मामला प्रकाश में आया है. महिला ने अपने पति पर लगाते हुए शुक्रवार को मरकच्चो थाना में आवेदन दिया है. आवेदन में महिला ने कहा है कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ 2022 में मरकच्चो प्रखण्ड के उत्तरी पंचायत स्थित ब्लॉक पर सोनु साव, पिता स्व. वासुदेव साव के साथ हुआ था. पीड़ित महिला ने आवेदन में बताया है कि शादी होने के बाद 10 माह तक सब ठीक-ठाक रहा. उसके बाद मेरे पति सोनु साव के द्वारा पांच लाख नगद रुपया अपने मां बाप से मांग कर लाने को कहने लगा. जब हम बोले कि मेरे पिताजी गरीब हैं. वह नहीं दे पाएंगे तो मेरे पति के द्वारा मेरे साथ मारपीट किया जाने लगा. वही 27 जुलाई को शाम 4:00 बजे मेरे पति ने मुझसे कहा कि रक्षाबंधन में तुम अपने मायके जा रही हो तो अपने मां-बाप से 500000 लाख मांग कर लेते आना. जब मैं अपने पति से कहा कि मेरे पिताजी देने में असमर्थ हैं तो मेरे पति ने मुझे कमरे में बंद कर मेरे साथ मारपीट किया और जब मैं पानी की मांग की तो वह मुझे पेशाब पीला दिया. महिला ने यह भी बताया कि इसके पूर्व भी मेरे पति मेरे साथ मारपीट करते हुए छत पर से नीचे धकेल दिए थे. जिससे मेरा दोनों पैर टूट गया था. वही ग्रामीण स्तर पर समझौता कर मामला को निपटा दिया गया था. वही दिए गए आवेदन में महिला ने मरकच्चो थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है.

**नलवा** | डीसी ने डोमचांच में विद्यालय और पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण

# प्रशासनिक व्यवस्था सुधारने के दिए कड़े निर्देश

**शुभम संदेश।कोडरमा**



उपायुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नलवा का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों और 'प्रोजेक्ट रेल' के तहत कार्यों की गहन समीक्षा की. निरीक्षण में उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पठन-पाठन व्यवस्था, पोषण वाटिका, शौचालय और रसोईघर की स्वच्छता का बारीकी से निरीक्षण किया. इसके साथ ही विभिन्न पंजी एवं रजिस्टरों का भी सूक्ष्म परीक्षण किया गया. विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर उपायुक्त ने असंतोष जताया और शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी शैक्षणिक और सहायक गतिविधियों में सुधार के लिए प्रभावी और ठोस कार्य योजना अपनाने को कहा ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिल सकें.

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने पंचायत भवन जौनपुर का भी दौरा किया. वहां उन्होंने योजना पंजी, स्टॉक रजिस्टर, कैश बुक, ज्ञान केंद्र से संबंधित अभिलेख और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच की. पंचायत स्तर पर कार्य निष्पादन में पारदर्शिता बनाए रखने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उपायुक्त के निर्देशों का समर्थन किया और शीघ्र सुधार के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की. उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए निरंतर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें. इस निरीक्षण से प्रशासनिक सुशासन और शिक्षा क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक मजबूत संदेश गया है.

### उच्च विद्यालय नलवा में वन महोत्सव का आयोजन

**कोडरमा।** कोडरमा वन प्रदक्षेत्र एवं वन प्रमंडल के तत्वावधान में डोमचांच प्रखंड अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नलवा परिसर में भव्य वन महोत्सव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में उपायुक्त श्री ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे माहौल पूजनीय और सजीव बन गया. उपायुक्त ऋतुराज ने अपने संबोधन में वन संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वन न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और संतुलित जीवन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की भागीदारी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है.

### मध्यगोपाली हरिजन टोला में सड़क क्षतिग्रस्त

**चौपारण।** प्रखंड के मध्यगोपाली हरिजन टोला को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली एकमात्र कच्ची सड़क हालिया भारी बारिश के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. बारिश की वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा कटकर बह गया है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही बाधित हो गई है और दोपहिया वाहनों का आवागमन लगभग ठप हो गया है. स्थानीय निवासी बसंत राणा, परमेश्वर उर्फ लुटा भुंइया, सुमित्रा देवी, सहोदरी देवी और उर्मिला देवी ने बताया कि सड़क पहले से ही जर्जर थी, लेकिन अब हालात और भी गंभीर हो गए हैं. ग्रामीण पैदल चलने में भी खतरा महसूस कर रहे हैं. खराब सड़क की वजह से खासकर बुजुर्गों और छात्रों को बहुत कठिनाई हो रही है. आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस तक गांव में प्रवेश नहीं कर पा रही है, जिससे जान-माल का खतरा बढ़ गया है. ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत इस मार्ग पर पुलिया निर्माण कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है.

## एक नजर

### सावन समारोह में झूमीं कोडरमा की महिलाएं गीत-संगीत और नृत्य से बांधा समां



**कोडरमा।** सावन के पावन महीने के उल्लास और पारंपरिक सांस्कृतिक रंग को समर्पित एक भव्य ₹सावन समारोह₹ का आयोजन होटल सेलिब्रेशन, कोडरमा में किया गया. इस आयोजन का नेतृत्व गुड़िया देवी ने किया, जिसमें दुधीमाटी और विवेकानंद कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गीतों और स्वागत नृत्य से हुई. महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर समारोह में चार चांद लगा दिए. सखी मिन्नी प्रसाद, उषा देवी, पुष्पा पटेल, विभा सिंह, मोनी सिंह, प्रीति सिन्हा, कंचन वर्णवाल, अलका देवी, मनिता सिंह, कल्पना देवी और किरण देवी समेत कई महिलाओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.

### नीतीन ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाया

**चौपारण।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में एक कार्यक्रम के दौरान नौवीं कक्षा के छात्र नीतीन कुमार ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाया. नीतीन ने बरही के विधायक को स्वयं बनाई हुई पेंटिंग भेंट की, जिससे विधायक भावुक हो उठे. उन्होंने कहा कि यह पेंटिंग न केवल एक सुंदर कलाकृति है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण भी है. विधायक ने नीतीन की कला और समर्पण की प्रशंसा करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणा माना. इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. दिलावर अंसारी, शिक्षक मुकेश कुमार, भुनेश्वर साव, सुरेश प्रसाद और प्रबंधन समिति अध्यक्ष पिंटू सोनी सहित कई शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे.

### मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा शिवपुरी इकाई द्वारा हिन्दी साहित्य के महान लेखक मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई. कार्यक्रम का आयोजन राजीव रंजन के आवास पर किया गया. आयोजन की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की वंदना से हुई, उसके बाद जिला अध्यक्ष एवं महिला अध्यक्ष ने प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय तथा महिला अध्यक्ष सुधा वर्मा थे. सभा की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन उप समिति अध्यक्ष बैजनाथ लाल ने किया.

### वन महोत्सव पर 'एक पौधा बच्चों के नाम' अभियान

**कटकमदाग।** वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत अवसर संस्था ने कटकमदाग प्रखंड के बनादाग दुर्गा मंदिर प्रांगण में ₹एक पौधा बच्चों के नाम₹ अभियान का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग के सहयोग से बानादाग ग्रामीण महिलाओं को एक हजार एक पेड़ वितरित किए गए. कार्यक्रम में पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ मौन प्रकाश, अवसर संस्था के सचिव विकास कृष्णा गहलोत, पाणिनि आईएएस अकादमी के डॉ. प्रकाश कुमार, एवं समाजसेवी विवेकानंद सिंह मुख्य अतिथि थे. डीएफओ मौन प्रकाश ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि पेड़ लगाना क्यों आवश्यक है.

### खेलकूद बच्चों के विकास के लिए जरूरी: सीडी सिंह

**रजरप्पा।** डीएवी मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय 'खेलो झारखंड 2025-26' कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ. इस आयोजन में चितरपुर प्रखंड के 17 विद्यालयों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया और 22 विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई. कार्यक्रम का शुभारंभ रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इंशाअल्लाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि सीडी सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ खेलकूद की भूमिका पर बल दिया. उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है. उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को रामगढ़ के सिद्धू कान्हू मैदान में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर भी दिया.

### धनवार पंचायत सचिवालय में एनएसपी शिविर आयोजित

**बरही।** धनवार पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसपी) के अंतर्गत एकदिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया. शिविर की अध्यक्षता पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव सरोज कुमार ने किया. इस दौरान कुल 34 वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) सफलतापूर्वक जेनरेट किया गया. शिविर का उद्देश्य पेंशनधारियों को तकनीकी समस्याओं से मुक्त कर पेंशन सेवा सुचारू रूप से प्रदान करना था. पंचायत सचिवालय में आधार प्रमाणीकरण, बायोमेट्रिक पहचान और दस्तावेज जांच के बाद डीएलसी जारी किया गया.

### रामगढ़ में सीपीआर व फर्स्ट एड प्रशिक्षण अभियान तेज

**रामगढ़।** जिले में आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन ने व्यापक सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण अभियान शुरू किया है. उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर 15 अगस्त तक 1 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय किया गया है. अब तक हजारों लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि 3229 मास्टर ट्रेनर पहले ही तैयार किए जा चुके हैं. शुक्रवार को दुलमी, गोला, पतरातू, चितरपुर और मांडू प्रखंडों के विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों में ग्रामीणों, विद्यार्थियों व आमजन को सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया.

### पेटो में सुनीता कुमारी का रसोइया पद पर चयन

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय पेटो में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के लिए एक रसोइया का चयन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी ने की. इस दौरान दो महिलाओं ने रसोइया पद के लिए आवेदन दिया था, जिनमें मतदान प्रक्रिया के तहत समिति के सदस्यों ने भाग लिया. मतदान में सुनीता कुमारी, पति स्व. मनोहर को 9 वोट मिले, जबकि दूसरी उम्मीदवार रूबी देवी को मात्र 1 वोट प्राप्त हुआ. अधिक वोट मिलने के कारण सुनीता कुमारी को विद्यालय का रसोइया नियुक्त किया गया.

### आकांक्षा हाट 2025 में पीएम विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार

कोडरमा। आकांक्षा हाट 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय कारीगरों, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया. इस सेमिनार में योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मकसद देश के पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक, तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है. इससे 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा. उपस्थित लोगों ने योजना में गहरी रुचि दिखाई और इससे जुड़ने की इच्छा जताई.

### दुकानों की बंदोबस्ती संबंधी महत्वपूर्ण सूचना जारी

**हजारीबाग।** सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग ने जिले में ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया द्वारा 59 कम्पोजिट और 3 देशी शराब की दुकानों को 28 समूहों में बांटने की जानकारी दी है. इनमें 6 समूहों में तीन-तीन तथा 22 समूहों में दो-दो दुकानों को शामिल किया गया है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले का कुल राजस्व लक्ष्य 139 करोड़ निर्धारित किया गया है. दुकानों की अनुज्ञप्तियाँ संचालन प्रारंभ तिथि से लेकर सामान्यतः 31 मार्च 2030 तक की अवधि के लिए दी जाएंगी, परंतु प्रत्येक अनुज्ञप्ति एक उत्पाद वर्ष के लिए प्रभावी होगी और उसका नवीकरण विभाग द्वारा शर्तों के पूर्ण होने पर ही होगा. सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय ने आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सात सदस्यीय हेल्प डेस्क भी स्थापित किया है, जो इच्छुक आवेदकों को मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता और समस्याओं के समाधान में सहयोग करेगा. इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय के दौरान उत्पाद विभाग, हजारीबाग में जाकर हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### पेशरार जंगल में मिला कंकाल, हत्या की आशंका

**लोहरदगा (पेशरार)।** जिले के नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र के एक सुदूर जंगल में एक कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. शव के पास से स्कूली बच्ची की ड्रेस मिलने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि किसी मासूम छात्रा की हत्या कर उसके शव को जंगल में दफना दिया गया था. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर थाना प्रभारी गैलेन रजवार की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची. स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में जब मिट्टी हटाई गई तो वहां एक कंकाल मिला, जिसके पास से स्कूली यूनिफॉर्म भी बरामद हुई.

### ऑटो-बाइक में टक्कर पांच लोग हुए घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम गांव के समीप गुरुवार की देर शाम ऑटो व बाइक में सीधी टक्कर हो गई. घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत दो मासूम बच्चों को रिम्स रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार तुसगांव निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मण महली, उसकी पत्नी प्रीति देवी, भतीजा अजीत महली, साढ़े तीन वर्षीय पुत्र प्रिंस महली, एक वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एक बाइक में सवार होकर प्रियंका का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने घाघरा गए थे. वापसी के क्रम में कोटाम के पास सामने से आ रहे ऑटो से सीधी टक्कर हो गई.

### मुख्तार को सीएम राहत कोष से मिला आर्थिक सहयोग

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस सह बीस सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने अपने टीम के सदस्यों के साथ गुमला के चार जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री आवास में आर्थिक मदद कराया. मुख्तार आलम ने बताया कि गुलशन प्रवीण, पुष्पा कुमारी, सरफराज आलम, मो मनहूवर आलम कुछ दिन पूर्व उनके पास आए थे और अपनी गरीबी की जानकारी देते हुए मदद की मांग की थी. उन्होंने उनकी स्थिति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद देने की की थी. मुख्यमंत्री ने गरीबों का दर्द समझते हुए मेरा आवेदन को स्वीकृत किए और मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने आवास में बुलाकर चेक प्रदान कर आर्थिक मदद किया.

### मिस व मिस्टर गुमला फैशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**गुमला।** गुमला जिला में फैशन महोत्सव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने और नए अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है. इस महोत्सव में गुमला के युवा और युवतियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं. प्रतियोगिता में ऽमिस गुमलाऽ और ऽमिस्टर गुमलाऽ के खिताब के साथ ऽमिस ट्राईबल गुमलाऽ और ऽमिस्टर ट्राईबल गुमलाऽ भी दिया जाएगा.

### तीन सड़क दुर्घटनाओं में छह युवक घायल

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में छह युवक घायल हो गए. पहली दुर्घटना मांडर स्थित मुड़मा चौक के पास बाइक व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक घायल हो गए. दूसरी घटना ब्राम्बे क्षेत्र में हुई, जहां दो बाइकों की टक्कर से दो युवक जख्मी हो गए. तीसरी मांडर टांगर बसली रोड स्थित नारो पेट्रोल पंप के पास हुई.

### भलदम चट्टी खास आंगनबाड़ी केंद्र से विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# डीसी ने एलईडी प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**शुभम संदेश। गुमला**

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शुक्रवार को भलदम चट्टी खास आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया. इस अवसर पर लगभग 30 से अधिक महिलाएं अपने शिशुओं के साथ उपस्थित रहीं.

उपायुक्त ने माताओं से संवाद करते हुए कहा कि मां का दूध शिशु का पहला और सर्वोत्तम आहार है, जो न केवल कुपोषण से बचाता है बल्कि बच्चे के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास की मजबूत नींव भी रखता है. उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को केवल मां का दूध देना चाहिए, क्योंकि इससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता सशक्त होती है



और वह कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रहता है. उन्होंने यह भी कहा कि व्यस्त जीवनशैली के बावजूद माताओं को कम से कम छह माह तक शिशु को स्तनपान कराना चाहिए. उन्होंने अपने मातृत्व अनुभवों को साझा करते हुए माताओं को इसके प्रति प्रेरित किया.

इस अवसर पर उपायुक्त ने विश्व स्तनपान सप्ताह के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ जिले के विभिन्न गांवों और पंचायतों में जाकर स्तनपान के महत्व को लोगों तक पहुंचाएगा. साथ ही यह रथ स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और व्यवहारिक जानकारी देने का कार्य करेगा. उपायुक्त ने कहा कि माताओं को सही जानकारी और सहयोग प्रदान करना समाज की जिम्मेदारी है. इस दिशा में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी सेवाएं मिलकर कार्य कर रही हैं. उन्होंने यह भी अपील की कि प्रत्येक महिला अपने बच्चे को अनिवार्य रूप से स्तनपान कराए, ताकि स्वस्थ बचपन और सशक्त राष्ट्र की नींव रखी जा सके. इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. एसएन चौधरी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी माताओं को स्तनपान संबंधी जानकारी देने वाले पंपलेट्स और जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई.

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटा, 5 लोग घायल

**गुमला।** गुमला-लोहरदगा रोड स्थित चंदाली के पास शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पानी भरे गड्ढे में अनियंत्रित हो गया और लगभग दस फीट ऊंचा उछल कर एक पेड़ की डाली से टकराते हुए पलट गया. स्कार्पियो वाहन का चारों चक्का ऊपर हो गया और वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. स्कॉर्पियो में कुल पांच लोग सवार थे. सभी वाहन में फंसे रहे. घटना की सूचना मिलने पर गुमला थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया. इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. घायलों में खोरा निवासी प्रकाश साहू, उदय साहू, हरिशंकर साहू, राजन गोप और चालक लांजी निवासी आकाश साहू शामिल है. जानकारी के अनुसार सभी युवक लोहरदगा जिला के सेन्हा गांव पूजा करने जा रहे थे. बताया जाता है कि सेन्हा गांव में शिवलिंग जमीन से निकला है. जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है. युवक वहीं पूजा पाठ करने जा रहे थे.

### इंडाल मुरी के पूर्व प्रबंधक पीओ माधवन का निधन

**मुरी (रांची)।** इंडाल मुरी के पूर्व प्रबंधक पीओ माधवन का निधन 21 जुलाई को केरल के कुन्नूर में हो गया. वे 88 साल के थे. वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे. रिटायर्मेंट के बाद भी वे सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे. आज भी लोग उन्हें याद करते हैं. उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है.

### बकाया कमीशन की मांग को ले पीडीएस दुकानदारों ने दिया धरना

# प्रदर्शनकारियों ने सीएम के नाम गुमला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शुभम संदेश। गुमला**



झारखंड के पीडीएस दुकानदारों ने शुक्रवार को राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए गुमला के न्यू समाहरणालय भवन परिसर में धरना दिया. यह धरना झारखंड प्रदेश फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से आए 500 से अधिक डीलरों ने भाग लिया. दुकानदारों ने बीते 10 माह से लंबित कमीशन भुगतान और अन्य समस्याओं को लेकर राज्य सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी जताई.

धरना कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे जिला अध्यक्ष अरखीतानंद देवघरिया और सचिव तनवीर नाज ने कहा कि राज्य भर के पीडीएस दुकानदारों को पिछले 10 महीनों से वितरित अनाज का कमीशन नहीं मिला है. इसके अलावा कोरोना काल के दौरान कार्य करने के बावजूद उस अवधि का बकाया भुगतान भी अभी तक लंबित है.

ग्रीन कार्डधारकों को वितरित किए गए चावल, दाल और नमक का 18 माह का कमीशन भी अब तक नहीं दिया गया है. नेताओं ने यह भी बताया कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित या अक्षम विक्रेताओं के अनुज्ञप्ति हस्तांतरण के मामले भी लंबित हैं, जिससे प्रभावित दुकानदारों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन की मरम्मत के नाम पर अनावश्यक रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार पांच वर्षों तक किसी भी प्रकार का रख-रखाव शुल्क नहीं लिया जाना था.

वक्ताओं ने सरकार की नई स्मार्ट पीडीएस प्रणाली पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि जब देश 5G युग में प्रवेश कर चुका है, तब जन वितरण प्रणाली अभी भी 2G नेटवर्क पर निर्भर है, जिससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और खाद्यान्न वितरण में समस्याएं आ रही हैं. उन्होंने मांग की कि यदि पूरी व्यवस्था ऑनलाइन की जा रही है, तो उसे पूरी तरह पेपरलेस भी किया जाए ताकि पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके. प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन गुमला उपायुक्त को सौंपा, जिसमें मांगों के शीघ्र समाधान की बात कही गई. साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री और खाद्य आपूर्ति मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा. प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों ने ऽडीलर एकता जिंदाबादऽ और ऽहमारी मांगे पूरी होऽ जैसे नारे लगाए और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया. धरना में गुमला जिला के सभी प्रखंडों से डीलरों की भारी भागीदारी रही, जिससे यह साफ संदेश गया कि पीडीएस विक्रेता अब अपने अधिकारों के प्रति सजग हो चुके हैं और सरकार को तत्काल आवश्यक कदम उठाने होंगे.

### पिपरवार में कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर फायरिंग

**पिपरवार।** थाना क्षेत्र के कल्याणपूर गांव निवासी कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया. अरशद लिफ्टिंग का काम करते हैं और वह सुबह 11 बजे अशोक परियोजना के कांटा से अपने निजी वाहन से घर लौट रहे थे. पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयांटांड़ के पास तीन नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकिल से आए और अरशद की गाड़ी रोककर उनसे बातचीत करने लगे. इसी दौरान एक अपराधी ने हथियार निकाला लेकिन अरशद ने गाड़ी आगे बढ़ाकर वहां से भागना शुरू किया. अपराधियों ने पीछे से दो राउंड फायरिंग की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए. घबराए हुए अरशद तुरंत पिपरवार थाने पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि जल्द ही सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इस घटना के बाद कोयला कारोबारी अरशद ने सुरक्षा की मांग की है. पिपरवार पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### जंगली हाथी ने गिराई दीवार, पहुंचे जनप्रतिनिधि

**गुमला।** जारी प्रखंड में जंगली हाथी ने दो लोगों के घर को गिरा दिया और घर में रखे अनाज को नष्ट कर दिया. गुरुवार की रात एक जंगली हाथी ने हर्रा टोली निवासी विदेश टोप्पो और श्रीनगर निवासी संदीप एक्का के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. विदेश टोप्पो का एक क्विंटल धान को खाकर व छींट कर बर्बाद भी कर दिया. परिवार के सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचाई. शोर होने के बाद ग्रामीण एकत्रित हुए. काफी मशक्कत के बाद सुबह हाथी को गांव से जंगल की ओर निकालने में सफल हुए. घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक और मुखिया फुलमैत देवी पीड़ित परिवार से मुलाकात की. उनके उपस्थिति में वन विभाग के कुर्मी सुखदेव उरांव, प्रेम सागर, विनीता किंडो, विनोद ने पटाखा व टॉर्च का वितरण किया.

# अगस्त में मौजा-वार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे: उपायुक्त

**संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की स्थिति की समीक्षा के लिए आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित हुई. बैठक में एनएच-143 ए के अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना पर विशेष रूप से चर्चा की गई.

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अधिग्रहित भूमि के एवज में रैयतों को नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए. उन्होंने कहा कि बाईपास सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, परंतु मुआवजा भुगतान की गति अत्यंत



धीमी है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है. डॉ. ताराचंद ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का समय पर निष्पादन लोहरदगा जिला के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है. बाईपास पथ के निर्माण से नगर क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और जाम की गंभीर समस्या से निजात मिलेगी. लेकिन रैयतों को समय पर मुआवजा नहीं मिलने से परियोजना में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि जिन रैयतों के दस्तावेज सत्यापित हो चुके हैं, उनका भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए. साथ ही अगस्त माह में संबंधित मौजा में विशेष शिविर आयोजित कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाए. बैठक में उपायुक्त ने एनएच-75 के तहत कुडू-उदयपुरा पथ परियोजना की भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि अधियाचना प्राप्त हुई है, उनके लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए.

**निरीक्षण** | उपायुक्त डॉ. ताराचंद पहुंचे किस्को प्रखंड व अंचल कार्यालय, की बैठक

# बिरसा फसल विस्तार योजना की समीक्षा की

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने किस्को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए. निरीक्षण की शुरुआत प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष से हुई, जहां उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं जैसे एनएफएसएम, बिरसा फसल विस्तार योजना और बीज विनिमय योजना की समीक्षा की. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पीवीटीजी समूह और टाना भगत समुदाय के बीच बीज का वितरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए. साथ ही मडुआ की खेती



को बढ़ावा देने तथा किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) मुहैया कराने का भी निर्देश दिया गया. बैठक में मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं जैसे पशु शेड, मेढ़बंदी, टीसीबी, मिट्टी मोरग योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और दीदी बाड़ी योजना की भी समीक्षा की गई. उपायुक्त ने पशुपालन एवं गव्य विकास योजनाओं में पात्र लाभुकों के चयन में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए. प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और पीएम जनमन योजना जैसी आवासीय योजनाओं के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने पंचायत समितियों को बेहतर योजना चयन हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने को भी कहा. उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को सभी पंचायतों में निर्गत प्रमाण पत्रों की जांच कराने के निर्देश दिए. उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार से गलत प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है, तो संबंधित कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी. साथ ही हाथी हमले, वज्रपात अथवा अन्य आपदाओं से संबंधित अभिलेखों को शीघ्र तैयार कर जिला कार्यालय भेजने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को छह वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने तथा उच्च कक्षाओं में 100% ट्रांजिशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. स्वच्छता अभियान के तहत उन्होंने सभी वन स्टार गांवों को थ्री स्टार एवं फाइव स्टार ओडीएफ प्लस मॉडल गांव में बदलने के लिए तेज गति से कार्य करने को कहा. पेयजल विभाग को निर्देश दिया गया कि किस्को प्रखंड में अब भी जो परिवार शुद्ध पेयजल से वंचित हैं, उनके लिए कार्ययोजना तैयार की जाए. साथ ही सभी लाभुक परिवारों की जलकर समितियों का गठन भी अनिवार्य रूप से कराया जाए. उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को का भी निरीक्षण किया. उन्होंने ओपीडी, ऑपरेशन कक्ष, एमटीसी, प्रसव कक्ष आदि का जायजा लिया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार अड़ेया को निर्देश दिया गया कि वे पोषक क्षेत्र के मरीजों को इलाज हेतु केंद्र तक लाने की व्यवस्था करें एवं प्रतिमाह कम से कम एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करें. निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण उरांव, अंचल अधिकारी अजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार अड़ेया सहित प्रखंड और अंचल स्तर के अन्य कर्मी उपस्थित थे.

### संयुक्त सचिव बृज नंदन प्रसाद की समीक्षा बैठक

**गुमला।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री बृज नन्दन प्रसाद ने गुमला जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण योजना, धरती आबा जन जागृत अभियान एवं आदि कर्म योग योजना की समीक्षा की. जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे. संयुक्त सचिव ने पीएमजनमन योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों पर संतोष जताते हुए लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन को मजबूत करने और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया. उपायुक्त ने जिले की विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं में मिली सफलता की जानकारी दी, जिसमें पीएम जनधन योजना में गुमला ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है.

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में शुक्रवार को मादक पदार्थ निषेध जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई. इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशा पान के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना है. प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह उसके परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है. उन्होंने छात्रों से स्वयं और अपने साथियों को नशा से दूर रखने का संकल्प लेने की अपील की. आचार्य सुदर्शन शर्मा ने नशा से बचाव के उपाय बताए और छात्रों को खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों और अच्छे मित्रों के साथ समय बिताने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि किसी भी दबाव में आकर गलत रास्ता नहीं अपनाना चाहिए. विद्यालय में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया जाएगा. इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया.

### शिव मंदिर परिसर में समाजसेवी ने किया पौधरोपण

**रातू।** सावन माह के शुक्रवार को पश्चिम पंचायत के आमटाठ लाल शिव मंदिर परिसर में समाजसेवी मुकेश बैठा के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया. इस अवसर पर समाजसेवी ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में दो दर्जन से अधिक फलदार, छायादार और फूलदार पौधे लगाए. उन्होंने सभी से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाए रखना आवश्यक है. मुकेश बैठा ने कहा कि पर्यावरण असंतुलित होने के कारण वर्षा कम होती है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्व है. उन्होंने युवाओं से भी घरों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेतों में पौधारोपण करने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण मिल सके. इस अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है. कार्यक्रम में मौजूद पंकज सिंह, पुजारीन दादी, रुमा देवी, चायना देवी, लिलावती देवी, रेखा देवी, बबलू साव, अनुप सिंह, गणेश प्रजापति, प्रेम नाथ सिंह, जयमंगला सिंह, रविन्द्र साव सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे. उन्होंने पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया और मानवता के हित में पौधारोपण को आवश्यक बताया. इस तरह के प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होंगे.

### थाना में जनता की समस्याओं का हुआ समाधान

**पिपरवार।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पिपरवार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया. इस मौके पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, अंचल निरीक्षक अंबिका रजक सहित कई अधिकारी उपस्थित थे. थाना दिवस में थाना क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं साझा कीं और आवेदन जमा किए. जमीन से जुड़े मामले के अलावा कल्याणपुर-बहेरा रोड पर ईंट-बालू सामग्री हटाने संबंधी शिकायत भी सामने आई. प्रशासन ने कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया जबकि अन्य मामलों की जांच जारी है. विशेष रूप से बचरा अशोक विहार निवासी गीता एक्का व बचरा बस्ती के अमर कुमार के खोए मोबाइल पुलिस ने बरामद कर उन्हें सौंपे. प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि थाना दिवस का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है. साथ ही महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशे पर रोक आदि सामाजिक मुद्दों पर भी जागरूकता प्रदान की गई. उन्होंने आम जनता से हर शुक्रवार को थाना दिवस में अपनी शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया. इस कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे.

### भाजपा-आजसू प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से की मुलाकात

**पिपरवार।** भाजपा एवं आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी से हाल ही में मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार एवं कोयलांचल क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा और त्वरित समाधान की मांग की. विधायक रोशनलाल चौधरी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया. उन्होंने शीघ्र समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया. मुलाकात में भाजपा और आजसू के कई कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें अश्विनी कुमार दाराद, संजय पासवान, दिलीप कुमार अम्बष्ट, बिनोद सिंह, शिवशंकर सिंह, सुजित सिंह, अशोक सिंह, डॉ. जीतेन्द्र, भोला मियां, अखिलेश सिंह उर्फ हिप्पी, सिटु साही, मोनू सिंह, उमेश सिंह, कमल सिंह, अनिल यादव, प्रमोद प्रजापति और राजेश कुमार शामिल थे. विधायक ने एनडीए गठबंधन को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया. इस बैठक से क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ी है.

### बचरा प्राथमिक विद्यालय में स्कूल बैग का वितरण

**पिपरवार।** बचरा दक्षिणी पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय वनबीआर कॉलोनी में शुक्रवार को झारखंड सरकार के सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों के बीच स्कूल बैग और कॉपी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत मुखिया रीना देवी उपस्थित थीं. उन्होंने विद्यालय के 31 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग और कॉपी वितरित किए. बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई. मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी. सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से सरकार द्वारा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका लाभ सीधे बच्चों को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि गरीब और निर्धन छात्रों के लिए इस तरह के कदम उनके मनोबल को मजबूत करेंगे और पढ़ाई में प्रेरणा देंगे. रीना देवी ने कोयलांचल क्षेत्र के लोगों से भी गरीब बच्चों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की. उन्होंने सभी छात्रों को मेहनत करके अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी.

### जेएलकेएम की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर गहन चर्चा

**पिपरवार।** कोयलांचल के शहीद निर्मल महतो चौक पुरानीराय में शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव और संचालन पश्चिम प्रखंड अध्यक्ष तोहिद अंसारी ने किया. कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी फूलेश्वर बैठा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. बैठक में पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करने और विस्तार करने का निर्णय लिया गया. प्रखंड क्षेत्र की सड़क, नाली, शिक्षा, प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार, डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग सहित कई समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ. खासतौर से कोयला मजदूरों की समस्याओं को लेकर एनके एरिया प्रबंधन को ज्ञापन देकर वार्ता करने पर सहमति बनी. इसके अलावा, खलारी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय भी लिया गया. पार्टी सुप्रीमो एवं डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम खलारी प्रखंड में आयोजित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया.

### ग्रामसभा के अधिकार पर दो दिवसीय कार्यशाला

**इटकी।** उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी विषय पर प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ उप प्रमुख परवेज राजा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार के स्वागत भाषण से किया गया. कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर अब्दुर रशीद एवं फ्रांसिसका केरकेट्टा ने अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने ग्राम सभा को अधिक सशक्त और जिम्मेदार बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी साझा किए.

### एचएम पुष्पा रानी को दी गई भावभीनी विदाई

**इटकी।** प्रखंड के राजकीय लक्ष्मी गजेन्द्र मध्य विद्यालय प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पुष्पा रानी को भव्य विदाई दी गई. उन्हें कई उपहारों के साथ बाजे-गाजे के बीच सम्मानित किया गया. मौके पर उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके भविष्य के सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की. समारोह में प्रखंड क्षेत्र के कई शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी भी शामिल हुए. प्रमुख रूप से विजय बहादुर सिंह, राजकुमार रजवार, महेश पंडित, अशोक कुमार साहु, आशुतोष मिश्रा, शीला सिंह, इवा वन्दना लकड़ा, अनिता खाखा, उत्तमोत्तमा कुमारी शोभा, जतरी कुजूर, गोरेती टोप्पो, मालती एक्का, सुनीता तिर्की एवं अंजुला कुमारी मौजूद रहीं.

## मंथन

## स्वास्थ सेवा में सहानुभूति समावेश की बेहद जरूरत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में नवोदित डॉक्टरों को जिस संवेदनशीलता और दायित्वबोध की ओर प्रेरित किया, वह आज के दौर में चिकित्सा पेशे के लिए बेहद प्रासंगिक है. उन्होंने इस पर बल दिया कि नए डॉक्टरों को केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण-आदिवासी आबादी की जरूरतों पर केंद्रित होना चाहिए. देश की बड़ी आबादी गांवों में रहती है, जहां स्वास्थ्य सेवा की पहुंच अब भी सीमित है. ऐसे में डॉक्टरों की भूमिका केवल इलाज तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी. राष्ट्रपति का यह कहना कि हेल्थ इज वेल्थ कोई केवल नारा नहीं, बल्कि नीति का मूल तत्व होना चाहिए, एक गहन संदेश देता है.देवघर एम्स द्वारा पांच आदिवासी गांवों को गोद लेना और वहां एनीमिया व सर्वाइकल कैंसर जैसे मुद्दों पर काम करना इस दिशा में सराहनीय कदम है. ऐसे प्रयासों को और व्यापक बनाना चाहिए ताकि चिकित्सा शिक्षा का लाभ हाशिए के समुदायों तक पहुंचे. राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि डॉक्टर व्यवहार में क्लीनिकल न हों, बल्कि सहानुभूति के साथ संवाद करें. मरीज को केवल रोग नहीं, एक संपूर्ण व्यक्ति मानने की दृष्टि ही एक अच्छे डॉक्टर को महान बनाती है. यह भी उल्लेखनीय है कि दीक्षांत में बेटियों की उपलब्धियां छात्रों के बराबर रहीं. यह मेडिकल क्षेत्र में लैंगिक समानता की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है. राष्ट्रपति का संबोधन हमें याद दिलाता है कि डॉक्टर न केवल जीवन रक्षक होते हैं, बल्कि समाज निर्माण के संवेदनशील प्रहरी भी हैं.

## नजरिया

## झारखंड के 'गांधी' बहुत याद आएंगे, उनको विनम्र श्रद्धांजलि

झारखंड ने एक ऐसा नेता खोया है, जिसकी सादगी, नैतिकता और जनसेवा की भावना आज की राजनीति में दुर्लभ हो चुकी है. गिरिडीह से पूर्व विधायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता ज्योतिन्द्र प्रसाद का निधन एक युग का अंत है. वे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक जीवित आदर्श थे, जिन्हें जनता ने सच्चे अर्थों में 'झारखंड का गांधी' कहा. अपने खपरैल घर में रह कर, बिना दोपहिया वाहन लिए, ज़मीन पर सोते हुए उन्होंने जो राजनीति जी, वह सेवा-धर्म का जीवंत उदाहरण है. उनकी पत्नी द्वारा मजदूर आंदोलन के समय भोजन के लिए अपनी बाली बेचना, यह दर्शाता है कि वे और उनका परिवार जनसंघर्ष के लिए किस हद तक समर्पित थे. यह कोई प्रचार का माध्यम नहीं था, बल्कि उनका जीवन-दर्शन था. ज्योतिन्द्र प्रसाद की राजनीति में न सत्ता का लोभ था, न पद की आकांक्षा. उनके लिए जनप्रतिनिधित्व मतलब लोगों के बीच रहना, उनके सुख-दुख में भागीदार होना और समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति की आवाज़ बनना था. आज जब राजनीति में दिखावे, धनबल और पदलिप्सा का बोलबाला है, ऐसे में प्रसाद जैसे नेता प्रेरणा के स्तंभ हैं. उनका निधन न केवल गिरिडीह या झारखंड, बल्कि देश की सच्ची लोकतांत्रिक परंपरा के लिए अपूरणीय क्षति है. हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि राजनीति तभी सार्थक होती है, जब वह सेवा का माध्यम बने, न कि साधन. झारखंड के गांधी को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि.

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा

**अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है. अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गई? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन हैं?**


अरविंद जयतिलक




**मालेगांव धमाके का फैसला आ गया है. भगवा आतंकवाद का गुब्बारा फूट गया है.**

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियो को बरी कर दिया है. अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था. उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे. इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्यूलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है. उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं.

यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है. अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं. ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल गृहमंत्री थे. उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी. उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है. तब सुशील कुमार शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देश भर में आलोचना और निंदा हुई. लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया. कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं. हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है. अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया. मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर बाइक में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी. सैकड़ों लोग घायल हुए थे. इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया. इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की, जो अब दुनिया में नहीं हैं. वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए. एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए. उस दौरान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है. यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया. लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दुध का दुध और पानी का पानी हो गया. तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी.

बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे. मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी बाइक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी. मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी. लेकिन अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया.

अदालत ने यह भी कहा है कि घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी. अदालत ने यह भी कहा है कि न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया. यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया. अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया. गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक किए. लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है. अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

## आज का इतिहास

- **1763:** मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया में मीर कासिम को हराया.
- **1790:** अमेरिका में पहली बार जनगणना हुई.
- **1878:** भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की रचना करने वाले पिंगली वेंकैया का जन्म.
- **1955:** सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया.
- **1987:** विश्वनाथ आनंद ने विश्व जूनियर शतरंज खिताब जीता.
- **1990:** इराक ने कुवैत पर हमला किया.
- **1999:** ब्रह्मपुत्र मेल घैसल में अवध-असम ट्रेन से सामने टकराई. दोनों ट्रेनें विपरीत दिशा से एक ही पटरी पर चल रही थीं.
- **1999:** चीन ने लंबी दूरी (8000 किमी.) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया.
- **2001:** पाकिस्तान ने भारत से चीनी आयात को मंजूरी दी.
- **2010:** पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में बाढ़ में 1000 से अधिक लोगों की मौत.

## प्रयास जारी रखिए, आलोचकों को खुद ब खुद जवाब मिल जाएगा

### चिंतन

शेरा नाम का एक शेर बहुत परेशान था. हर असफल प्रयास के बाद वो उदास हो जाता, और ऊपर से लकड़बघ्घे भी उसकी खिल्ली उड़ा कर खूब मजे लेते. शेरा गुस्से में उनपर दहाड़ता पर वे ढीठ कहां डरने वाले थे,ऐसा करने पर वे और जोर -जोर से हंसते. उन पर ध्यान मत दो, समूह के बाकी शेर सलाह देते. कैसे ध्यान न दूं? हर बार जब मैं कसी जानवर का शिकार करने जाता हूं तो इन लकड़बग्घों की आवाज़ दिमाग में घूमती रहती है, शेरा बोला. शेरा मन ही मन अपने को एक असफल शिकारी के तौर पर देखने लगा और आगे से शिकार का प्रयास न करने की सोचने लगा.

ये बात शेरा की मां, जो सफल शिकारियों में से थी को अच्छी तरह से समझ आ रही थी. एक रात मां ने शेरा को बुलाया और बोली, परेशान मत हो, हम सभी इस दौर से गुजरे हैं, एक समय था जब मैं शिकार नहीं कर पाती थी. तब ये लकड़बग्घे मुझपर बहुत हंसते थे. तब मैंने ये सीखा, अगर तुम हार मान लेते हो और शिकार छोड़ देते हो तो जीत लकड़बग्घों की होती है. लेकिन अगर तुम प्रयास करते हो और खुद में सुधार लाते हो सीखते रहते हो तो एक दिन तुम शिकारी बन जाते हो और फिर ये लकड़बग्घे कभी तुम पर नहीं हंस पाते. समय बीतता गया और कुछ ही महीनो में शेरा बड़ा शिकारी बन कर उभरा, और एक दिन उन्ही लकड़बग्घों में से एक उसके हाथ लग गया. मुझे मत मारना, मुझे माफ़ कर दो, मुझे जाने दो, लकड़बग्घा गिड़गिड़ाया. मैं तुम्हे नहीं मारूंगा, बस मैं तुम्हारे जैसे आलोचकों को संदेश देना चाहता हूं. तुम्हारा खिल्ली उड़ाना मुझे नहीं रोक पाया, बस मुझे उत्तेजित किया कि मैं एक अच्छा शिकारी बनूं. जाओ मैं तुम्हें छोड़ता हूं, जाओ बता दो अपने धूर्त साथियों को कि कल वे जिसका मजाक उड़ाते थे आज वही उनका राजा है.

दोस्तों, इस दुनिया में कमियां गिनाने वालों की कमी नहीं, आपको ऐसे आलोचक मिल जाएगे जो आपकी क्षमता पर संदेह करेंगे, मजाक उड़ाएंगे. अगर आप पीछे हट जाते हैं तो आप उन्हें जीतने देते हैं लेकिन डटे रहते हैं, बार -बार प्रयास करते हैं तो एक दिन जीत जाते हैं. इसलिए आलोचकों से मुंह मत मोड़िए, सामना कीजिए, चुपचाप अपने लक्ष्य का पीछा करते रहिए और एक दिन सफलता प्राप्त करके दिखाइए यही आपका जवाब होगा.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #BlessedFriday
2. #KhushiyonKaMahina
3. Ram Rahim
4. #DelhiKoKoodeSeAzadi
5. Saint Dr. MSG
6. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक
7. #BalGangadharTilak
8. #District
9. महान स्वतंत्रता सेनानी
10. पूर्ण स्वराज

# बहुरंग



## वांगा की एनिमल से पाई लाइमलाइट, अब चार बड़ी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर छाएंगी तृप्ति डिमरी

'लैला मजनू' और 'बुलबुल' में अपनी दमदार एक्टिंग से तृप्ति डिमरी ने खूब तारीफ पाई थी. हालांकि उन्हें लाइमलाइट संदीप रेड्डी वांगा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' से मिली थी. अब तृप्ति अपनी चार फिल्मों से धमाल मचाने वाली हैं.चलिए यहां जानते हैं तृप्ति की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में धड़क 2, स्प्रिट, रोमियो और एनिमल पार्क शामिल हैं. तृप्ति डिमरी एनिमल के सीक्वल एनिमल पार्क में भी नजर आएंगी. इसी के साथ एक बार फिर वे संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म में काम करेंगी और रणबीर कपूर संग स्क्रीन शेयर करेंगी. इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है. फिल्म के साल 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है. एनिमल पार्क की रिलीज डेट को लेकर कुछ भी ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया गया है. इसके अलावा तृप्ति के पास इम्तियाज अली की भी एक अनटाइटल्ड फिल्म है.

## यूट्यूब पर 'सितारे जमीन पर' रिलीज होते ही आमिर खान ने मांग ली माफी



आमिर खान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'सितारे जमीन पर' की ज़बरदस्त सफलता का जश्न मना रहे हैं. यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आई थी और तब से बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. अब फिल्म को यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के ज़रिए रिलीज कर दिया गया है, जिससे दर्शक घर बैठे इसका आनंद ले सकते हैं. लेकिन जैसे ही फिल्म यूट्यूब पर रिलीज हुई, आमिर खान ने आधी रात को एक वीडियो शेयर करते हुए दर्शकों से माफ़ी मांगी है.

आमिर खान ने पहले घोषणा की थी कि उनकी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को आमिर खान टॉकीज यूट्यूब चैनल पर सिर्फ 100 रुपये में देखा जा सकेगा. लेकिन रिलीज के बाद ऐपल डिवाइसेज़ पर फिल्म की कीमत तय रेट से ज्यादा दिखने लगी, जिससे कई दर्शक हैरान रह गए. इस तकनीकी गड़बड़ी को लेकर आमिर खान प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान जारी करते हुए दर्शकों से माफी मांगी. कंपनी ने भरोसा दिलाया है कि उनकी टेक टीम इस खामी को जल्द से जल्द ठीक करने में जुटी है, ताकि सभी दर्शकों को समान अनुभव मिल सके.

आमिर खान ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ₹क्षमा करें. हमें अभी पता चला है कि हमारी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को ऐपल डिवाइस पर किराए पर लेने की कीमत 179 रुपये दिखाई जा रही है. हम इस तकनीकी गड़बड़ी को जल्द से जल्द ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं. आपके धैर्य और समझ के लिए धन्यवाद.₹ गौरतलब है कि 'सितारे जमीन पर' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 167 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि ग्लोबली इस फिल्म ने 267 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया था.

**फिल्म की स्टारकास्ट:** 'सितारे जमीन पर' आमिर खान प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी है. इस फिल्म में आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा मुख्य भूमिका में नजर आए हैं, जबकि उनके साथ दस नए उभरते कलाकारों ने भी अभिनय किया है. फिल्म के गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और संगीत दिया है शंकर-एहसान-लॉय की प्रसिद्ध तिकड़ी ने.

**जून में सिनेमाघरों में हुई थी रिलीज :** ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी और दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया पाई. अब यूट्यूब पर इसे लाकर आमिर खान ने एक बार फिर डिजिटल माध्यम से समाज के बड़े वर्ग तक सिनेमा पहुंचाने का प्रयास किया है.

## बॉक्स ऑफिस पर किंगडम की शानदार शुरुआत, जीता दर्शकों का दिल



विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंगडम' 31 जुलाई को रिलीज हो गई है. लंबे समय से चर्चा में बनी इस एक्शन ड्रामा को क्रिटिक्स ने जहां पॉजिटिव रिव्यू दिए हैं, वहीं दर्शकों ने भी विजय के दमदार एक्शन और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब सराहना की है. 'सैयारा' के जबरदस्त बॉक्स ऑफिस दबदबे के बावजूद, 'किंगडम' ने पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है. ट्रेड एनालिस्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने ओपनिंग डे पर उत्साहजनक कलेक्शन दर्ज करते हुए विजय देवरकोंडा की स्टार पावर को फिर से साबित कर दिया है. अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि 'किंगडम' वीकेंड पर कैसा कारोबार करती है.


बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' ने रिलीज़ के पहले ही दिन, यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का दमदार कारोबार किया. गौर करने वाली बात ये है कि 'किंगडम' ने पहले दिन की कमाई में धनुष की 'कुबेर' (14.75 करोड़) और कमल हासन की 'ठग लाइफ' (15.5 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है. अब नजरें वीकेंड पर हैं, जब उम्मीद की जा रही है कि फिल्म की कमाई में और भी तेज उछाल देखने को मिलेगा.

फिल्म 'किंगडम' में विजय देवरकोंडा ने एक भारतीय गुप्तचर ₹सूरी₹ की भूमिका निभाई है, जो एक खतरनाक मिशन पर निकलता है. उनके एक्शन सीक्वेंस दर्शकों के बीच खासा चर्चा का विषय बन चुके हैं. इस स्पाई थ्रिलर को डायरेक्ट किया है गौतम तिन्नानुरी ने, जो इससे पहले शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर स्टारर 'जर्सी' (2022) के निर्देशन के लिए सराहे जा चुके हैं.

### फिल्मी गपशप

## तारा सुतारिया ने वीर पहाड़िया को बताया अपना हमसफर





अभिनेत्री तारा सुतारिया इन दिनों अपने निजी जीवन को लेकर खूब चर्चा में हैं. उनका नाम अभिनेता वीर पहाड़िया के साथ जोड़ा जा रहा है, जो फिल्म 'स्काई फोर्स' से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं. दोनों को हाल के दिनों में कई बार एक-साथ देखा गया, जिसके बाद से इन अफवाहों को और हवा मिली कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. हाल ही में तारा सुतारिया ने अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी तोड़ी और यह स्वीकारा कि वह अपने रिश्ते में बहुत खुश हैं. अपने रिश्ते की ओर इशारा करते हुए तारा सुतारिया ने हाल ही में कहा, मैं बहुत खुश हूं, हां, इतनी खुश जैसे कि चांद पर पहुंच गई हूं, तारा सुतारिया ने मुस्कुराते हुए कहा. जब होस्ट ने उनसे पूछा कि क्या वह और उनके पार्टनर कभी साथ बैठकर चांद को निहारते हैं, तो तारा की आंखों में एक खास चमक आ गई. उन्होंने बड़ी ही नरम मुस्कान के साथ जवाब दिया, हां, वो पल वाकई बेहद खास होते हैं... जैसे किसी फिल्म का सीन हो. उस वक्त सब कुछ चौदहवीं के चांद जैसा लगता है, शांत, खूबसूरत और जादुई. उनका ये बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. कुछ समय पहले एक रैंप वॉक के दौरान तारा ने वीर पहाड़िया को फ्लाइंग किस दी थी, जिससे उनके रिश्ते की अटकलें और भी पक्की हो गईं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, आधार ने तारा को 'टाइम पास' कहकर पुकारा, जो सोशल मीडिया पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा. कई यूज़र्स ने इस बयान को गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील बताया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-5-6-7

**वृष :** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. आत्मचिंतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पुरुषार्थ का सहारा लें. यात्रा का योग बनेगा. विद्यार्थियों को लाभ. शुभांक-5-7-8

**मिथुन :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. स्वविवेक से कार्य कर. शुभांक-4-6-7

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-6-7-9

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. उन्नति के याग हैं. शुभांक-4-5-7

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. शुभांक-4-6-8

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर वाले मदद करेंगे. शुभांक-5-7-9

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम. व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-6-7

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे ' वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-4-6-8

### भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज के आखिरी टेस्ट में करुण नायर अब तक भारत की ओर से अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं

# आखिरी तीन मैच में 14.6 की औसत से रन बनाये, यशस्वी को आखिर हुआ क्या?

**एजेंसियां। लंदन**

भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के ओवल में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है. पहले दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने छह विकेट गंवाकर 204 रन बना लिए हैं. करुण नायर इस टेस्ट मे अब तक भारत की ओर से अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं. वह 52 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि वॉशिंगटन सुंदर 19 रन बनाकर नाबाद हैं. दोनों के बीच 51 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है.



पहले दिन भारतीय टीम की बल्लेबाजी खराब रही. यशस्वी लगातार तीसरे टेस्ट में फेल हुए. वह दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए. शुरुआती दो टेस्ट में 55 की औसत से रन बनाने वाले यशस्वी, पिछले तीन टेस्ट की पांच पारियों में फुस्स रहे हैं और महज 14.6 की औसत से रन बनाए हैं. एजबेस्टन में भारत की जीत में ओपनर्स की अहम भूमिका रही थी. ऐसे में यशस्वी के जल्दी आउट होने से टीम इंडिया को अच्छी शुरुआत नहीं मिल पा रही है.

**यशस्वी के फॉर्म में आई गिरावट :** यशस्वी ने लीड्स और एजबेस्टन में शुरुआती दो टेस्ट की चार पारियों में 55 की औसत से 220 रन बनाए थे. इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है. इस दौरान उन्होंने 101 रन, 4 रन, 87 रन और 28 रन की पारियां खेलीं. टीम इंडिया को भी शुरुआती दो टेस्ट में यशस्वी और केएल राहुल ने अच्छी शुरुआत दिलाई. लीड्स की पहली पारी में दोनों के बीच 91 रन और दूसरी पारी में 19 रन, जबकि एजबेस्टन में पहली पारी में 19 रन और दूसरी पारी में 51 रन की साझेदारी निभाई. हालांकि, इसके बाद लॉर्ड्स, मैनचेस्टर और अब ओवल में पांच पारियों में यशस्वी फेल रहे हैं. उन्होंने आखिरी तीन टेस्ट की पांच पारियों में 14.6 की औसत से 73 रन बनाए हैं. इनमें एक अर्धशतक शामिल है. इस दौरान उन्होंने 13 रन, शून्य, 58 रन, शून्य और दो रन बनाए हैं.

### भारत की पारी

इससे पहले यशस्वी जायसवाल दो रन और केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए. कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रन आउट हुए. साई सुदर्शन 38 रन बना सके. रवींद्र जडेजा नौ रन और ध्रुव जुरेल 19 रन बनाकर आउट हुए. इंग्लैंड की ओर से गस एटकिंसन और जोश टंग ने अब तक दो-दो विकेट लिए हैं. वहीं, क्रिस वोक्स को एक विकेट मिला. वोक्स को कंधे में चोट लगी और वह दर्द से खेल के बीच में ड्रेसिंग रूम में वापस लौट गए थे.

#### भारत को नहीं मिली मजबूत ओपनिंग

आखिरी तीन टेस्ट की पांच पारियों में भारत को 13 रन, पांच रन, 94 रन, शून्य और 10 रन की ओपनिंग साझेदारी मिली है. लॉर्ड्स में जब भारत को दूसरी पारी में 193 रन का लक्ष्य मिला तो यशस्वी गलत शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे थे. भारत को अगर ओवल में पांचवां टेस्ट जीतना है तो यशस्वी की बल्लेबाजी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि वह तेज गति से रन बनाते हैं. उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है और आंकड़े इसके गवाह हैं. यशस्वी ने अब तक 24 टेस्ट की 45 पारियों में 48.63 की औसत से 2091 रन बनाए हैं। इनमें पांच शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं. 214 रन की पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है.

#### पहले दिन हो पाया 64 ओवर का खेल

ओवल टेस्ट के पहले दिन 64 ओवर का ही खेल हो पाया. बारिश से बाधित रहे इस दिन में भारतीय टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 204 रन बना लिए हैं. करुण नायर 52 रन और वॉशिंगटन सुंदर 19 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक 51 रन की साझेदारी हो चुकी है. यह करुण के टेस्ट करियर का दूसरा 50+ स्कोर है. इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ ही नाबाद 303 रन की पारी खेली थी. इसके बाद उनकी यह पहली 50+ रन की पारी है.

---

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना विशेष है

## पांचवें टेस्ट से पहले खुद के प्रदर्शन को लेकर बोले जुरेल

**एजेंसियां। लंदन**

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. दरअसल, पंत के चोटिल होने के कारण 24 वर्षीय जुरेल ने लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में पिछले दो टेस्ट मैचों में भारत के लिए विकेटकीपिंग की थी.

#### यह मैच हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण

जुरेल ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में कहा, 'विदेश की चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है. अगर आप विदेश में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो लोग आपको ऊंचा दर्जा देंगे, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं. मैं बस मैदान पर उतरकर खुद को अभिव्यक्त करना चाहता हूं. यह मैच हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसलिए मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं. मैं टीम की जीत में अपना योगदान देना चाहता हूं.'

**जुरेल के नाम 202 टेस्ट रन दर्ज :** पिछले साल राजकोट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले जुरेल ने अब तक चार टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 40.40 की औसत से 202 रन बनाए हैं. उनके नाम पर एक अर्धशतक भी दर्ज है. उन्होंने कहा, 'एक टीम मैन वह होता है जो अंतिम एकादश में शामिल होने या नहीं होने पर भी ऐसा काम करता है जिससे टीम को जीत मिलती है.'



#### इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरने के पलों को याद कर भावुक हुए जुरेल

इस सीरीज में मैदान पर उतरने के पल को याद करते हुए जुरेल ने कहा, 'मैं बचपन से ही लॉर्ड्स में खेलने के बारे में सोचता था, इसलिए मैं बस उस पल को महसूस कर रहा था. वहां खेलने का अनुभव शानदार था. ऋषभ भैया के साथ जो हुआ वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था. लॉर्ड्स में खेलना मेरा सपना था.' जुरेल को पंत द्वारा दी गई टिप्स भी याद थीं. उन्होंने कहा, 'ऋषभ भैया सीनियर खिलाड़ी हैं, उन्होंने मुझे बताया कि मैं किस लाइन पर स्टांस ले सकता हूं और पैरों की मूवमेंट कैसी होनी चाहिए. मैं दिलीप सर (फील्डिंग कोच) के साथ इस पर काम कर रहा हूं.'

---

### 'भारत ने सही किया', इंग्लैंड की इस हरकत पर फूटा ब्रैड हैडिन का गुस्सा

# स्टोक्स एंड कंपनी को लताड़ा

**एजेंसियां। लंदन**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन ने मैनचेस्टर टेस्ट को जल्दी ड्रॉ कराने की इंग्लैंड टीम की मांग को खारिज करने के लिए भारत को सही ठहराया है. उनका कहना है कि वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने बिल्कुल सही किया. दरअसल, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के पांचवें दिन भारत को मुकाबला जल्दी समाप्त करने के लिए न्योता दिया था. हालांकि, जडेजा और सुंदर ने उनके इस ऑफर को ठुकरा दिया और अपने-अपने शतक पूरे करने के बाद मैच ड्रॉ पर समाप्त किया.

**हैडिन ने की भारतीय टीम की तारीफ :** लिस्टएनआर स्पोर्ट के यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए हैडिन ने भारत के खेलने के फैसले का समर्थन किया और शुभमन गिल, केएल राहुल, वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा द्वारा दिखाए गए धैर्य की सराहना की.

हैडिन ने कहा, 'उस टेस्ट मैच का अंत दिलचस्प रहा क्योंकि भारत का स्कोर दो विकेट पर शून्य था. इसलिए इंग्लैंड पूरी तरह से तैयार था. उन्हें लगा कि वे टेस्ट जीत जाएंगे. और यह एक अविश्वसनीय साझेदारी थी. गिल एक बार फिर और केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन किया. इसके बाद जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, भारत ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया. उन्होंने बल्लेबाजी में जो समर्पण दिखाया वह अविश्वसनीय था.'

**भारत ने सही किया :** पांचवें दिन राहुल के जल्दी आउट होने के बाद गिल ने डटकर खेलते हुए शानदार शतक जड़ा. पहले सुंदर और फिर जडेजा ने उनका साथ दिया, जिससे भारत ने गति पकड़ी और मैच ड्रॉ पर समाप्त होना सुनिश्चित हो गया. जैसे ही सुंदर और जडेजा दोनों शतक के करीब पहुंचे, इंग्लैंड की दिलचस्पी कम होती दिखी, जिसके बाद मैच को स्वाभाविक अंत से पहले ही समाप्त करने का फैसला किया गया. हैडिन ने आगे कहा, 'फिर अचानक ऐसी स्थिति आ गई कि इंग्लैंड ने कहा कि वे जीत नहीं सकते, इसलिए खेल रोक देते हैं. इसलिए सब कुछ रुकना ही होगा क्योंकि इंग्लैंड का खेल खत्म हो चुका है. मुझे भारत का प्रदर्शन पसंद आया. उन्होंने जब तक चाहें तब तक मैदान पर टिके रहने का अधिकार अर्जित किया. उनके पास शतक बनाने का अधिकार था. और सिर्फ इसलिए कि मैच इंग्लैंड के पक्ष में नहीं गया और उन्हें मनचाहा जवाब नहीं मिला अचानक वे खुश नहीं हैं.'



#### जडेजा-सुंदर ने क्यों ठुकराया स्टोक्स का ऑफर

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के पांचवें दिन कप्तान बेन स्टोक्स ने मेहमानों को जल्दी ड्रॉ का ऑफर दिया था. हालांकि, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने इसे ठुकरा दिया और बल्लेबाजी करते रहे. दरअसल, जिस वक्त इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर स्टोक्स ने यह ऑफर दिया उस वक्त दोनों भारतीय बल्लेबाज अपने-अपने शतकों से महज कुछ ही रन दूर थे और भारत का स्कोर चार विकेट पर 386 रन था. भारत ने इंग्लैंड पर 75 रन की बढ़त हासिल कर ली थी. ऐसे में दोनों ने बल्लेबाजी करना उचित समझा और शतक पूरे किए. इस दौरान जडेजा ने 182 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक पूरा किया जबकि सुंदर ने 206 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया. दोनों क्रमशः 107 और 101 रन बनाकर नाबाद रहे.

---

## वेरस्टापेन ने की पुष्टि - अगले साल भी रेड बुल के साथ रहेंगे



**एजेंसियां। बुडापेस्ट**

चार बार के फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन ने अगले सीज़न में मर्सिडीज़ में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगा दिया है. वेरस्टापेन ने गुरुवार को हंगेरियन ग्रां प्री से पहले स्पष्ट किया कि वह आगामी वर्ष में भी रेड बुल टीम के साथ ही रेसिंग जारी रखेंगे. उन्होंने पत्रकारों से कहा, "मुझे लगता है अब अफवाहों को विराम देने का समय आ गया है. मेरे लिए यह हमेशा स्पष्ट था कि मैं यहीं रहूंगा. टीम में हम लगातार कार के प्रदर्शन को लेकर चर्चा करते रहे हैं. जब आप टीम छोड़ने वाले होते हैं, तो ऐसी बातचीत बंद हो जाती है. लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया." गौरतलब है कि अगले साल से फॉर्मूला वन में इंजन नियमों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है. मर्सिडीज़ के इस नए युग में अग्रणी रहने की संभावना जताई जा रही है, वहीं रेड बुल अपनी नई पावर यूनिट पर काम कर रही है, जो अब होंडा से अलग हो चुकी है. हालांकि वेरस्टापेन के अनुबंध में ब्रेक क्लॉज शामिल हैं, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया है. इस सीज़न में 13 रेसों में दो जीत के साथ वह मिड-सीज़न में तीसरे स्थान पर हैं. उनका रेड बुल के साथ अनुबंध 2028 तक है. रेड बुल टीम बॉस क्रिश्चियन हॉर्नर की हालिया बर्खास्तगी को भी वेरस्टापेन को टीम में बनाए रखने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है. वेरस्टापेन ने कहा, "कुछ लोग सिर्फ नाटक करना पसंद करते हैं, लेकिन मेरे लिए यह हमेशा से साफ था." वहीं, मर्सिडीज़ के बॉस टोतो वोल्फ ने हाल ही में संकेत दिया था कि उनकी प्राथमिकता वर्तमान ड्राइवर लाइनअप – जॉर्ज रसेल और इटालियन ड्राइवर किमी एंटोनेली – को बनाए रखने की है. जॉर्ज रसेल ने भी अलग से कहा, "मैं अगले साल मर्सिडीज़ के लिए ही दौड़ूंगा, इसमें कोई संदेह नहीं. लेकिन अनुबंध पर दस्तखत अगस्त ब्रेक के बाद ही होंगे." रसेल, जो 16 साल की उम्र से मर्सिडीज़ की मैनेजमेंट के तहत हैं, ने बताया कि वह और वोल्फ इस समय टीम के प्रदर्शन सुधार पर ध्यान दे रहे हैं, न कि अनुबंध पर. उन्होंने कहा, "अभी मेरे और मर्सिडीज़ के लिए अनुबंध को लेकर कोई जल्दीबाज़ी नहीं है."

---

## कनाडियन ओपन 2025: 14 डबल फॉल्ट के बावजूद कोको गॉफ प्री-क्वाफा में

**एजेंसियां। मॉन्ट्रियल**

नेशनल बैंक ओपन (कनाडियन ओपन) में अमेरिका की टॉप सीड और विश्व नंबर-2 कोको गॉफ ने गुरुवार को एक बार फिर मुश्किल हालात में शानदार जुझारूपन दिखाया. रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा के खिलाफ गॉफ ने 14 डबल फॉल्ट किए, लेकिन इसके बावजूद 4-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई. मैच के बाद गॉफ ने कहा, यह वाकई कठिन मुकाबला था. मैं मानसिक रूप से मजबूत रही, खासकर रिटर्न गेम में. मेरी सर्विस में सुधार की ज़रूरत है, लेकिन फिलहाल जीत से खुश हूं. फ्रेंच ओपन जीतने के बाद गॉफ बर्लिन और विम्बलडन में अपने शुरुआती मैच



हार चुकी थीं. ऐसे में यह जीत उनके लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली रही. गॉफ ने कहा, जब मेरा एक हिस्सा कमजोर हो और फिर भी मैं मैच जीत रही हूं, तो सोचिए जब सब कुछ सही चलेगा, तो मैं क्या कर सकूंगी. अब गॉफ का सामना 18 वर्षीय कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको से होगा, जिन्होंने मैरी बौजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया. मबोको टूर्नामेंट में बची आखिरी कनाडाई खिलाड़ी हैं.

इस बीच, अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मिर्रा आंद्रेवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया. अब केसलर का मुकाबला यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसात्किना को 3-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया. यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्सका ने आठवीं वरीयता प्राप्त एमा नवारो को 7-5, 6-4 से हराया. अब उनका मुकाबला नौवीं वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की एलेना राइबाकिना से होगा, जिन्होंने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को 6-0, 7-6 (5) से हराया. दसवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना ने रूस की कमिला राखिमोवा को 7-5, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.

---

## नहीं सुधरी वेस्टइंडीज की हालत, अब पाकिस्तान के आगे टेके घुटने, पहले टी20 में मिली हार

**एजेंसियां। लॉडरहिल**

सैम अयूब की बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन से पाकिस्तान ने तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रन से हरा दिया. लॉडरहिल में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 164 रन ही बना सकी. इस तरह पाकिस्तानी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. पाकिस्तान की इस जीत के हीरो सैम अयूब रहे.

सैम अयूब ने पहले बल्लेबाजी में दमदार अर्धशतक लगाया और उसके बाद बॉलिंग में उन्होंने 2 विकेट भी लिए. इस तरह सैम को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच भी चुना गया. सैम ने बैटिंग में पाकिस्तान के लिए 38 गेंद में 57 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 2 ओवर में 20 रन खर्च कर 2 सफलता हासिल की.

**ठोस शुरुआत के बिखर गई वेस्टइंडीज की टीम :** पाकिस्तान के द्वारा दिए गए 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने शुरुआत जबरदस्त की थी. जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू के बीच पहले विकेट के लिए 72 रनों की पार्टनरशिप हुई. इन दोनों ने 35-35 रनों की पारी खेली. वेस्टइंडीज को एंड्रयू के रूप में पहला झटका लगा. इनके आउट होने के बाद वेस्टइंडीज ने सिर्फ 5 रन के भीतर अपने 3 विकेट गंवा दिए. यहीं से पाकिस्तान के गेंदबाजों ने अपना दबदबा बना लिया. बैक टू बैक विकेट के बाद वेस्टइंडीज की रन गति धीमी पड़ गई.

---

## वोड की धीमी शुरुआत, ओकायामा और ताकेडा पहले दिन संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसियां। पोर्थकोल**

महिला ओपन गोल्फ 2025 के पहले दिन गुरुवार को इंग्लैंड की लोटी वोड उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकीं, जबकि जापान की एरी ओकायामा और रियो ताकेडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से बढ़त हासिल की. 21 वर्षीय वोड ने हाल ही में स्कॉटिश ओपन जीतकर प्रोफेशनल करियर की शानदार शुरुआत की थी और इसी कारण उन्हें साल के अंतिम मेजर टूर्नामेंट में फेवरेट माना जा रहा था. लेकिन दक्षिण वेल्स के तटीय मैदान पर उन्हें संघर्ष करना पड़ा और वे आखिरी होल में बर्डी लगाकर सिर्फ लेवल पार (72) का स्कोर ही बना सकीं. जापानी गोल्फरों ने पहले दिन दबदबा कायम रखा. एरी ओकायामा ने 5-अंडर 67 का स्कोर बनाया और

**महिला ओपन गोल्फ 2025**



बाद में रियो ताकेडा ने 18वें होल में बर्डी कर उनके साथ संयुक्त बढ़त बना ली. मियु यामाशिता 4-अंडर के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि चेम्पियनशिप विजेता माओ साइगो, शिहो कुअकी और चिसातो इवाई 3-अंडर के स्कोर पर हैं. गत विजेता लीडिया को (न्यूजीलैंड) और वर्ल्ड नंबर-1 नेली कोरडा (अमेरिका) भी इस मौके का पूरा फायदा नहीं उठा सकीं. को ने एक ओवर में और कोरडा ने दो अंडर में दिन का खेल समाप्त किया.

ओकायामा ने पहले होल में बोगी की लेकिन अगले आठ में से पांच होल में बर्डी कर लय पकड़ ली और 17वें होल में एक और बर्डी लगाकर बढ़त हासिल की. ताकेडा ने नौवें होल में डबल बोगी के बावजूद बैक नाइन में चार बर्डी लगाकर वापसी की. दर्शकों का सबसे ज़्यादा ध्यान दोपहर बाद उस समय गया जब वोड, को और अमेरिका की लीलिया वू के साथ ग्रुप में मैदान में उतरीं.

भले ही यह वोड का पहला मेजर टूर्नामेंट था, लेकिन आयरिश ओपन में जीत और एवियन चैंपियनशिप में सिर्फ एक स्ट्रोक से चूकने के बाद वे जब वेल्स पहुंचीं तो उनसे बड़ी उम्मीदें थीं.वोड ने पहले होल में ही बर्डी से शुरुआत की, लेकिन तीसरे और पांचवें होल में बोगी कर दी.

---

**क्रिकेट**

### कुलदीप यादव को लॉर्ड्स-मैनचेस्टर में खेलना चाहिए था, अहम भूमिका निभा सकते थे

# चाइनामैन बॉलर के नहीं खेलने से नाखुश हैं सौरभ गांगुली

**एजेंसियां। लंदन**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि कुलदीप यादव को लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में नहीं खिलाकर भारत बड़े मौके से चूक गया क्योंकि टेस्ट मैच के आखिरी दो दिन यह स्पिनर अहम भूमिका निभा सकता था. बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैच की टेस्ट सीरीज में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला. गांगुली ने कहा, 'काश कुलदीप मैनचेस्टर में, लॉर्ड्स में और बर्मिंघम में भी खेलते क्योंकि बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के बिना टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन टीमों को आउट करना मुश्किल होता.' गांगुली ने मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट का उदाहरण दिया जहां भारत के निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को निराश किया और पांचवें दिन की पिच पर 143 ओवर खेलकर मैच ड्रॉ करा दिया. उन्होंने कहा,



'आपने देखा कि इंग्लैंड के साथ क्या हुआ जब भारत ने एक ऐसी पिच पर बल्लेबाजी की जो थोड़ी टूट चुकी थी और थोड़ा टर्न भी मिल रहा था लेकिन एक भी अच्छा स्पिनर नहीं था इसलिए इंग्लैंड 20 विकेट नहीं ले सका. अतीत में महान टीमों के पास बेहतरीन स्पिनर होते थे, चाहे वह शेन वॉर्न हों, मुरलीधरन हों, इंग्लैंड के ग्रीम स्वान हों, मोंटी पनेसर हों, भारत के अनिल कुंबले हों, हरभजन सिंह हों या रविचंद्रन अश्विन हों. इसलिए मुझे लगता है कि कुलदीप ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें भारत भविष्य में खिलाने पर विचार करता रहेगा.'

गांगुली का हालांकि मानना है कि भारत का पांचवें टेस्ट के लिए कुलदीप को बाहर रखना ठीक है क्योंकि विकेट से तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिल सकती है. उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि भारत अंतिम मैच जीतकर इस रोमांचक सीरीज को बराबर कर देगा. उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड चार तेज गेंदबाजों के साथ खेल रहा है और कोई स्पिनर नहीं उतारा है. हो सकता है कि उन्होंने सामान्य की तुलना में पिच पर थोड़ी अधिक घास छोड़ दी हो और इसीलिए भारत ने तीसरा स्पिनर नहीं उतारा क्योंकि उनके पास रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर हैं.' गांगुली ने प्रशंसकों से अंशुल कंबोज के बारे में सिर्फ एक मैच के बाद कोई राय नहीं बनाने की भी अपील की और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की अनुपस्थिति पर हैरानी जताई. कंबोज का मैनचेस्टर में पदार्पण बेहद निराशाजनक रहा था जब उन्हें चोटिल आकाश दीप की जगह टीम में शामिल किया गया. उन्होंने 89 रन देकर सिर्फ एक विकेट चटकाया. गांगुली ने ओवल में भारतीय कोच गौतम गंभीर और सरे के क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच पिच को लेकर हुए विवाद को भी अधिक तूल नहीं दिया. उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि गंभीर क्यों नाराज थे. मुझे यकीन है कि सभी कोच और कप्तान मैदानकर्मी से बात करते हैं, कभी खुशी से, कभी नाखुशी से. मेरे समय में भी ऐसा हुआ है, भविष्य में भी ऐसा होगा. इसलिए इसे अधिक तूल नहीं दें. मैं कामना करता हूं कि भारत अच्छा खेले, टेस्ट जीते और सीरीज बराबर करे.'

गंभीर और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ओवल की पिच का निरीक्षण कर रहे थे तभी फोर्टिस ने कथित तौर पर एक संदेशवाहक के जरिए उन्हें पिच से ढाई मीटर दूर रहने को कहा जो भारतीय मुख्य कोच को रास नहीं आया. लॉर्ड्स टेस्ट में भारत जीत के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन चौथी पारी में 193 रन का मामूली लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया और टीम 22 रन की शिकस्त के साथ श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई. इसके बाद लोकेश राहुल (90) के साहसिक प्रयास और कप्तान शुभमन गिल (103), वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 101) और जडेजा (नाबाद 107) के क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर शतक की बदौलत भारत 143 ओवर तक टिक रहा और मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराकर श्रृंखला में अपनी उम्मीदें बरकरार रखी. गांगुली ने कहा, 'भारत को लॉर्ड्स टेस्ट जीतना चाहिए था. भारत मैनचेस्टर में काफी अच्छा खेला और यह देखकर और भी दुख होता है कि उन्होंने पांचवें दिन लगभग 400 रन बनाए और लॉर्ड्स टेस्ट जीतने के लिए 190 रन का पीछा नहीं कर पाए. अगर वे अच्छी गेंदबाजी करते हैं तो मुझे यकीन है कि वे ओवल में जीतेंगे.'

गांगुली ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम की जमकर तारीफ की जिसने अब तक चार टेस्ट में 11 शतक लगाए हैं. गिल ने चार, ऋषभ पंत और राहुल ने दो-दो और जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी जायसवाल ने एक-एक शतक लगाया है. रोहित शर्मा के संन्यास के बाद टेस्ट कप्तानी संभालने वाले गिल के नेतृत्व की भी गांगुली ने सराहना की. टीम विराट कोहली और अश्विन के भी संन्यास लेने के बाद बदलाव के दौर से गुजर रही है.

---

## खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, एआईएफएफ ने किया एलान

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



एआईएफएफ ने खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है. शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका एलान किया. खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था. 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है. पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है. अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे. स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे. महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था. जमील स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था.

राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक यह पद संभाला था. अपनी नई भूमिका में जमील की पहली चुनौती मध्य एशियाई फुटबॉल संघ (सीएएफए) नेशंस कप है. यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा.

## ब्रीफ न्यूज

### पोरई गांव में करंट से किशोरी की हुई मौत

**नालंदा।** सिलाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोरई गांव में शुक्रवार सुबह धान की रोपाई कर रहे किशोरी की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई. मृतक सिलाव थाना क्षेत्र पोरई गांव निवासी रामेश्वर यादव के 13वषीय रिंकी कुमारी है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त किशोरी अपने परिजन के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थी जहां बिजली सप्लाई के दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गयी और उसका सारा शरीर झुलस गया. घटना को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी. सूचना के बाद बिजली सप्लाई बंद कर जख्मी को माडल अस्पताल बिहारशरीफ में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सिलाव के थानाध्यक्ष ने बताया कि बिजली के करंट लगने से एक किशोरी की मौत हुई है. पोरई पंचायत के मुखिया ने अंत्येष्टि योजना के तहत 3000 रूपये की राशि मृतक के परिजन को दिया है. मृतक के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सिमांत लाभ दिये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है.

### गांजा तस्करी में दो को पंद्रह वर्षों का कारावास

**पूर्वी चंपारण।** स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम कोर्ट - 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्तों को पंद्रह- पंद्रह वर्षों का सश्रम कारावास व प्रत्येक को दो दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए है. अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. सजा पलनवा थाना के पलनवा गांव निवासी जंगलाल यादव व सोनेलाल यादव को हुई. मामले में एसएसबी के सहायक सेना नायक प्रणव तेमारी ने दोनों को नामजद किया था. जिसमें कहा था कि 30 जून 2012 को गुप्त सूचना मिली कि पलनवा थाना के गंगापुर गांव में नेपाल से लाकर अवैध रूप से गांजा तस्करी के लिए छुपा कर रखा हुआ है. पुलिस व जवानों के सहयोग नामजद लोगों के घर पर धावा बोला गया, जहां घर के तलाशी के दौरान छुपाकर रखा गया 84 किलो गांजा बरामद हुआ.

# शिवहर विधायक चेतन आनंद के दुर्व्यवहार से नाराज पटना एम्स के डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता। पटना**




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के रेजिडेंट डॉक्टरों ने शुक्रवार को शिवहर विधायक चेतन आनंद के 'दुर्व्यवहार' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. इस विरोध प्रदर्शन के कारण पटना एम्स में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हो गईं. घटना का विरोध करते हुए एम्स के जूनियर डॉक्टरों ने इसे डॉक्टरों की सुरक्षा पर हमला बताया है. उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे. रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने भी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है.

आरडीए ने चिकित्सा अधीक्षक को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि शिवहर विधायक चेतन आनंद, उनकी पत्नी डॉ. आयुषी सिंह और उनके सशस्त्र गार्ड जबरन अस्पताल परिसर में घुस आए, सुरक्षा कर्मचारियों के साथ मारपीट की. रेजिडेंट डॉक्टरों को जान से मारने की धमकी दी और अस्पताल परिसर में बंदूक लहराई. इतना ही नहीं, एक अस्पताल गार्ड को बेरहमी से घायल कर दिया गया और रेजिडेंट डॉक्टरों को उनके अपने कार्यस्थल के अंदर ही धमकियों और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा. डॉक्टरों ने आज सुबह 9:00 बजे से वैकल्पिक सेवाएं और आपातकालीन सेवाएं भी सशर्त बंद करने की घोषणा की. डॉक्टरों का कहना है कि जब तक विधायक चेतन आनंद अपने आचरण के लिए माफ़ी नहीं मांगते, तब तक सेवाएं बहाल नहीं की जाएंगी.

## जदयू नेता कुनाल अग्रवाल ने कांग्रेस का दामन थामा

**संवाददाता। पटना**

राजधानी पटना स्थित सदाकत आश्रम में शुक्रवार को जेडीयू के युवा नेता कुनाल अग्रवाल ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में कुनाल ने पार्टी की सदस्यता ली. इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान, मदन मोहन झा और अनुराग चंदन समेत कई नेता मौजूद रहे. कांग्रेस में शामिल होते ही कुनाल ने बिहार सरकार और खासकर गया नगर विधायक सह मंत्री डॉ. प्रेम कुमार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि गया में 40 वर्षों के लंबे राजनीतिक कार्यकाल के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है. "न सड़कें हैं, न नालियां, और न ही कोई ठोस विकास योजना. विकास के नाम पर शून्यता है," उन्होंने कहा. कुनाल ने कांग्रेस को बदलाव का वास्तविक विकल्प बताते हुए वादा किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर गया में हर मोहल्ले में सीसीटीवी कैमरे, पक्की गलियां, स्वच्छ नालियां और सार्वजनिक पार्क विकसित किए जाएंगे. उन्होंने बिहार की जर्जर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी चिंता जताई. कुनाल ने कहा कि सरकारी संस्थान बदहाल स्थिति में हैं.

## न्यूज अपडेट

### पटना में दो मासूमों की निर्मम हत्या विपक्ष का नीतीश सरकार पर तीखा हमला

**पटना।** राजधानी पटना में अपराधियों ने दो नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर उनके शव को जला दिया. घटना के बाद विपक्ष के नेता सत्ता पक्ष पर हमलावर हैं. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मामले को लेकर नीतीश सरकार पर बड़ा हमला बोला है. विपक्ष के नेताओं ने नीतीश सरकार को निक्कमी सरकार करार दिया है. तेजस्वी यादव की बहन और सारण से लोकसभ प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने भी नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला है. तेजस्वी यादव ने ट्विट कर लिखा कि, "पटना में सत्ता संरक्षित अपराधियों ने घर में घुसकर नर्स के दो नाबालिग बेटों को जिंदा जलाया. अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब घर, कार्यालय, अस्पताल कहीं कोई सुरक्षित नहीं. सीएम अचेत, बदमाश सचेत". वहीं रोहिणी आचार्य ने ट्विट कर लिखा कि, "निक्कमी सरकार के हाथ बंधे, आंखों पर पट्टी और मुंह पर जड़ा है ताला, हर तरफ हाहाकार मचा है क्यूंकि बिहार में है सिर्फ अपराधियों का बोलबाला. वाआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने ट्विट कर कहा कि,"पटना में सत्ता के संरक्षण में पल रहे अपराधियों ने सारी हदें पार कर दीं, एक नर्स के घर में घुसकर उसके दो मासूम बेटों को जिंदा जला दिया. बिहार में हालात इतने डरावने हो चुके हैं कि अब घर हो, दफ्तर या अस्पताल कहीं भी आम आदमी सुरक्षित नहीं. नीतीश-मोदी मौन हैं! आखिर कब तक अपराधियों को सत्ता की छाया में खुली छूट मिलती रहेगी? क्या मासूमों की चीखें भी सरकार को सुनाई नहीं दे रही? जब सत्ता सोती है, तब अपराध बेखौफ होता है और इंसाफ जलता है. दरअसल, पूरा मामला पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव का है. जहां गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. जानकारी अनुसार घर में अकेले मौजूद 14 वर्षीय अंजलि और 12 वर्षीय अंशु की बेरहमी से हत्या कर दी गई और फिर दोनों के शवों को बेड पर रखकर जला दिया गया. दोनों बच्चे कुछ देर पहले ही स्कूल से लौटे थे. मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है.

### विधायक भाई वीरेंद्र को जनता ने प्रतीकात्मक रूप से 'जूता' भेंट किया

**पटना।** राजद विधायक भाई वीरेंद्र एक बार फिर विवादों में हैं. हाल ही में वायरल हुए एक ऑडियो क्लिप में उन्होंने एक पंचायत सचिव को जूते से मारने की धमकी दी थी. इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है और आम लोग भी प्रतिक्रिया देने लगे हैं. सीतामढ़ी से आए कुछ लोगों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए विधायक को प्रतीकात्मक रूप से 'जूता' भेंट किया. इन लोगों ने विधायक को 10 नंबर का जूता सौंपते हुए कहा कि अब यही हथियार सरकारी अफसरों को सुधारने में मदद करेगा. वहीं, भाई वीरेंद्र ने इस कदम को जनता का समर्थन बताया. उन्होंने कहा, "यह जूता पब्लिक का मैसेज है कि मैं इससे अराजक अफसरों और कर्मियों का स्वागत करूं." उन्होंने दावा किया कि जनता ने उनके कदम की सराहना की है और आगे भी उन्हें ऐसे ही काम करते रहने को कहा है. भाई वीरेंद्र ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार सरकार जानबूझकर उन्हें टारगेट कर रही है, लेकिन वह मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं. उन्होंने साफ किया कि वे जनता के काम के लिए डीएम से लेकर चपरासी तक को फोन करते रहेंगे. पंचायत सचिव को धमकी देने के मामले पर सफाई देते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने कोई जातिसूचक शब्द नहीं कहा और न ही किसी को अपमानित करने की मंशा थी. उन्होंने अफसरशाही पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे बिहार में प्रशासनिक तंत्र आम जनता की उपेक्षा कर रहा है.

## रसोइया, रात्रि प्रहरियों और स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि हुई

# शिक्षा से जुड़े सहायक कर्मियों का मानदेय बढ़ा

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है. शुक्रवार सुबह सीएम नीतीश ने एक ट्वीट कर यह जानकारी साझा की कि राज्य सरकार ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न सहायक कर्मियों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करने का निर्णय लिया है. चुनाव से पहले लगातार घोषणाएं कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बार शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने कहा कि इन कर्मियों की भूमिका शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में बेहद अहम रही है, और इसी योगदान को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उनके मानदेय में यह सम्मानजनक वृद्धि की है.

सीएम नीतीश ने जानकारी दी कि मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1650 रुपए से बढ़ाकर 3300 रुपए प्रति माह किया गया है. इसी तरह माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में तैनात रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5000 रुपए से दोगुना बढ़ाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है.

वहीं, शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय अब 8,000 रुपए से बढ़ाकर 16,000 रुपए कर दिया गया है. इतना ही नहीं, इन कर्मियों की वार्षिक वेतन वृद्धि को भी संशोधित करते हुए 200 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए करने का निर्णय लिया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे इन कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक उत्साह व निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे.सीएम नीतीश कुमार ने यह भी याद दिलाया कि जब नवंबर 2005 में उनकी सरकार बनी थी, तब राज्य का शिक्षा बजट मात्र 4366 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 77,690 करोड़ रुपए हो गया है. बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण और आधारभूत संरचनाओं के विकास ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को व्यापक रूप से सशक्त किया है.

राज्य सरकार के इस निर्णय को शिक्षा जगत में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यरत सहायक कर्मियों को न सिर्फ आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति में भी सुधार आएगा.

# अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन गुलाम रसूल बलियावी का विपक्ष पर हमला

**संवाददाता। पटना**



अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन गुलाम रसूल बलियावी ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए एसआईआर (स्पेशल इंस्टीट्यूशनल रीजन) को लेकर फैलाए जा रहे डर को सिरे से खारिज कर दिया है. सीमांचल के दौरेसेलौटे बलियावी ने कहा कि अगर वाकई जनता में कोई नाराज़गी होती, तो उनका स्वागत काले झंडों और नारों से होता, लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके उलट है—हर जिले में उनका फूलों से स्वागत हो रहा है, कोई विरोध नजर नहीं आ रहा. बलियावी ने कटिहार और किशनगंज में 60 करोड़ की लागत से बन रहे अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों का हवाला देते हुए विपक्ष की तुलना एक ऐसी जमात से की, जिसे हर निर्माण 'डिटेंशन सेंटर' जैसा लगता है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "कल को शायद ये पानी की टंकी को भी एनआईए का दफ्तर बता दें." बलियावी ने विपक्ष को "माइक्रोफोन वाली राजनीति" करने वाला बताया और कहा कि जिनके पास मुद्दे नहीं हैं, वे सिर्फ अफवाहें फैलाकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि अब अल्पसंख्यक समाज समझ चुका है कि असली विकास नीतीश-मोदी की जोड़ी से ही संभव है. एसआईआर को लेकर फैलाए जा रहे भय को "सस्ती सियासत" करार देते हुए बलियावी ने कहा, "अब जनता झांसे में नहीं आने वाली. विकास की बात कीजिए, अफवाहों की फैक्ट्री मत चलाइए. ये 2025 है, 2005 नहीं." अब देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष इस बयान के जवाब में कौन सी नई सियासी पटकथा लिखता है या फिर चुप्पी साधकर किसी नई अफवाह की तलाश में जुटता है.

## कारोबार

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी घटी

**नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में अगस्त के पहले दिन आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है. सोना आज 420 रुपये से 470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है. इसी तरह चांदी के भाव में भी शुक्रवार 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है. कीमत में कमी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये से लेकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 91,690 रुपये से लेकर 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. सोने की तरह चांदी के भाव में भी कमी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है.दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

# वाणिज्यिक खनन के लिए 12वें दौर में सात कोयला ब्लॉकों की हुई नीलामी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला ब्लॉक नीलामी के 12वें दौर में 28 जुलाई से 31 जुलाई तक कुल सात कोयला ब्लॉकों की नीलामी की है, जिनमें तीन पूरी तरह से अन्वेषित और चार आंशिक रूप से अन्वेषित कोयला ब्लॉक शामिल हैं। इन कोयला ब्लॉकों में करीब 1,761.49 मिलियन टन का संयुक्त भूवैज्ञानिक भंडार है।

कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला ब्लॉक नीलामी का 12वां दौर शुरू 27 मार्च को किया गया। इसके बाद 28 जुलाई से 31 जुलाई तक तीन पूर्णतः अन्वेषित और चार आंशिक रूप से अन्वेषित कोयला ब्लॉकों की नीलामी की गई है। इन सात कोयला ब्लॉकों में लगभग 1,761.49 मिलियन टन का संयुक्त भूवैज्ञानिक भंडार है। पूर्णतः अन्वेषित कोल ब्लॉकों की संचयी अधिकतम निर्धारित क्षमता (पीआरसी) 5.25 एमटीपीए है। इन कोयला ब्लॉकों की नीलामियों में औसतन 26.70 फीसदी राजस्व हिस्सेदारी हासिल हुई। मंत्रालय ने कहा कि इन ब्लॉकों से लगभग 719.90 करोड़ रुपये (आंशिक रूप से खोजे गए ब्लॉकों को छोड़कर) का वार्षिक राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है। इसके अलावा लगभग 787.50 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश आकर्षित होने और 7,098 रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

देश में 2020 में वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत के बाद से अबतक कुल 131 कोयला ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है, जिनकी उत्पादन क्षमता 277.31 मिलियन टन प्रति वर्ष है। चालू होने पर ये कोयला ब्लॉक घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने और देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इन ब्लॉकों से सामूहिक रूप से 39,359 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व, 41,597 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश और कोयला-उत्पादक क्षेत्रों में 3,74,916 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

# मजबूत लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में लुढ़के पटेल केम के शेयर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



फार्मास्युटिकल एक्सीपीएंट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली कंपनी पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण निवेशकों की खुशी फीकी पड़ गई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 84 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 31 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 110 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 12 बजे के करीब पटेल केम स्पेशियलिटीज के शेयर फिसल कर 104.55 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इस गिरावट के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक के कारोबार में 24.46 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है।पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड का 59 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 29 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 167 गुना सब्सक्राइब हुआ था। ये पूरा आईपीओ फ्रेश शेयरों का था। इसके तहत कुल 70 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। पटेल केम स्पेशियलिटीज लिमिटेड की ये लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों के मुताबिक ही रही। ग्रे मार्केट के आंकड़ों के अनुसार लिस्टिंग से पहले कंपनी के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में करीब 111 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे, जो कि इसके आईपीओ प्राइस से करीब 32 प्रतिशत अधिक था। आईपीओ लॉन्च होने से एक दिन पहले कंपनी ने 8 एंकर निवेशकों से 16.69 करोड़ रुपये जुटाए थे.

## जुलाई में जीएसटी संग्रह 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये हुए

**एजेंसी . नयी दिल्ली**

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से होने वाला राजस्व लगातार मजबूती दिखा रहा है. जुलाई 2025 में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल जुलाई में दर्ज 1.82 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.5 फीसदी अधिक है. इस साल जून की तुलना में भी इसमें 11 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी देखी गई है. जून 2025 में कुल जीएसटी संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था. जीएसटी महानिदेशालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई मेंः केंद्रीय जीएसटी से 33,450 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 41,600 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 99,250 करोड़ रुपये और उपकर से 21,700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. एकीकृत जीएसटी में 10.3 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जो आयात और सीमा-पार व्यापार में मजबूती का संकेत देती है. जुलाई में रिफंड वितरण भी तेजी से बढ़ा है. कुल रिफंड 66.8 फीसदी की वृद्धि के साथ 27,147 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 16,275 करोड़ रुपये था. घरेलू रिफंड में 117.6 फीसदी, जबकि निर्यात-संबंधी रिफंड में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई. इन आंकड़ों से साफ है कि देश में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और कर अनुपालन में भी सुधार हो रहा है. यह लगातार सातवां महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है. हालांकि, यह संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में प्राप्त औसत 2.1 लाख करोड़ रुपये से कम है. अप्रैल 2025 में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वाधिक है. उल्लेखनीय है कि जीएसटी लागू होने के 8 वर्ष पूरे हो गए हैं. देश में 1 जुलाई 2017 को जीएसटी प्रणाली को लागू किया गया था.

# मारुति सुजुकी की जुलाई में बिक्री तीन फीसदी बढ़ी, कुल 1,80, 526 कारें बिकीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**




देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जुलाई में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन फीसदी बढ़कर 1,80,526 इकाई रही है. कंपनी ने पिछले साल इसी अवधि में कुल 1,75,041 वाहन बेचे थे.

मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि जुलाई में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर मामूली वृद्धि के साथ 1,37,463 इकाई रही है. कंपनी ने कहा कि पिछले जुलाई में उसका निर्यात 31,745 इकाई रहा, जबकि जुलाई 2024 में यह 23,985 इकाई थी.एमएसआई ने कहा कि ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों के खंड में बिक्री जुलाई में घटकर 6,822 इकाई रह गई, जबकि जुलाई 2024 में यह 9,960 इकाई रही थी. वहीं, बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री सालाना आधार पर 58,682 इकाइयों से बढ़कर 65,667 इकाई हो गई.कंपनी ने बताया कि ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, अर्टिगा और एक्सएल6 जैसी यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जुलाई महीने 52,773 इकाई रही, जबकि जुलाई 2024 में यह 56,302 इकाई रही थी. वैन ईको की बिक्री पिछले जूलाई में 12,341 इकाई रही, जबकि जुलाई 2024 में यह 11,916 इकाई थी. हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 2,794 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 2,891 इकाई थी.

## ईडी ने अनिल अंबानी को भेजा समन 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को.17 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन जारी किया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनको.5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने अनिल अंबानी को भेजे गए समन में नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है, क्योंकि मामला यहीं दर्ज किया गया है. आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये जाएंगे. अनिल अंबानी को यह समन पिछले हफ्ते केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से उनके व्यावसायिक समूह की कई कंपनियों और अधिकारियों के खिलाफ छापेमारी के बाद जारी किया गया है. 24 जुलाई को शुरू हुई ईडी की यह छापेमारी तीन दिनों तक मुंबई में.35 से अधिक ठिकानों पर चली थी, जिनमें 50 कंपनियां और.25 लोग शामिल थे, इनमें अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के कई अधिकारी भी शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### पुणे जिले में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव, आगजनी, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तहसील के यवत गांव में शुक्रवार को सुबह एक आपत्तिजनक पोस्ट की वजह से तनाव फैल गया. गुस्साए लोगों ने कई जगह आगजनी की. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे पड़े. इस मामले में यवत पुलिस स्टेशन की टीम ने आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप गिल ने घटना की जानकारी मिलते ही यवत का दौरा किया. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है. उन्होंने बताया कि यवत के साप्ताहिक बाजार में आज लोग जमा थे. उसी समय एक युवक ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी.

### ब्रिटेन और अमेरिका ने 5852 भारतीयों को किया निर्वासित

**नई दिल्ली।** बीते पांच साल में अमेरिका एवं ब्रिटेन से 5852 भारतीयों को अवैध प्रवासन के मामले निर्वासित किया गया है जिसमें वर्ष 2025 में दोनों देशों से निर्वासित 1834 लोग शामिल हैं. विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी. द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सदस्य कनिमोझी और तृणमूल कांग्रेस की सदस्य माल राय के सवाल के जवाब में विदेश राज्यमंत्री ने बताया कि बीते 5 साल (2020-2024) के दौरान ब्रिटेन ने 311 और अमेरिका ने 5541 भारतीयों को निर्वासित किया है. इसके अलावा वर्ष 2025 में ब्रिटेन ने अब तक 131 और अमेरिका ने 1703 भारतीयों को निर्वासित किया है. उन्होंने बताया कि अमेरिका से इस वर्ष निर्वासित किए गए लोगों में 1562 पुरुष और 141 महिलाएं हैं.

### श्रीनगर के बीएसएफ बटालियन मुख्यालय से एक जवान लापता

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित 60वीं बटालियन मुख्यालय से गुरुवार देर शाम सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान लापता हो गया है. उसका पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया है. अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की 60वीं बटालियन का यह जवान पंथाचौक में तैनात था. आस-पास के इलाकों में व्यापक प्रयासों के बावजूद उसका पता नहीं चल पाया है. इसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है. अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि जवान के लापता होने के पीछे क्या कारण है. उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात स्थित सिखेड़ा गांव का मूल निवासी सुगम चौधरी स्वर्गीय देवेंद्र कुमार का पुत्र है.

### यूपी के मैनपुरी में सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को एक मार्ग दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है. एक बच्ची घायल है. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि मैनपुरी के हरीपुर कैथोली गांव निवासी दीपक चौहान अपने परिवार के साथ आगरा में रहने वाली भतीजी काव्या चौहान का जन्मदिन मनाकर लौट रहा था.

### हरियाणा के नारनौल में अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी डिपोर्ट हुए

**नारनौल।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्थित नारनौल नामक नगर में अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़कर बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया. महेंद्रगढ़ जिले की पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने शुक्रवार को बताया कि ये बांग्लादेशी नागरिक पिछले कुछ महीनों से अवैध तरीके से जिले में रह रहे थे. उन्होंने बताया कि अप्रैल में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आकोदा क्षेत्र की पूजा ब्रिक्स कंपनी भट्टा से इन 14 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया था. पूछताछ में वे भारत में रहने के लिए वैध दस्तावेज जैसे पासपोर्ट, वीजा या पहचान पत्र पेश नहीं कर सके. इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से सभी को बांग्लादेश वापस भेज दिया गया.

### वेटिकन सिटी दुनिया का पहला कार्बन तटस्थ देश बनने की ओर

**नयी दिल्ली।** वेटिकन सिटी, रोम के उत्तर में मौजूद 430 हेक्टेयर (एक हजार एकड़) भूमि पर सौर ऊर्जा फार्म विकसित करने की योजना बना रहा है. इस फार्म से वेटिकन सिटी को उम्मीद है कि वे अपनी जरूरत के लिए पर्याप्त बिजली का उत्पादन कर पाएंगे और वेटिकन सिटी दुनिया का पहला कार्बन-तटस्थ देश बन जाएगा. जिस जगह सौलर फार्म विकसित किया जाना है, वह जगह इटली और वेटिकन सिटी के बीच विवाद का कारण रही थी. हालांकि अब दोनों देशों में इसे लेकर समझौता हो गया है. समझौते के तहत वेटिकन सिटी सौर ऊर्जा फार्म के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जमीन में कृषि उपयोग संरक्षित रखेगा. वेटिकन को सौर पैनल आयात करने के लिए इतालवी करों का भुगतान करने से छूट मिलेगी.




## कई विपक्षी दलों के नेता भी अब राहुल गांधी के रवैये से परेशान हैं : रिजिजू

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला.उन्होंने कहा कि वह देश विरोधी बयानबाज़ी कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के भीतर भी राहुल गांधी के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है. रिजिजू ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं. यह एक गहरी साजिश है, जो लोकतंत्र को कमजोर करने की ओर इशारा करती है. इस तरह का रवैया देश के लिए बेहद खतरनाक है. उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई विपक्षी दलों के नेता भी अब राहुल गांधी के रवैये से परेशान हैं. लोग कह रहे हैं कि राहुल गांधी एक गंदा खेल खेल रहे हैं और देश की छवि को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं. रिजिजू ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताया. साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष एक सोची-समझी साजिश के तहत देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है.

### बिहार विधानसभा चुनाव-2025

# मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद नई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

**संवाददाता । पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद नई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है. शुक्रवार को यह प्रारूप सूची बिहार के सभी जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा जारी कर दी गई. बिहार निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को यह सूची सौंप दी है. इसके साथ ही, जिलों में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें भी प्रारूप सूची सौंपी जा रही है. राज्य स्तर पर भी राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी. इस सूची को भी चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता अपना नाम ऑनलाइन चेक कर सकते हैं. इसके लिए सबसे पहले भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं. अपना जिला और विधानसभा क्षेत्र चुनें. रोल टाइप में एसआईआर ड्राफ्ट 2025 का चयन करें. मांगी गई कैप्चा जानकारी भरें. नीचे दिए गए सूची में अपने बूथ की भाग संख्या चुनें.

इसके बाद पीडीएफ डाउनलोड विकल्प पर क्लिक करें. इसके बाद आपके भाग संख्या की मतदाता सूची पीडीएफ के रूप में डाउनलोड हो जाएगी, जिसमें आप अपना और अपने परिवार के अन्य सदस्यों का नाम देख सकते हैं. आपके क्षेत्र के बीएलओ के पास भी मतदाता सूची का यह ड्राफ्ट मौजूद है. आप उनसे संपर्क कर अपना नाम और विवरण देख सकते हैं. यदि मतदाता सूची में कोई गलती है या आपका/आपके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं जोड़ा गया है, तो आप 02 अगस्त से 01 सितम्बर तक विशेष कैंपों में जाकर दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. इन विशेष कैंपों का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालयों और नगर निकाय कार्यालयों में किया जाएगा. आवेदन करते समय संबंधित दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा.

### भारत पर 25% टैरिफ का मामला

## अब 7 अगस्त से प्रभावी होगा

- भारत पर 25 प्रतिशत, वहीं कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है.

**एजेंसी । वॉशिंगटन**



अमेरिका की तरफ से आयात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ का आदेश अब 07 अगस्त से प्रभावी होगा.व्हाइट हाउस ने 1 अगस्त की डेडलाइन खत्म होने से कुछ घंटे पहले इसकी घोषणा की. इससे पहले 25 फीसदी टैरिफ का आदेश 1 अगस्त से लागू होना था. भारत सहित दुनिया के कई देशों पर अमेरिका ने नए टैरिफ लगाए हैं जो 7 अगस्त से लागू होंगे. इसके तहत भारत पर 25 प्रतिशत, कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है. रूस से हथियार और तेल की खरीद को लेकर भारत के खिलाफ़ अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की भी बात कही गई है. अमेरिका की टैरिफ सूची में सबसे अधिक सीरिया पर 41 फीसदी, लाओस एवं म्यांमार पर 39 फीसदी, स्विट्ज़रलैंड पर 35 फीसदी, बांग्लादेश पर 20 और पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया गया है. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2 अप्रैल को दुनिया भर के 92 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी जो 7 दिनों बाद 90 दिनों के लिए टाल दिया. भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर आज से लगने वाला 25 प्रतिशत टैरिफ अब 7 अगस्त से लगेगा. उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ को लेकर भारत सरकार की तरफ से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में वक्तव्य देते हुए कहा था कि इसपर देशहित में ही कोई भी फैसला लिया जाएगा. इसे लेकर स्वयं अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी टैरिफ को लेकर भारत से बातचीत जारी रहने की बात कही थी.

## ईरान की बढ़ती खुफिया गतिविधियों पर अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने दी कड़ी चेतावनी

**एजेंसी । वॉशिंगटन**



अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर ईरान पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बढ़ते खतरों के लिए गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने ईरान से स्पष्ट रूप से कहा है कि वह विरोधियों, पत्रकारों, यहूदी नागरिकों और पूर्व/वर्तमान अधिकारियों को निशाना बनाने की अपनी खुफिया गतिविधियां तुरंत बंद करे. गुरुवार को जारी इस संयुक्त बयान में कहा गया कि "हम ईरानी खुफिया एजेंसियों द्वारा यूरोप और उत्तरी अमेरिका में लोगों की हत्या, अपहरण और उत्पीड़न के प्रयासों का एकजुट होकर विरोध करते हैं. यह हमारी संप्रभुता का सीधा उल्लंघन है." बयान में यह भी उल्लेख किया गया कि ईरानी खुफिया एजेंसियां अब अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि वे पत्रकारों, यहूदी नागरिकों और असहमति जताने वालों को निशाना बना सकें-जिसे पूर्णतः अस्वीकार्य बताया गया. बयान में चेतावनी दी गई है कि "ऐसे किसी भी हमले को हमारी संप्रभुता का उल्लंघन माना जाएगा, और हम सब मिलकर इन षड्यंत्रों को नाकाम करने के लिए काम करेंगे."

**किन देशों ने किया हस्ताक्षर :** इस संयुक्त बयान पर अमेरिका और नाटो के 13 सदस्य देशों अल्बानिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, चेक गणराज्य, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, स्पेन, स्वीडन और अमेरिका ने हस्ताक्षर किए हैं. ऑस्ट्रिया, जो नाटो का सदस्य नहीं है लेकिन आईएईए (यूएन परमाणु एजेंसी) का मुख्यालय है, वह भी हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल है.


## हमास ने कहा-युद्ध समाप्त करना 'मानवीय और नैतिक कर्तव्य'

**न्यूयॉर्क/गाजा ।** संयुक्त राष्ट्र में इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर हुए हालिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद फिलिस्तीनी संगठन हमास ने एक बयान जारी कर कहा है कि गाजा में युद्ध का अंत करना एक मानवीय और नैतिक कर्तव्य है. हमास ने बयान में कहा कि हम अपने फिलिस्तीनी लोगों और उनके वैध अधिकारों के समर्थन में किए गए किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रयास की सराहना करते हैं और उसका स्वागत करते हैं. हालांकि हमास ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक इजराइल गाजा पर अपना हमला बंद नहीं करता, तब तक किसी भी राजनीतिक समाधान की कोई संभावना नहीं है. उसने इजराइल पर नरसंहार और व्यवस्थित भुखमरी नीति अपनाने का आरोप लगाया. हमास ने संकेत दिया कि वह युद्ध को समाप्त करने और इजराइली बंदियों को रिहा करने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए एक स्थायी संघर्षविराम समझौते की जरूरत है. हमास ने अपने बयान में दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करते हुए कहा कि हमें एक ऐसे राजनीतिक रास्ते की ओर बढ़ना होगा जो कब्जे के अंत की ओर ले जाए और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करे, जिसमें यरुशलम को राजधानी बनाकर एक पूर्ण संप्रभु स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना हो.

# तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में युद्ध के दौरान लापरवाही या चूक की गुंजाइश नहीं : राजनाथ

- राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए नागरिक और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने का आह्वान

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज के अनिश्चित समय में सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए नागरिक और सैन्य कर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने का आह्वान किया है. उन्होंने ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता के पीछे रक्षा मंत्रालय के विभिन्न विभागों से सशस्त्र बलों को दिए गए समर्थन को मुख्य वजह बताया. उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध सिर्फ सेना नहीं लड़ती, बल्कि पूरा देश लड़ता है और आज के तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में हम जरा सी भी लापरवाही या चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ सकते. रक्षा मंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में 84वें सशस्त्र बल मुख्यालय नागरिक सेवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे. मजबूत सैन्य शक्ति के लिए एक मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था के अनिवार्य होने पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने युद्ध और शांति काल में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाने के लिए वायु सेना को सराहा. रक्षा मंत्री ने वायु सेना मुख्यालय के अधिकारियों से सर्वोत्तम प्रणालियों का आकलन करने और उन्हें अपनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां, नई चुनौतियां और बदलते वैश्विक परिदृश्य इस बात का संकेत हैं कि प्रशिक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विकास का एक सतत चक्र होना चाहिए.

## बांग्लादेशी मॉडल शांता पाल कोलकाता में गिरफ्तार, फर्जी भारतीय दस्तावेज का जखीरा बरामद हुआ

**कोलकाता ।** भारतीय दस्तावेजों की फर्जीवाड़ा कड़ी एक बार फिर सामने आई है. इस बार मामला जुड़ा है बांग्लादेश की मॉडल शांता पाल से, जिसे कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने सोमवार को गिरफ्तार किया था. शांता पर आरोप है कि वह बांग्लादेशी नागरिक होते हुए भारत में अवैध रूप से रह रही थीं और फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी हासिल कर चुकी थीं. पुलिस ने विक्रमगढ़ स्थित किराए के घर में छापेमारी के दौरान कई चौंकाने वाले सबूत बरामद किए हैं, जैसे एक से अधिक आधार कार्ड, जिनमें अलग-अलग पते दर्ज हैं एक कोलकाता का और दूसरा बर्धमान का. वही एक बांग्लादेशी पासपोर्ट भी मिला है जो शांता पाल के नाम पर वैध रूप से जारी था, लेकिन 2025 में समाप्त हो चुका है. उल्लेखनीय है कि शांता पाल का एक स्थानीय निवासी से संपर्क हुआ, जिसे उस पर शक हुआ. उसने पार्क स्ट्रीट पुलिस को सूचना दी कि एक बांग्लादेशी महिला भारत में अवैध रूप से रह रही है.

### रूस में ऑनलाइन चरमपंथी सामग्री की तलाश भी अब महंगी पड़ेगी

## विधेयक पर राष्ट्रपति पुतिन ने किए हस्ताक्षर, लगेगा 64 डॉलर जुर्माना

- नया कानून एक सितंबर से लागू हो जाएगा

**एजेंसी । मास्को**



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को उस विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिया, जो ऑनलाइन चरमपंथी सामग्री तक पहुंचने या उसकी तलाश को अपराध घोषित करता है. इसके कानून के तहत दोषी पाए जाने पर 5,000 रूबल (करीब 64 डॉलर) तक जुर्माने का प्रावधान है. यह कानून 1 सितंबर से लागू होगा. रूस की संसद के दोनों सदनों ने ऐसे विधेयक को मंजूरी दी, जिसके तहत इंटरनेट पर चरमपंथी घोषित सामग्री की तलाश अपराध माना जाएगा.दी मॉस्को टाइम्स के मुताबिक इस विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया. यह कानून को रूस में इंटरनेट पर सरकारी नियंत्रण और सख्त करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है. जिसमें कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर 'चरमपंथी' मानी जाने वाली सामग्री को तलाशता या एक्सेस करता है तो उस पर करीब 64 अमेरिकी डॉलर (लगभग 5000 रूबल) तक जुर्माना लगाया जा सकता है. हालांकि, अभी यह साफ नहीं किया गया है कि इसकी निगरानी किस तरह की जा सकेगी. किस तरह सर्च को ट्रैक किया जाएगा या किस आधार पर यह तय होगा कि किसने जानबूझकर ऑनलाइन ऐसी सामग्री खोजी है. रूस में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो वीपीएन का इस्तेमाल कर प्रतिबंधित साइट्स तक पहुंच बनाते हैं. राष्ट्रपति पुतिन गुरुवार को ही वीपीएन सेवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने वाले एक और विधेयक पर हस्ताक्षर किए, जो पिछले तीन वर्षों में रूस में व्यापक हो गए हैं. साल 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस में सरकार विरोधी आवाजों को दबाने के लिए ऑनलाइन सेंसरशिप और मीडिया बैन में इजाफा हुआ है. इन कानूनों को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है. रूस में चरमपंथ की परिभाषा काफी व्यापक होने के कारण इसके व्यापक प्रभाव की संभावना है.

### हिमाचल प्रदेश : लाहौल स्पिति जिला के जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप के नजदीक फ्लैश फ्लड की घटना सामने आई

# भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे समेत 283 सड़कें बंद

**एजेंसी । शिमला**



हिमाचल प्रदेश में मानसून की तेज रफ्तार से लगातार बारिश और भूस्खलन का सिलसिला जारी है. लाहौल स्पिति जिला के जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप के नजदीक फ्लैश फ्लड की घटना सामने आई. इससे केलांग-दारचा-सारचू-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई. इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, हालांकि राहत की बात यह है कि अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है. सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सड़क बहाली के कार्य में जुट गया है. इधर, मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 5 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है. 2 अगस्त को मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा का अलर्ट रहेगा. 3 अगस्त को चंबा, कांगड़ा और सिरमौर में भारी बारिश की चेतावनी है. 4 अगस्त को मॉनसून की गति और बढ़ेगी, जब लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा. 5 अगस्त को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला और सिरमौर जिलों के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है. 6 और 7 अगस्त को भी बारिश के आसार हैं, लेकिन इन दिनों कोई विशेष चेतावनी नहीं दी गई है.

बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश चंबा जिले के चुवाड़ी में 120 मिलीमीटर दर्ज की गई. इसके अलावा कुल्लू के मनाली में 60, बंजार में 50, बिलासपुर के भराड़ी में 50, कुल्लू के कोठी, चंबा के सलूणी और बिलासपुर के नैना देवी में 40-40 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई. राजधानी शिमला में भी सुबह से दोपहर तक बारिश होती रही.

लगातार बारिश और भूस्खलन की वजह से पूरे प्रदेश में 2 राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कुल 283 सड़कें बंद हो गई हैं. मंडी और लाहौल स्पीति में एक-एक नेशनल हाईवे ठप हो गया है. इसके अलावा 314 बिजली ट्रांसफार्मर और 221 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है. चंबा जिले में भारी बारिश के चलते शुक्रवार को जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए. मौसम की मार सबसे ज्यादा मंडी, कुल्लू और चंबा जिलों में पड़ी है. मंडी में पंडोह डैम के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भारी भूस्खलन हुआ, जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो गई है. मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि सड़क से मलबा हटाने का काम तेज़ी से जारी है ताकि यातायात बहाल हो सके. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार मंडी जिले में 174 सड़कें, एक नेशनल हाईवे, 32 ट्रांसफार्मर और 58 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.